* वर्ष 40 * अंक 245 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर मंगलवार दिनांक 24 जून 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# ईरान ने कतर में अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइलें दागी

## मिडिल ईस्ट में यह अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा

**तेहरान/तेल अवीव/दोहा (एजेंसी)।** ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों का बदला लेने के लिए सोमवार रात कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस पर 6 मिसाइलें दागी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कतर की राजधानी दोहा में कई धमाकों की आवाज सुनी गई। हालांकि कतर के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को रोक दिया और कोई भी हताहत नहीं हुआ। कतर ने ईरान को जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कतर ने हमले से कुछ देर पहले ही अपना एयर स्पेस बंद किया था। कतर में अल-उदीद एयरबेस मिडिल ईस्ट में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है। यहां करीब 8,000 से 10,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच एअर इंडिया ने यहां से गुजरने वाली अपनी सभी फ्लाइट्स तुरंत रोक दी हैं। एअर इंडिया कहा कि उसने संघर्ष प्रभावित रूट्स पर उड़ानें रद्द कर दी हैं और कुछ को दूसरे रूट पर भेजा है।



### ट्रम्प बोले- ईरान का पलटवार कमजोर, कोई नुकसान नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने उनके परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले का जवाब कमजोर तरीके से दिया, जैसा कि अमेरिका को उम्मीद थी। उन्होंने बताया कि ईरान ने 14 मिसाइलें दागीं, जिनमें से 13 को रोक लिया गया और एक को छोड़ दिया गया क्योंकि वह उससे कोई खतरा नहीं था। ट्रम्प ने कहा कि इस हमले में कोई अमेरिकी हताहत नहीं हुआ और लगभग कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने ईरान को शुक्रिया कहा क्योंकि उसने पहले से हमले की जानकारी दे दी थी, जिससे कोई जान नहीं गई और कोई घायल नहीं हुआ। ट्रम्प ने उम्मीद जताई कि अब ईरान क्षेत्र में शांति की ओर बढ़ेगा और उन्होंने इजराइल को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही।

### खामेनेई बोले- ईरान किसी की आक्रामकता बर्दाश्त नहीं करेगा

ईरानी सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया और वह किसी भी हालात में किसी का हमला बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा- हम किसी की आक्रामकता के सामने झुकेंगे नहीं।

## एअर इंडिया ने मिडिल ईस्ट की उड़ानें रोकीं

### ईरानी मिसाइल हमले से कतर-अमेरिका और सऊदी नाराज

कतर में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर ईरानी मिसाइल हमले के बाद कई देशों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है..

**कतर :** विदेश मंत्रालय ने हमले की कड़ी निंदा की और इसे कतर की संप्रभुता, एयर स्पेस और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया।

**अमेरिका :** एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने मिसाइल हमले की पुष्टि की और कहा कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

**ईरान :** ईरान ने कहा- यह कार्रवाई कतर और इसके लोगों के लिए कोई खतरा नहीं थी। ईरान, कतर के साथ अपने रिश्तों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**फ्रांस :** फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने तनावपूर्ण की स्थिति को खत्म करने के लिए डिप्लोमेसी की ओर लौटने की अपील की।

**सऊदी अरब :** सऊदी अरब ने ईरान के हमले की निंदा की और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया।

# समय से पहले एग्जाम रुकवाया, तीन टीचर सस्पेंड

## स्कूल लेक्चरर-कोच भर्ती में 3 परीक्षाओं की तारीख बदली; एंट्री नहीं मिली, कैंडिडेट्स रोने लगे

**अजमेर, (पुकार)।** झुंझुनूं में स्कूल लेक्चरर-कोच भर्ती परीक्षा में लापरवाही सामने आई है। कलेक्टर रामावतार मीणा के निर्देश पर स्कूल लेक्चरर समेत तीन टीचर्स को सस्पेंड कर दिया। इधर, राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) ने तीन विषयों की परीक्षाएं स्थगित कर दी। जानकारी के मुताबिक झुंझुनूं के सीतसर के टैगोर स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर तय समय से 30- 35 मिनट पहले ही परीक्षा रुकवा दी गई थी। सिंगनोर निवासी अभ्यर्थी विजेंद्र खेदड़ ने बताया कि सुबह की पारी का पेपर 10 बजे से शुरू होना था, लेकिन 11 बजे ही छात्रों से ओएमआर शीट भरने को कहा गया। उनसे कहा गया कि समय पूरा हो गया है, जबकि परीक्षा खत्म होने में 30 से 35 मिनट बाकी थे। छात्रों ने जब आपत्ति जताई तो ड्यूटी पर तैनात टीचर्स ने कहा- ऊपर से आदेश आया है। मामले की जानकारी कलेक्टर रामावतार मीणा तक पहुंची तो शिक्षिका अनीता जांगिड़, टीचर दिनेश कुमार और स्कूल लेक्चरर मनीषा को सस्पेंड कर दिया।

**यूजीसी-नेट परीक्षा से टकराव के कारण परीक्षाएं स्थगित :** आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि यूजीसी-नेट परीक्षा से टकराव के कारण परीक्षाएं स्थगित की गई है। 23 जून से 4 जुलाई 2025 तक होने वाली परीक्षा की तारीख बदली है। ग्रुप ए के संस्कृत का दूसरा पेपर 25 जून की जगह 5 जुलाई को होगा। इसी तरह ग्रुप बी का सोशियोलॉजी दूसरा पेपर 29 जून के बजाय 5 जुलाई को होगा। पॉलिटिकल साइंस का दूसरा पेपर भी 26 जून की जगह 6 जुलाई को होगा, जिसके लिए नया ग्रुप ई बनाया गया है। पूर्व निर्धारित ग्रुप बी के राजनीति विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों का सामान्य ज्ञान का पेपर अब 26 जून के बजाय 6 जुलाई को होगा। हालांकि, समाजशास्त्र विषय और ग्रुप बी के अन्य सभी विषयों के लिए सामान्य



ज्ञान का पेपर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यथावत रहेगा। यह परीक्षा 26 जून 2025 को सुबह 10 से 11.30 बजे तक होगी।

### 15 जिलों के 909 केंद्रों पर शुरू हुआ एग्जाम

इससे पहले प्रदेश के 15 जिलों के 909 केंद्रों पर सोमवार से स्कूल लेक्चरर एवं कोच भर्ती परीक्षा-2024 शुरू हुई है। यह परीक्षा अब 6 जुलाई तक चलेगी। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बिना चेकिंग के किसी भी अभ्यर्थी को एंट्री नहीं दी गई। मना करने के बावजूद तमाम कैंडिडेट जूते, घड़ी, चेन, अंगूठी पहनकर सेंटर पर पहुंच गए थे। ऐसे अभ्यर्थियों से ये सारी चीजें उतरवाई गईं। इसके बाद ही सेंटर पर एंट्री मिली।

आज पहले दिन 2 विषयों की परीक्षाएं हो रही हैं। पहली पारी में जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज (त्वय) का पेपर सुबह 10.30 से 11.30 बजे तक चला। सेकेंड पारी में हिंदी सामान्य का पेपर दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक हुआ।

# खड़गे बोले- मोदी जी विश्वगुरु हों, या घर के गुरुःइजराइल-ईरान जंग रोकने का प्रयास करना चाहिए, ईरान हमारा पुराना दोस्त

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री विश्व गुरु बनने का नारा लगाते हैं। जबकि दूसरी तरफ ईरान और इजराइल के बीच जंग हो रही है। हमें इसे रोकने का प्रयास करना चाहिए था। खड़गे ने कहा, चाहे आप (मोदी जी) विश्व गुरु हों या घर के गुरु। लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाना, कपड़े और सिर पर छत चाहिए। हम चाहते थे कि वे इन चीजों के लिए प्रयास करें। खड़गे ने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि ईरान ने हमेशा भारत का समर्थन किया है क्योंकि देश अपनी ईंधन की जरूरत का 50 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता है।




### खड़गे बोले- मोदी हमेशा विपक्ष को नीचा दिखाते हैं

कर्नाटक के रायचूर में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा- पीएम मोदी हमेशा विपक्ष को नीचा दिखाते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में पीएम गायब रहे। इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए उनके मन में बिल्कुल भी सम्मान नहीं है।

खड़गे ने कहा, आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर दी। जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमले किए और आतंकवादियों को खत्म कर दिया। उस वक्त पूरा देश सेना के साथ खड़ा था, लेकिन ऐसे समय में भी कुछ लोग व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे।

### खड़गे बोले- मोदी सेना में होते तो तारीफ करते

खड़गे ने आगे कहा कि वे (मोदी) अगर सेना में कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में काम करते, तो हम उनके बेहतरीन काम और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना करते, लेकिन ऐसा नहीं है।

इसके बजाय, वह बिहार चुनाव के लिए प्रचार में व्यस्त थे। इसका क्या मतलब है? जब देश और सैनिक एक तरफ लड़ रहे थे, तो प्रधानमंत्री ने हमें सर्वदलीय बैठक में आमंत्रित करने के बाद दूसरी तरफ प्रचार करना चुना। यह अनुचित है।

# एअर इंडिया की जयपुर-दुबई फ्लाइट के कॉकपिट में खराबी, 130 पैसेंजर्स थे, उड़ान रद्द

## श्रीनगर जा रही फ्लाइट लैंड किए बिना दिल्ली लौटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एअर इंडिया और दूसरी एयरलाइंस की फ्लाइट्स में तकनीकी खामी आने और अन्य वजहों से कैंसिल होने का सिलसिला जारी है। सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की दो फ्लाइट और इंडिगो की एक फ्लाइट को रद्द करना पड़ा। इनके अलावा, रविवार को एअर इंडिया की तीन फ्लाइट्स कैंसिल की गई थीं।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइट

सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइट में टेक ऑफ से ठीक पहले कॉकपिट में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद रनवे एरिया से पायलट ने फ्लाइट को फिर से एप्रन में पहुंचाया। इसमें 130 पैसेंजर्स सवार थे। 5 घंटे तक फ्लाइट को ठीक करने की कोशिश की गई। फिर भी सफलता नहीं मिली। इसके बाद दुबई की इस फ्लाइट को रद्द करने का फैसला लिया गया।

### दिल्ली से जम्मू जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट बिना लैंडिंग वापस लौटी

एअर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली-जम्मू-श्रीनगर फ्लाइट जम्मू एयरपोर्ट पर लैंड किए बिना दिल्ली लौट गई।




अधिकारियों ने बताया कि फ्लाइट नंबर IX-2564 को श्रीनगर से पहले जम्मू में उतरना था। मौसम और रनवे साफ थे, लेकिन पायलट को उचित लैंडिंग पॉइंट नहीं मिला।

### इंडिगो की इंदौर से भुवनेश्वर की फ्लाइट

सोमवार को इंदौर से भुवनेश्वर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6श्व 6332 (एयरबस ए320 नियो विमान) तकनीकी खराबी के चलते रनवे के बीच से लौट आई। फ्लाइट में 80 से ज्यादा यात्री सवार थे। इंदौर एयरपोर्ट टर्मिनल मैनेजर ने बताया कि विमान में माइनर टेक्निकल फॉल्ट की जानकारी सामने आई थी। सुधार के बाद विमान इंदौर से भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गया है। विमान करीब ढाई घंटे तक रनवे पर खड़ा रहा। इस दौरान सभी यात्री विमान में ही बैठे रहे।

# पहलगाम हमला : आतंकियों के मददगार एनआईए की रिमांड पर

## एजेंसी 5 दिन पूछताछ करेगी; आतंकी जहां छिपे थे, वहां भी जा सकती है

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पहलगाम हमले के दो महीने बाद रविवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। दोनों को सोमवार को जम्मू के कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 5 दिन की एनआइए रिमांड में भेज दिया गया। एनआईए के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थीं। सूत्रों का कहना है कि दोनों को रिमांड पर लेकर एनआईए टीम हाइड आउट यानी आतंकियों के छिपने वाली जगह जा सकती है। जिससे उनके भागने की रूट मैपिंग भी की जा सके।



### 4 राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव

# गुजरात के विसावदर, पंजाब के लुधियाना में आप जीती; बंगाल में काउंटिंग के दौरान ब्लास्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर आप के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे। केरल में यूडीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने सीपीआईएम के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट आप के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर टीएमसी प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी। वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बच्ची की मौत पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- पुलिस दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।



# आज 28 जिलों में बरसात का अलर्ट : भारी बारिश से चूरू में हवेली का छज्जा गिरा, 3 मौत

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान के कई इलाकों में तेज बारिश का दौर जारी है। इससे नदी-नाले उफान पर हैं। सोमवार को कई इलाकों में 1 से लेकर 7 इंच तक बारिश हुई। कई जगहों पर सड़कों पर डेढ़ से तीन फीट तक पानी भर गया, जिससे लोगों की आवाजाही प्रभावित रही। मौसम विभाग ने मंगलवार को 5 जिलों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, 23 जिलों में येलो अलर्ट है। चूरू के सरदार शहर में सोमवार को तेज बारिश के कारण एक हवेली का छज्जा गिर गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं 2 घायल हो गए। चूरू के सरदारशहर में दो घंटे की झमाझम बारिश से मुख्य बाजार की सड़क जलमग्न हो गई। सीकर, झुंझुनूं और कोटा में रुक-रुककर बारिश होती रही। जयपुर में भी तेज बारिश हुई। बारां जिले के मांगरोल में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात हो गए। अलवर में बारिश से सड़क पर तीन फीट तक पानी भर गया। हनुमानगढ़ में आधे घंटे की बारिश से कई कॉलोनियों के घरों में पानी घुस गया। नागौर, दौसा और कोटपूतली में भी बरसात हुई। तेज बारिश के कारण प्रदेश के कई बांधों में पानी बढ़ा है। बूंदी के गुढ़ा डैम, जयपुर के छापरवाड़ा, भीलवाड़ा के मेजा डैम, दौसा के मोरेल डैम समेत अन्य छोटे बांधों का गेज बढ़ गया। राजस्थान में 1 जून से अब तक सामान्य से 133 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है।



**बारां के मांगरोल में 7 इंच पानी बरसा :** पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात बारां जिले के मांगरोल में 180 मिमी (7 इंच) हुई। यहां भारी बारिश के कारण नदी-नालों में जबरदस्त पानी आया। कुछ जगहों पर बाढ़ जैसे हालात हो गए। शाहबाद में 166 मिमी, किशनगंज में 113 और बारां शहर में 94 मिमी पानी बरसा। इधर, चूरू के सरदारशहर में 49, करौली के मासलपुर में 56, सवाई माधोपुर के खंडार में 89, तलवाड़ा में 64, हनुमानगढ़ शहर में 40, अलवर में 57 और थानागाजी में 46 मिमी बरसात दर्ज हुई।

# देशभर में 240 फर्म बनाकर 524 करोड़ की टैक्स चोरी, ई-मित्र संचालक की गैंग ने 22 राज्यों में की वारदात

**जोधपुर (पुकार)।** देश के 22 राज्यों में करोड़ों रुपए की जीएसटी टैक्स चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। गैंग ने फर्जी दस्तावेजों से 240 फर्में बनाकर 524 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की। पूरी घटना को फर्जी पैन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक खाता खुलवाकर अंजाम दिया गया।



मामले में जोधपुर की देवनगर थाना पुलिस ने गैंग के 7 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज वर्मा आज पूरे मामले का खुलासा किया। डीसीपी के अनुसार- आरोपियों ने फर्जी त्रस्ञ्ज रजिस्ट्रेशन कर टैक्स चोरी की। इसमें इनपुट और इनपुट पास ऑन के नाम पर चोरी को अंजाम दिया गया।

डीसीपी ने बताया- निहारिका ई-मित्र व कम्प्यूटर सेंटर पर फर्जी आधार कार्ड और डॉक्यूमेंट तैयार करने की सूचना मिली थी। टीम ने जांच शुरू की। पता चला कि आरोपी फर्जी तरीके से डॉक्यूमेंट तैयार करते थे। उनका उपयोग फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन कर टैक्स चोरी में किया जाता था। इसके अलावा साइबर ठगी में भी इन डॉक्यूमेंट्स का उपयोग किया जा रहा था।

### जीएसटी इनपुट और इनपुट पास ऑन के नाम पर चोरी

जांच में सामने आया कि घोटाले के तहत 278 करोड़ रुपए की फर्जी बिलों के आधार पर जीएसटी इनपुट ली गई। 246 करोड़ रुपए की जीएसटी इनपुट पास ऑन की गई। पुलिस और सेंट्रल जीएसटी टीम जोधपुर के अनुसार- 244 में से 44 फर्मों की पहचान ईमेल एड्रेस, पेन कार्ड और मोबाइल नंबर के आधार पर हुई। जबकि 196 फर्मों की पहचान अन्य डेटा के आधार पर पकड़ी गई। जांच में सामने आया कि 244 फर्मों में से 152 फर्मों का जीएसटी रजिस्ट्रेशन अलग- अलग राज्यों में रद्द हो चुका था।

# ऑपरेशन सिंधु : ईरान से 285 और नागरिक भारत पहुंचे

## अब तक 1,713 भारतीय स्वदेश लौटे; 160 इजराइल से भी निकले, आज दिल्ली पहुंचेंगे




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक कुल 1,713 भारतीयों को निकाला गया है। मशहद से एक और प्लेन रविवार की रात 11.30 बजे 285 नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा। इससे पहले 21 जून को 600, 20 जून को 407 और 19 जून को 110 भारतीय दिल्ली पहुंचे थे। ईरान से दिल्ली पहुंचे इन यात्रियों ने एयरपोर्ट पर 'वन्दे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। कुछ लोग भावुक भी हुए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। कुछ ने जमीन पर माथा टेका। दूसरी तरफ रविवार को 160 भारतीयों का जत्था इजराइल से निकाल लिया गया है, जो जॉर्डन पहुंच गया है। आज यह बैच दिल्ली पहुंचेगा। इजराइल में करीब 40 हजार भारतीय नागरिक हैं, जिनमें केयरगिवर, छात्र, मजदूर शामिल हैं।

# सीरिया के चर्च में आत्मघाती हमला : 22 मौतें, 63 घायल, आईएसआईएस आतंकी ने फायरिंग की, फिर खुद को बम से उड़ा लिया

**दमिश्क (एजेंसी)।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में रविवार रात एक भयानक आत्मघाती हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 63 घायल हो गए। हमला ग्रीक ऑर्थोडॉक्स सेंट एलियास चर्च में उस समय हुआ जब दर्जनों लोग प्रार्थना में शामिल थे। यह घटना तब हुई जब चर्च के अंदर एक इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) से जुड़ा आतंकी घुसा, पहले फायरिंग की और फिर खुद को उड़ा लिया। हमला भारतीय समयानुसार रविवार रात को हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर के साथ एक अन्य बंदूकधारी भी था, उसने भी भीड़ पर गोलीबारी की लेकिन विस्फोट नहीं किया। चर्च में उस वक्त लगभग 150 से 350 लोग मौजूद थे। विस्फोट से अंदर की बेंचें बिखर गईं। सीरियाई सुरक्षाबल हमले की जांच में जुटे हैं और चर्च क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है। सरकार ने यह भी कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। नई सरकार एचटीएस (हयात तहरीर अल-शाम) के पूर्व इस्लामिक विद्रोही नेताओं द्वारा संचालित है, जो पहले आईएस के खिलाफ भी लड़ चुके हैं।

**सीरिया में इस्लामिक नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में :** हमला ऐसे समय में हुआ जब पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से हटाए जाने के बाद एक इस्लामिक नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में आई है। नई सरकार की नीतियों के चलते द्बस् फिर से सक्रिय होने की कोशिश कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, असद समर्थक सैनिकों द्वारा छोड़े गए हथियारों का फायदा उठाकर आईएस ने खुद को फिर से संगठित किया है।

### सरकार बोली- राष्ट्रीय एकता पर हमला

सीरिया के सूचना मंत्री हमजा अल-मुस्तफा ने इस हमले को राष्ट्रीय एकता पर हमला बताया और सभी समुदायों से शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गियर पेडर्सन ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की और जांच की मांग की।



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान




**उदयपुर (पुकार)।** जिला ओलंपिक संघ उदयपुर के तत्वाधान में सोमवार को कजरी होटल आरटीडीसी में अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर उदयपुर के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का खेल सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के इस अवसर पर विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उपरणा पहना कर एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उदयपुर के सभी खेल संघ के पदाधिकारी का भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर, उपरणा पहना कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उदयपुर के सांसद डॉ. मन्नालाल रावत थे, अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने की। विशिष्ट अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के सचिव दिनेश श्रीमाली, कांग्रेस जिला अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ , अंबेडकर मंडल के अध्यक्ष रणजीत सिंह दिगपाल , खेल अधिकारी महेश पालीवाल , अधिवक्ता राम प्रकाश शर्मा , प्रवीण कोठारी ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर , उपरणा पहना कर एवं  नगद राशि देकर सम्मानित किया। जिला ओलम्पिक संघ के सचिव जालम चंद जैन ने बताया कि सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में एथलेटिक्स खेल से मुकेश कुमारी, अंतराक्षरी , केनोइंग एवं कयाकिंग खेल से तनिष्क पटवा, हर्षवर्धन सिंह शेखावत ,शगुन कुमावत , पावरलिफ्टिंग खेल से अन्तेर्राष्ट्रीय खिलाडी गौरव साहू ,नीलम डांगी , कबड्डी खेल से अभिषेक धाभाई ,हंसराज गुर्जर, बॉक्सिंग खेल से आमिल अली, नमन शर्मा, तीरंदाजी खेल से ओनिस सेन , शूटिंग खेल से पलक गुर्जर , बास्केटबॉल खेल से अंशुमन शेखावत, युवाक्षी मेहता, मेघा  शेखावत, हैंडबॉल खेल से उन्नति चौहान, जिमनास्टिक खेल से कृष्णा मीणा , लवीना कँवर गहलोत , फुटबॉल से पलाश बारबार , शतरंज से कियाना परिहार , वृषांक चौहान ,अरुण कटारिया , जूडो खेल से सोनाक्षी पंडित , मधुर पुरबिया , स्ट्रेंथ लिफ्टिंग खेल से पीयूष सुथार , स्केटिंग से जगत प्रताप सिंह गहलोत , सिद्धि अरोड़ा , वुशु खेल से विनय राज सिंह , किक बॉक्सिंग से बुशरा खानम  एवं महाराणा प्रताप पुरस्कार विजेता माला सुखवाल का सम्मान किया गया।

### जेएसजी बॉक्स क्रिकेट लीग का भव्य समापन, 3 कैटेगरी के विजेता, उपविजेता घोषित




**उदयपुर (पुकार)।** जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन मेवाड़ रिजन और जेएसजी अद्वितीय की ओर से आयोजित 3 दिवसीय जेएसजी बॉक्स क्रिकेट लीग का भव्य समापन विजेता, उपविजेता टीमों सहित बेस्ट बैट्समैन, बॉलर, मेन ऑफ द सीरीज, वुमन ऑफ द सीरीज की ट्रॉफी ओर नकद पुरस्कार राशि वितरण के साथ हुआ।  समापन समारोह में अथिति के रूप मैं चेयरमैन अरुण मांडोत, चेयरमैन इलेक्ट पारस ढेलावत, वाइस चेयरमैन जितेन्द्र हरकावत, महेश पोरवार, सचिव आशुतोष सिसोदिया, रवि बारोला, नितुल चंडालिया, शुभम गांधी, विनय नाहटा, शुभम कदमालिया, ऋषभ खोखावत, प्रशांत भंडारी, मोहन बोहरा, ओरु विलास से चेतन जैन, रमेश खोखावत, राहुल जैन, मयंक जैन, के एस नलवाया, देशबंधु जैन, आलोक पगारिया, मंगलेश शाह, भारत भानावत, आर एल जोधावत, हर्ष बोकड़िया, पूर्विल कुकड़ा, मुकेश मुण्डलिया, राजकुमार भोरावत, नितिन सेठ,  उमेश गांधी शहर के अन्य गणमान्य नागरिको के साथ सभी 39 टीमों के कप्तान के साथ सभी 58 ग्रुप्स के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

ग्रेस केटेगरी में फाइनल मैच जेएसजी संगिनी विजय ओर संगिनी यूनिक के बीच हुआ जिसमें संगिनी यूनिक विजेता रही। उपविजेता संगिनी विजय रही। ग्रेस केटेगरी में वुमन ऑफ द सीरीज जिनल बया, बेस्ट बेट्स वुमन नीता चित्तोड़ा ओर बेस्ट बॉलर ललिता जैन रही।

लीजेंड कैटेगरी में जेएसजी मेवाड़ ओर उदय के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमें जेएसजी मेवाड़ ने विजेता ओर उदय ने रनरअप का खिताब जीता। इस कैटेगरी में बेस्ट बैट्समैन पंकज कोठारी, बेस्ट बॉलर प्रदीप खमेसरा ओर मेन ऑफ द सीरीज विशाल मेहता रहे। इसी कैटेगरी में वुमन ऑफ द सीरीज मीना सरूपरिया। पावर प्ले कैटेगरी में जेएसजी णमोकार ओर जेएसजी प्लेटीनम के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमें  जेएसजी णमोकार ने विजेता ओर प्लेटीनम उपविजेता रहे। पावर प्ले कैटेगरी में बेस्ट बैट्समैन नीलेश देवड़ा, बेस्ट बॉलर खुशबू सुराणा, मैन ऑफ द सीरीज विकास कोठारी और वुमन ऑफ द सीरीज कल्पना वागरेचा रही।

### पुष्पांजलि का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** युवक कांग्रेस के पूर्व सांसद संजय गांधी की पुण्यतिथि पर रक्षाबंधन धानमंडी कांग्रेस मीडिया सेंटर में सोमवार को पुष्पांजलि समर्पण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि संजय गांधी का पांच सूत्री कार्यक्रम कल भी प्रासंगिक था, आज भी प्रासंगिक हैं, और आगे भी रहेगा। इस अवसर पर अशोक तंबोली, सुभाष चितौड़ा, कन्हैयालाल मेनारिया, अशोक राव, आशा चैधरी, महेन्द्र राम बिश्नोई, प्रेम जी बिश्नोई, प्रकाश चैधरी, अभिषेक बिश्नोई, कुलदीप बिश्नोई, हर्षित नागर, रवीन्द्र सिंह, विनय चैधरी, विनोद सुथार, प्रियांश मेहता, कपिल साहू, मुरलीधर शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एमबी कॉलेज के पूर्व छात्र परिषद का मासिक स्नेह मिलन



**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा भूपाल कॉलेज पूर्व छात्र परिषद का मासिक स्नेह मिलन समारोह कॉलेज के विवेकानंद सभागार में आयोजित हुआ। परिषद के अध्यक्ष प्रो. महीप भटनागर, महासचिव  शांतिलाल भंडारी, अनिल भटनागर, आरके चतुर, विपिन गुप्ता मंचासीन थे। डॉ विमल शर्मा ने बताया कि सरस्वती वंदना के पश्चात शांति लाल भंडारी ने सभी का स्वागत करते हुए उपस्थित संख्या बल पर ख़ुशी का इज़हार करते हुए आशा व्यक्त की अब से हर मीटिंग में इन सभी 75 सदस्यों की सहभागिता बनी रहेगी। विपिन गुप्ता ने संचालन करते हुए गत माह का प्रतिवेदन पढ़ कर सदन से अनुमोदित कराया। संस्कृतिक प्रस्तुतियों में शारदा तलेसरा ने वरिष्ठ नागरिकों पर कविता सुनाई, शांति लाल जैन ने राहत इंदौरी की रचना, पुष्पा धाकड़ ने भावुक राम भारत मिलाप, मंजू सिसोदिया ने 50 के दशक के भूले बिसरे गीतों की लड़ी सुनाई, कराओके फ़िल्मी गीतों में संजीव भारद्वाज ने - दुनियां बनाने वाले, विमल शर्मा ने- रात कली इक ख्वाब में आई, विपिन गुप्ता ने - सौ बार जनम लेंगे, इंद्रमल पटवा ने - ये वादियाँ ये फ़िज़ाए, बी एल चावत ने - ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर सुनाया।

# 'किरन हूँ मैं' काव्य संग्रह का लोकार्पण समारोह सम्पन्न




**उदयपुर (पुकार)।** युगधारा साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक मंच की अध्यक्ष किरण बाला 'किरण' के नवीन काव्य संग्रह 'किरन हूँ मैं' का भव्य लोकार्पण समारोह मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के अतिथि सभागार में सम्पन्न हुआ।

इस गरिमामय अवसर के मुख्य अतिथि पंकज ओझा (आरएएस), अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान सरकार रहे। समारोह के अध्यक्ष प्रो कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रो नवीन नंदवाना एवं रेखा अरोड़ा 'स्मित' ने काव्य संग्रह पर समीक्षात्मक वक्तव्य प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि पंकज ओझा ने कहा, संगीत एवं साहित्य के बिना मनुष्य पशु के समान होता है। साहित्य जीवन को नवीन दृष्टि देता है और समाज को संवेदनशील एवं समृद्ध बनाता है। उन्होंने किरण बाला को इस श्रेष्ठ काव्य-प्रस्तुति हेतु हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रचनाओं में ईश्वर-प्रेम, भक्ति और समर्पण की गहन अनुभूति परिलक्षित होती है।

प्रो नवीन नंदवाना ने कहा कि इस संकलन में प्रकृति का मानवीकरण, आशावाद का संदेश, भावनात्मक गहराई तथा सामाजिक चेतना स्पष्ट झलकती है। काव्य में आत्मचिंतन, संस्कृति से जुड़ाव और मानवीय संवेदनाओं की सुंदर अभिव्यक्ति है, जो पाठकों को आरंभ से अंत तक बांधे रखती है। इस तरह का सृजन वर्तमान में कम ही हो रहा है। साहित्य सुधि पाठकों के लिए संकलन संग्रहणीय है। हिंदी कवि की महान काव्य परंपरा में अपने भावसूत्र जोड़ता किरण बाला का यह काव्य संग्रह 'किरन हूँ मैं' उसी मणिमाला का एक मोती है।

रेखा लोढ़ा स्मित ने कहा कि किरण की कविताओं में अव्यक्त को व्यक्त करने की कला है। उनके काव्य में व्यष्टि से समष्टि तक की यात्रा है, साथ ही उनकी अंतरराष्ट्रीय साहित्य-यात्राओं की झलक भी रचनाओं में स्पष्ट परिलक्षित होती है। विशेषतः कृष्ण पर आधारित रचनाएं उनके गहरे आध्यात्मिक भाव एवं उनकी दिव्यता को उजागर करती हैं। इनकी रचनाएं मात्र शब्दों का जाल नहीं गहरी अनुभूतियों को ग्रहण करता सच्चा सृजन है।

ज्योतिपुंज ने कहा कि 'किरण हूं मैं' में किरण बाला के स्वाभिमान, सांस्कृतिक चेतना, और नारी सशक्तिकरण के स्वर मुखरित हैं। यह युगधारा मंच के लिए भी गौरव का विषय है कि उनकी प्रथम महिला अध्यक्ष का रचनात्मक लोकार्पण एक ऐतिहासिक आयोजन बना।

इस अवसर पर किरण के समस्त परिवारजन उपस्थित रहे चेतन जीनगर ने कहा कि मम्मी के सृजन में जीवन एवं सामाजिक परिवेश की अनुभूतियां है। वे शब्दों को जीवन में रुपायित करती हैं। कोमल जीनगर ने अपनी बात इस प्रकार अभिव्यक्त की कि इ नकी लेखनी में कोई शोर नहीं है। एक ऐसी खामोशी है, जो भीतर तक उतर जाती है।राकेश जीनगर ने किरण के सृजन को अद्भुत गहराई वाला सृजन कहा। किरण बाला ने अपनी साहित्यिक यात्रा पर बात की साथ ही कहा कि पुस्तकें बहुत बोलती हैं, हाथ में आते ही बतियाने लगती है, उन्हें सुनना पड़ता है। इस समारोह को आस पास के कई जिलों के 150 से अधिक सृजनधर्मी एवं साहित्यप्रेमियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से सफल बनाया। इस अवसर पर माधव नागदा, प्रमोद सनाढ्य, सूर्य प्रकाश दीक्षित, अफजल खान 'अफजल', राजकुमार पालीवाल, डॉ. मंजू चतुर्वेदी, डॉ. सरवत खान, डॉ. मधु अग्रवाल, इक़बाल हुसैन 'इक़बाल', अरुण चतुर्वेदी, स्वाति शकुन, पुरुषोत्तम शाकद्वीपीय सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से पधारे अनेक वरिष्ठ साहित्यकार, युगधारा के पूर्व अध्यक्ष मदन क्षितिज, पुरुषोत्तम पालीवाल, नरोत्तम व्यास, अशोक जैन 'मंथन', उपस्थित रहे साथ ही डॉ मनोहर श्रीमाली, प्रो श्रीनिवासन अय्यर, पुष्कर गुप्तेश्वर, डॉ सिम्मी सिंह जेठानंद, घनश्याम सिंह कीनिया, हेमेंद्र जानी, अर्जुन पार्थ, शिवरतन जी पुष्कर, सुनिता सिंह, चंद्रकांता बंसल, विजय निष्काम आदि कई वरिष्ठ साहित्यकारों से सदन खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन दीपा पंत एवं शीतल द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन श्याम मठपाल ने प्रस्तुत किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. सिम्मी सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम ने न केवल साहित्य के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाया, अपितु नवोदित रचनाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी सिद्ध हुआ।

# जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा शाही लवाजमे के साथ निकलेगी



**उदयपुर (पुकार)।** श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति उदयपुर द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की 27 जून को निकलने वाली रथ यात्रा शाही लवाजमें के साथ ग्रामीण, शहरी एवं संतों के मंदिरों की भजन मंडलीयां मार्ग में अपने भजनों की छठा बिखेरती हुई चलेगी। वहीं रथ यात्रा की शुरुआत 21 बन्दुकों की सलामी जगन्नाथ स्वामी के रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलने के समय होगी।

रथ यात्रा में अधिक संख्या में ग्रामीण एवं शहरी जन आए इसके लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर रथ यात्रा के दिन आधे दिन का अवकाश घोषित करने का निवेदन भी किया गया।

समिति के प्रवक्ता राजेंद्र सेन ने बताया कि इस वर्ष 27 जून को भगवान जगन्नाथ स्वामी की विशाल रथ यात्रा का मुख्य आकर्षण प्रभु के रथ यात्रा में 21 व्यक्तियों का दल शाही लवाजमे में के साथ पारंपरिक वेशभूषा में छड़ी एवं ध्वज लेकर चलेंगे, वहीं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से तथा संतों के मंदिरों से आइ भजन मंडलीयाँ भजनों की प्रस्तुतियां देते हुए मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी। रथ यात्रा की शुरुआत दोपहर 3:00 बजे 21 बंदूको की सलामी देने के साथ होगी।

रथ यात्रा में ग्रामीण एवं एवं शहरी क्षेत्र से अधिक संख्या में भक्त आए इसके लिए धर्मोत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश मकवाना, संरक्षक रमेश लालवानी, समाजसेवी दिनेश भट्ट, भूपेंद्र सिंह भाटी, पुजारी परिषद के हेमेंद्र पुजारी, जगदीश पुजारी एवं राजेंद्र सेन आदि ने जिला कलेक्टर नमित मेहता को ज्ञापन देकर रथ यात्रा के दिन आधे दिन की छुट्टी घोषित करने का निवेदन किया।

### बीएन के आर्मी विंग कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण एवं थल सैनिक चयन शिविर-1 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**उदयपुर।** 10 राज बटालियन द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण एवं थल सैनिक चयन शिविर 1 के कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ए.एस. खंगारोत, डिप्टी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट  कर्नल राकेश्वर जैसवाल (सेना मेडल) एवं मानद लेफ्टिनेंट /सूबेदार मेजर अजय कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।10 दिवसीय शिविर के दौरान कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शूटिंग, दूरी का आकलन, फील्ड सिग्नल, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा मैप रीडिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और थल सैनिक शिविर के आगामी चरण के लिये चयनित हुए। गार्ड ऑफ ऑनर में सीनियर अंडर ऑफिसर शेर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी विश्वविद्यालय कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें एकल नृत्य(स्वर्ण पदक)कैडेट केन्द्रिता पंचाल,समूह नृत्य (रजत पदक): कॉर्पोरल झलक सैन एवं उनकी टीम ने प्राप्त किया।

# इस्कॉन रथयात्रा का मार्ग में होगा स्वागत आरती

### रथोत्सव के पूर्व वैष्णव करेंगे गुण्डिचा मार्जन

### इस्कॉन रथयात्रा से पूर्व जगन्नाथ कथा का आनन्द बरस रहा



**उदयपुर (पुकार)।** गंगूकुण्ड स्थित इस्कॉन मन्दिर की ओर से 27 जून को आयोजित विशाल रथ यात्रा की तैयारी अन्तिम रुप में चल रही है। इस्कॉन अध्यक्ष मायापुर वासी प्रभु ने बताया कि पुरी परम्परानुसार गुण्डिचा मार्जन के अन्तर्गत रथयात्रा की पूर्व सन्ध्या 26 जून को मन्दिर के वैष्णव भक्त व माताओ के हाथो पूरी साफ-सफाई धुलाई कर मार्जन किया जाएगा। जबकि सभी भगवाधारी ब्रह्मचारी वैष्णव वृन्दावन के देवहरि प्रभु के संकीर्तन दल के सानिध्य मे इस्कॉन शैली मे पूरे मार्ग मे मृदंग मंजीरे करताल बजाते,नाचते कूदते गाते हरिनाम संकीर्तन करते चलेगें।जो आकर्षण का केंद्र होगा।

मिडिया प्रभारी डॉ.बालकृष्ण ने बताया कि 22 से 26 जून तक सायंकाल रथयात्रा से पूर्व जगन्नाथ कथा का आनन्द बरसने लगा। हनुमानगढ से आए शास्त्र स्वरुप प्रभु ने बताया कि वृन्दावन में माधुर्य महाभाव है,जबकि द्वारका मे वैशिष्ट्य भाव होने से बहुत अन्तर है। मायापुरवासी के अनुसार भक्तो के हाथो से निर्मित फूलमालाओ से सुसज्जित भव्य रथ पर जगन्नाथ प्रभु सुभद्रा बलराम जी को प्रातः ठीक 9 बजे विराजमान कर वैष्णव भक्त माताऐ रस्से से खींचते हुए नागदा रेस्टोरेंट होते हुए यूनिवर्सिटी मार्ग से मुख्य द्वार पर पहुँचेगी। वहां स्वागत आरती पश्चात सन्तरेसा स्कूल के बाहर से बोहरा गणेश जी चौराहे पर आने पर विभिन्न संस्थाओ दलो समाजसेवियो व गणमान्य जनो के द्वारा अगवानी कर भव्य विशाल महा आरती की जायेगी। पश्चात धूलकोट, आयड, आनन्द प्लाजा,विश्व विद्यालय मार्ग होते हुए मध्यान्ह मे पुनः इस्कॉन मन्दिर पहुँचेगी। मार्ग के निवासी,दुकानदार विभिन्न समाजसेवी, व्यापारी वर्ग आगे आकर सेवा देने को तत्पर हो रहे है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आज से




### तैयारियों की समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

**उदयपुर (पुकार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर आमजन तक विभिन्न सेवाओं की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उन्हें राहत देने की मंशा से आयोज्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार से जिले की सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर चरणबद्ध रूप से विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से आमजन को 63 विभिन्न विभागीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। शिविरों की समुचित तैयारियों एवं सुचारु संचालन को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित मिनी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह, जिला परिषद सीईओ रिया डाबी समेत समस्त उपखंड अधिकारी, जिला स्तरीय विभागीय अधिकारीगण तथा वीसी के माध्यम से उपखंड स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों के दौरान एनएफएसए के लंबित आवेदन, ई-केवाईसी और आधार सीडिंग जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। साथ ही शिविर संबंधित पोर्टल पर सूचनाएं समयबद्ध रूप से अपलोड की जाएं। मॉनसून सीजन को ध्यान में रखते हुए शिविर स्थलों पर आवश्यक सामान्य व्यवस्थाओं समेत समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता और राज्य सरकार द्वारा विभागगवार जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। कलेक्टर मेहता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविरों के आयोजन के समय संबंधित एसडीएम, तहसीलदार और विभागीय अधिकारी मौके पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें ताकि आमजन को तत्काल समाधान मिल सके और शिविर प्रभावी ढंग से संचालित हो।

### आपातकाल के 50 वर्ष और मौजूदा चुनोतिया पर विचार गोष्ठी कल

**उदयपुर (पुकार)।** माछ्ला मंगरा स्थित शिराली भवन में आपातकाल के 50 वर्ष और मौजूदा चुनौतियां विषय पर 25 जून को सुबह 11 बजे विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। माकपा जिला सचिव राजेश सिंघवी ने कहा कि 25 जून 1975 को हमारे देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगा विपक्षी दलों के नेताओं को गिरफ्तार कर जेलों में डाल उनका दमन कर लोकतंत्र की हत्या की थी। उन्होंने बताया कि आपातकाल 18 महीने चला और कई नेताओं ने 18 महीना तक जेल काटी।

### वी.एस. नाहर बने जोनल उपाध्यक्ष



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर शहर के वरिष्ठ सीए वी.एस. नाहर को राजस्थान टैक्स कंसल्टेंट्स एसोसिएशन का जोनल उपाध्यक्ष बनाया है। सीए नाहर को साल 2025-27 के कार्यकाल के लिए नियुक्ति दी गई है। इससे पहले भी नाहर इस संगठन में पदाधिकारी रह चुके है।

# धार्मिक नैतिक संस्कार शिविर का समापन

**उदयपुर (पुकार)।** अरिहंत मार्गी आचार्य प्रवर श्री ज्ञानचंद ज म.सा. की आज्ञानुवर्तीनी परम विदुषी तर्क मनीषी श्री ललिता श्रीजी म.सा. आदि ठाणा छः के पावन सानिध्य में 6 दिवसीय 'आओ बने अरिहन्त उपासक' शिविर का समापन समारोह अरिहन्त भवन में हुआ । शिविर संयोजक विजय कोठारी ने बताया कि शिविर में 120 बच्चो ने सफलता पूर्वक हिस्सा लिया । सह संयोजक डॉ. स्नेहा बाबेल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योगपति रेवन्तसिंह मेहता व उनकी धर्मसहायिका लीना मेहता ने विजेता छात्र छात्राओ को पुरूस्कृत किया, सह संयोजक दिनेश चपलोत ने बताया कि प्रतिदिन शिविर में धार्मिक अध्ययन व्यक्तित्व विकास की कक्षा व धार्मिक खेलो का आयोजन किया गया, शिविर में ललिता कांठेड, मिनू छाजेड, आशा चण्डालिया, रचिता मोगरा, पूर्णिमा बोकडिया, कांता चपलोत ने महिला कार्यकारिणी के रूप में सेवा कार्य में योगदान दिया । महिला मण्डल अध्यक्षा विमला कोठारी ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन वक्ता डॉ. मोनिका बोकडिया ने मनोविज्ञान विषय पर शिविरार्थियों का ज्ञान उपार्जन किया । द्वितीय दिन दीक्षा भार्गव ने लव जिहाद विषय पर उद्बोधन दिया, तृतीय दिन डॉ. अमृता बोकडिया ने संस्कार साईबर मीडिया विषय पर ज्ञानार्जन दिया, योग दिवस पर योग गुरू आचार्य अनिता पालीवाल एवं विनोद रेगर ने विभिन्न प्राणायम करवाये। शिविर के चतुर्थ दिन आतिशा छाजेड ने मन व मस्तिष्क की मजबुती पर जोर दिया, पंचम दिन नीतू नावेडिया ने महावीर स्वामी के जीवन व तीर्थकरों की प्रेरणादायक कहानिया बतलाकर ज्ञान वर्द्धन किया। छः दिवसीय शिविर में समस्त शिविरार्थियों को गिफ्ट एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया गया । सामायिक सूत्र व प्रतिक्रमण संपूर्ण याद करने पर पुरूस्कृत किया गया । छः कक्षा वर्गो में धार्मिक अध्ययन में प्रथम व द्वितीय विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया । सभी पुरूस्कार बलवन्तसिंह कोठारी द्वारा प्रदान किये गये । समापन समारोह का संचालन अमृता बोकडिया ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पूर्णिमा बोकडिया ने दिया।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 26 को

**उदयपुर (पुकार)।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में 26 जून को  प्रातः 10.30 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारी एवं खण्ड कार्यक्रम अधिकारी को एजेण्डा अनुसार समस्त सूचनाओं के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## बी प्लस

### सी.आर.आई. सोलर को 210 करोड रुपयों का मल्टी-स्टेट ऑर्डर

**उदयपुर (पुकार)।** सीआरआई पंप्स का एक प्रमुख प्रभाग और नवीकरणीय ऊर्जा संचालित जल समाधानों में अग्रणीए सीआरआई सोलर को हाल ही में एक बड़ा ऑर्डर मिला है। उन्हें महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी (मेडा), हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेडा), और पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) से कुल 6,894 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य मिला है। इन सभी ऑर्डरों का कुल मूल्य रू.210 करोड़ है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सीआरआई ग्रुप के चेयरमैन जी. सौंदराराजन ने कहा - यह समेकित उपलब्धि भारत के ग्रामीण और कृषि परिदृश्य में स्वच्छ, विश्वसनीय और टिकाऊ जल पहुंच को सक्षम बनाने के लिए सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ये परियोजनाएं केवल अवसंरचना से कहीं अधिक हैं - ये ग्रामीण समृद्धि, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के सक्षमकर्ता हैं। जैसे-जैसे भारत अपने स्वच्छ ऊर्जा एजेंडे को बढ़ावा देना जारी रखता है, सीआरआई सोलर नवाचार और प्रभाव के साथ आगे से नेतृत्व करने के लिए तैयार है। ये प्रतिष्ठित ऑर्डर भारत के कृषि क्षेत्रों में टिकाऊ सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के एक बड़े प्रयास का हिस्सा हैं।

### इंदिरा आईवीएफ की बैंकर आईवीएफ से साझेदारी

**उदयपुर (पुकार)।** इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल लिमिटेड ने अहमदाबाद के प्रसिद्ध फर्टिलिटी सेंटर बैंकर हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड (बैंकर आईवीएफ) में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। यह साझेदारी इंदिरा आईवीएफ की गुजरात में उपस्थिति को और मजबूत बनाते हुए, प्रजनन उपचार सेवाओं के क्षेत्र में एक अहम पड़ाव  साबित होगी। इस गठबंधन से अब इंदिरा आईवीएफ की उपस्थिति अहमदाबाद, वडोदरा, राजकोट, मेहसाणा सहित गुजरात के कई प्रमुख शहरों में हो गई है। बैंकर आईवीएफ, जिसका मुख्यालय अहमदाबाद में है, पिछले तीन दशकों से प्रजनन चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। यह सेंटर जटिल चिकित्सीय इतिहास वाले और पूर्व उपचार करवा चुके दंपत्तियों को भी सहायक प्रजनन सेवाएं प्रदान करता है। इंदिरा आईवीएफ का हिस्सा बनने के बाद भी बैंकर आईवीएफ अपनी पहचान और मूल्यों के साथ काम करता रहेगा, साथ ही आधुनिक तकनीक और बेहतर सेवाओं के जरिए क्षेत्र में और अधिक मरीजों की सहायता करेगा।

### जेके ऑर्गनाइजेशन ने रक्तदान शिविर आयोजित किए

**उदयपुर (पुकार)।** जेके ऑर्गनाइजेशन ने पूर्व अध्यक्ष और 4 बिलियन डॉलर के समूह के विकास में मुख्य भूमिका निभाने वाले प्रमुख वास्तुकार स्वर्गीय हरिशंकर सिंघानिया की 92वीं जयंती पर अपने विभिन्न संयंत्रों और बिक्री कार्यालयों में रक्तदान शिविर आयोजित किए। समूह की कंपनियों के लगभग 7,800 कर्मचारियों ने इस मानवीय पहल का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से योगदान  दिया । रक्तदान से पहले, सभी प्रतिभागियों ने रक्तचाप, हीमोग्लोबिन और वजन के आकलन सहित बुनियादी स्वास्थ्य जांच करवाई । प्रत्येक रक्तदान दाता को उनके योगदान के सम्मान में प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। रक्तदान शिविर के माध्यम से स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया को एक विशेष श्रद्धांजलि दी गई, जो समाज को समर्थन देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध थे। पद्म भूषण से सम्मानित, सिंघानिया ने जेके ऑर्गनाइजेशन के विकास और समेकन को आगे बढ़ाने, नए उद्यम स्थापित करने और कई कंपनियों को समूह के दायरे में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जेके ऑर्गनाइजेशन के चेयरमैन भरत हरि सिंघानिया ने कहा कि  हमारे संस्थापकों का दृढ़ विश्वास था कि व्यवसाय को एक उच्च उद्देश्य की पूर्ति करनी चाहिए - और यह विश्वास आज भी हमारा मार्गदर्शन करता है।

### पीएंडजी शिक्षा और एनजीओ प्रथम फाउंडेशन का विशेष समर कैंप संपन्न

**उदयपुर (पुकार)।** अपनी प्रमुख सीएसआर पहल पी एंड जी शिक्षा के माध्यम से वंचित समुदायों पर 20 वर्षों से सकारात्मक प्रभाव डालने का जश्न मनाते हुए, टाइड, विक्स, जिलेट जैसी ब्रांड्स बनाने वाली पीएंडजी इंडिया ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ मिलकर राजस्थान में वंचित बच्चों के लिए एक विशेष और बड़े स्तर का समर लर्निंग कैंप आयोजित किया। सीएएमएएल (अधिकतम सीखने के लिए संयुक्त गतिविधियाँ) नामक इस कैंप का उद्देश्य सभी भाग लेने वाले बच्चे गर्मी की छुट्टियों का उपयोग कर पढ़ने की समझ, मौखिक और लिखित रूप से विचार व्यक्त करने की क्षमता, और गणित एवं विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में सक्षम बनाना था ।  राजस्थान में इस कार्यक्रम के तहत लगभग 18,600 युवा स्वयंसेवकों को जोड़ा गया, जिन्होंने मिलकर वंचित समुदायों के  2.44 लाख से अधिक बच्चों को शिक्षित किया- जिससे गर्मियों का मौसम तेज़ी से सीखने का अवसर बन गया। इस कैंप का आयोजन राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन, एनजीओ और कॉलेजों के सहयोग से किया गया।

### उदयपुर में शुरू होगा जस्ट सर्च

**उदयपुर (पुकार)।** जस्ट सर्च एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो व्यवसायों और कुशल कारीगरों को मुफ्त में लिस्ट करने की अनुमति देता है, जिससे ग्राहकों को आसानी से उत्पादों और सेवाओं की खोज करने में मदद मिलती है। ये जस्ट डायल का अपडेटेड वर्जन माना जा रहा है। जस्ट सर्च के संभावित लाभ में व्यवसायों के लिए अधिक दृश्यता, पहुंच, ग्राहकों के लिए आसानी से सेवाएं और उत्पाद ढूंढना,कुशल कारीगरों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर सहित कई नए फीचर्स जोड़े गए है। यदि जस्ट सर्च उदयपुर में शुरू होने से यह शहर के व्यवसायों और निवासियों के लिए एक उपयोगी संसाधन हो सकता है। इसमें ग्राहक आसानी से उनके प्रोडेक्ट और सर्विसेज की खोज कर सीधे वार्तालाप कर सकते है। जस्ट सर्च के फाउंडर जोधपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने एप्पलीकेशन के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान भारती सिंह, दीपक चोरडिया,दिनेश हरखानी,विजय गौड़,गोविंद सिंह,दिलीप जैन,पंकज बाबेल, महेंद्र रेगर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जेजेसी सदस्यों का डबोक धूणी माता पर ट्रेकिंग का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** सामाजिक संस्था जैन जागृति सेन्टर उदयपुर का पर्वतमाला ट्रेकिंग का आयोजन उदयपुर शहर से 25 किलोमीटर दूरी पर डबोक स्थित धुणी माता पर्वत पर मुख्य संरक्षक राजकुमार फत्तावत के नेतृत्व किया। जहां पर जेजेसी परिवार के 200 से अधिक सदस्यों ने माताजी की आरती की, भजन गाए, सदस्यों ने इतिहास की जानकारी ली एवं अखंड ज्योत के दर्शन किए। राजकुमार फत्तावत ने बताया कि जेजेसी द्वारा समय-समय पर ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे है। उन्होने कहा कि उदयपुर के डबोक एरिया में महाराणा प्रताप एयरपोर्ट के सामने नाहरा मगरा पहाड़ी के ऊपर लगभग 500 साल से धूणी माता के रूप में हिंगलाज माता विराजमान है जिसे धूणी माता हिंगलाज भैरव भवानी शक्तिपीठ नाहरा मगरा पर्वत धूणेश्वर धाम कहा जाता है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु मंदिर को बड़ा चमत्कारिक मानते हैं और बताते हैं कि माता सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। अरावली पर्वतमाला का संरक्षण का संदेश देते हुए कहां कि अरावली पर्वतमाला उदयपुर का वरदान एवं आभूषण है। वन संरक्षण, जल संरक्षण प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

कार्यक्रम का आगाज नवकार महामंत्र के सामूहिक मंगलाचरण से हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत अध्यक्ष अरूण मेहता द्वारा किया गया। आभार कार्यकारी अध्यक्ष नितिन लोढ़ा एवं महामंत्री ललित कोठारी द्वारा ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत, चंद्र प्रकाश चोरडिया, श्याम नागोरी, सुधीर चित्तौड़ा, लक्ष्मण शाह, अध्यक्ष अरुण मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन लोढ़ा, महामंत्री ललित कोठारी, लेडिज विंग अध्यक्षा नीता छाजेड़, महामंत्री रचिता मोगरा, ट्रेकिंग संयोजक तरुण जैन, सारिका जैन, संदीप कोठारी, भरत दानी, विमल कटारिया, सिद्धार्थ मोगरा, वीरेंद्र सिंघवी, ललित तलेसरा, राकेश छाजेड़, हर्षा तलेसरा, अंकुश बोलिया, पिंकी चित्तौड़ा, गरिमा कोठारी, हर्षा तलेसरा, भूपेंद्र गजावत, मीना कावडिया, नीतू गजावत आदि का विशेष सहयोग रहा।

### नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में 210 रोगियों ने परामर्श एवं जाँच का लिया लाभ



**उदयपुर (पुकार)।** श्री मेवाड़-वागड़ प्रान्तीय दिगम्बर जैन दसा नरसिंहपुरा महासभा महिला परिषद् एवं पेसिफिक इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, उमरड़ा के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन मेवाड़-वागड़ छात्रावास भवन हिरण मगरी सेक्टर नम्बर 14 में हुआ। महिला परिषद् अध्यक्ष लक्ष्मी देवी बोरा ने बताया कि शिविर की मुख्य अतिथि श्रीमती गुणमाला देवी धर्मपत्नी भँवर लाल भुलावत सेक्टर नम्बर 11 उदयपुर थीं। परिषद की उपाध्यक्ष एवं शिविर संयोजिका रीटा जैन ने बताया कि यह शिविर किसी समाज विशेष का नहीं बल्कि यह सामान्य शिविर जिसमें कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। शिविर प्रातः 9.30 से समय पर शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चला जिसमें 210 रोगियों ने परामर्श एवं जाँच का लाभ उठाया। युवा परिषद महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष सिंघवी ने बताया कि शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डा. महेश जैन, अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. लक्ष्मीनारायण मीणा, पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ डा. साहिल परमार, डा. चारूलता पुर्बिया, स्त्री, प्रसूति एवं निस्सन्तानता रोग विशेषज्ञ, जनरल मेडीसन डा. अजयपाल सिंह, मस्तिष्क एवं स्नायु रोग विशेषज्ञ डा. राजेश खोईवाल, चर्म रोग विशेषज्ञ डा. संजय जैन, सहायक प्रोफेसर एण्ड सर्जन, रविन्द्रनाथ मेडिकल कॉलेज डॉ. जगदीश चौधरी एवं दंत रोग विशेषज्ञ डा. पुनीत जैन ने अपनी निष्काम सेवाएं प्रदान की।

महासभा अध्यक्ष लक्ष्मी लाल बोहरा ने बताया कि सभी उपस्थित जनसमुदाय को डा. लवलीन गुप्ता, मेडीकल साइंटिस्ट हैदराबाद द्वारा स्वस्थ्य जीवन शैली एवं पानी से रोगों पर नियंत्रण कैसे किया जा सकता है इस पर प्रोजेक्टर द्वारा अपना विस्तृत व्याख्यान दिया। महिला परिषद महामंत्री अनिता वणावत द्वारा शिविर की समस्त तैयारियां करवाई गई जिसमें मनीष आवोत, हितेष भंवरा, रवीन्द्र वोरा, कैलाश चन्द्र हाथी की सेवाएँ सराहनीय रही। शिविर का संचालन अनिता वणावत द्वारा किया गया। शिविर में श्याम सुन्दर कोठारी, शीतल कुमार डूंगरिया, रमेश चन्द्र केरोत, डॉ. रितेष जैन, नेमी कुमार जैन, जनमेश, अल्पेश कीकावत, अभिषेक भावोत, महावीर लुठादिया, महिला परिषद् संरक्षिका शकुन्तला कोठारी एवं सुधा बोहरा तथा महिला परिषद् की सभी पदाधिकारी उपस्थित रही। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण उद्यमी मंच का उद्घाटन रानू कंठालिया द्वारा किया गया। टीम की सभी सक्रिय सदस्य प्रीतिबाला कंठालिया, भाविका पचौरी, मीना रत्नावल, सीमा लुणदिया, अलका कोठारी, ज्योति फांदोत, कुसुम कंठालिया, नीलम भावोत, साधना दलावत एवं अनीता वक्तावत उपस्थित रहीं।

### जिला कलक्टर ने ली बिजली-पानी-स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक



**उदयपुर (पुकार)।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में मलेरिया, डेंगू सहित अन्य बीमारियों का प्रकोप फैलने की आशंका रहती है। ऐसे में आमजन को इन बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। इसके लिए चिकित्सा विभाग जन अभियान के तौर पर कार्य करते हुए आमजन को बीमारियों के प्रति सावचेत करे।

जिला कलक्टर श्री मेहता सोमवार को कलक्ट्रेट कक्ष में बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य से जिले में चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभागीय स्तर पर चल रही गतिविधियों के बारे में जाना। जिला कलक्टर ने कहा कि विभागीय स्तर पर एंटी लार्वा एक्टिविटी के साथ ही आमजन को जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर ने 24 जून से प्रारंभ हो रहे पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के दौरान विभागीय टीमें घर-घर जाकर लोगों को टंकियों, कूलर आदि के पानी को समय-समय पर बदलने, आंगन-छतों पर पड़े ऐसे सभी सामान जिसमें पानी एकत्र रहता हो उन्हें साफ कराने, घरों के आसपास गंदगी नहीं फैलने देने, किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल चिकित्सा से परामर्श लेकर उपचार कराने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता के आर मीणा को बारिश के दौरान संभावित बिजलीजनित हादसों की रोकथाम को लेकर भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत निगम और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता रविन्द्र चौधरी भी उपस्थित रहे।

हडताल का असर : एमबी में नहीं हो रहे है आपरेशन, गंभीर बिमारी से ग्रसित मरीजों को करना पड़ रहा है परेशानी का सामना

# रेजीडेंट डॉक्टर्स की पांचवे दिन भी हड़ताल रही जारी

### हॉस्पिटल प्रशासन की शव यात्रा निकालकर प्रशासनिक भवन के बाहर किया पुंतला दहन







**उदयपुर (पुकार)।** डॉ. रवि शर्मा की करंट लगने से मौत के मामले में रेजीडेंट डॉक्टर्स की ओर से की जा रही हडताल पांचवे दिन भी जारी रही। सोमवार को रेजिडेंट्स ने कॉलेज परिसर में प्रशासन के खिलाफ रैली निकाली और पुतला दहन किया। रैली में कॉलेज प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। 600 से ज्यादा रेजीडेंट डॉक्टर्स के हडताल पर चले जाने से एमबी हॉस्पिटल सहित शहर के 6 हॉस्पिटल की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। एमबी हॉस्पिटल में ओपीडी में मरीजों की लम्बी कतारें लग गई। हालांकि सीनियर डॉक्टर्स ने पूरी तरह से मोर्चा संभाले रखा लेकिन मरीजों की संख्या अधिक होने व डॉक्टर्स की संख्या अनुपात में कम होने से उसका असर दिखाई दिया। बता दे कि मेडिकल कॉलेज के पीजी हॉस्टल में करंट से हुई डॉ. रवि शर्मा की मौत मामले में यह बात भी सामने आई है कि रेजिडेंट्स ने पहले भी कई बार वाटर कूलर में करंट आने की शिकायत की थी। व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से हॉस्टल प्रशासन, अस्पताल और कॉलेज प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया था। रेजिडेंट्स ने दुर्घटना की आशंका भी जताई थी, लेकिन प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। न तो वाटर कूलर की मरम्मत कराई गई और न ही वहां कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया। माना जा रहा है कि प्रशासन की इसी लापरवाही के कारण डॉ. रवि शर्मा की करंट लगने से मौत हो गई।

परिजनों ने कॉलेज, हॉस्पिटल और हॉस्टल के लापरवाह कर्मचारियों के दर्ज करवाई एफआईआर

मृतक डॉ. रवि शर्मा के परिजनों ने कॉलेज, हॉस्पिटल और हॉस्टल के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। डॉ. रवि शर्मा की मौत के मामले में उनके चाचा देवीकिशन शर्मा ने हाथीपोल थाने में शिकायत दी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 106(1) के तहत लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रथयात्रा में पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

# महाआरती में होंगे पांच हजार आठ वृक्ष वितरण



**उदयपुर (पुकार)।** अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति, आलोक संस्थान, सर्व समाज, संगठन की ओर से आयोजित होने वाली भव्य दिव्य महाआरती एवं इस्कॉन मन्दिर से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा इस बार न केवल भक्ति और श्रद्धा का उत्सव बनेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाएगी। इस्कॉन समूह की भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के अंतर्गत बोहरा गणेशजी चौराहे पर एक भव्य दिव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एक अनूठी पहल के अंतर्गत प्रत्येक आरती करने वाले भक्त को एक वृक्ष प्रदान किया जाएगा।

यह अभिनव प्रयास अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति एवं प्लांट विद प्राइड संस्था, शडेस ऑफ उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से भक्तों को यह प्रेरणा दी जाएगी कि वे भगवान जगन्नाथ के प्रसाद रूपी इन वृक्षों को अपने घर, गमलों, बाग-बगीचों अथवा आसपास के स्थानों पर रोपित कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें। कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन समारोह इस्कॉन मंदिर, गंगू कुंड, उदयपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्षता डॉ. प्रदीप कुमावत राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति ने की! मुख्य अतिथि इस्कॉन मन्दिर प्रमुख मायापुरवासी थे। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमावत ने कहा कि ÷भगवान जगन्नाथ ही एकमात्र ऐसे देव हैं जो दारु वृक्ष (लकड़ी) से अपने नवकलेवर में प्रकट होते हैं। वे हमें प्रतिवर्ष रथयात्रा के माध्यम से यह संदेश देते हैं कि जितने वृक्ष कटते हैं, उससे कई गुना अधिक वृक्षों का रोपण करके ही धरती का संतुलन बनाए रखा जा सकता है। इसी प्रेरणा को साकार करते हुए इस बार की महाआरती में 5008 भक्तों को 5008 वृक्ष प्रदान किए जाएंगे।÷ इस अवसर पर इस्कॉन मन्दिर के मायापुरवासी ने रथयात्रा की रूपरेखा बताते हुए कहा कि प्रभु श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा प्रातः 8ः00 बजे इस्कॉन मंदिर, गंगू कुंड से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई 11ः00 बजे बोहरा गणेशजी चौराहे पर पहुंचेगी, जहां पर यह भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी। इस दौरान कीर्तन, भजन, संकीर्तन व भक्ति-रस की वर्षा के साथ संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। इस अवसर पर प्लांट विद प्राइड और शडेस ऑफ उदयपुर के गगन शर्मा, आलोक के निश्चय कुमावत, ध्रुव कुमावत, संजीव भारद्वाज, भूपेंद्र सिंह भाटी, जे एस राय, मनीष तिवारी, गोपाल कनेरिया, विनायक शर्मा, रमेश चौधरी, संजय चौधरी, सुरेश पालीवाल, सहित कई गणमान्य नागरिक, संस्थाओं के पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

### कूंची से रच रहे प्रताप की शौर्य गाथा, नई पीढ़ी के लिए बनेगी प्रेरणा

**उदयपुर (पुकार)।** हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतुः शती समारोह के प्रथम सोपान के अंतर्गत मेवाड़ लघु चित्र कार्यशाला में कलाकारों की कूंचियों ने इतिहास को रंगों में उकेर दिया है। प्रताप गौरव केंद्र, पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर एवं संस्कार भारती उदयपुर महानगर इकाई के सहयोग से आयोजित शिविर में मेवाड़ की गौरवगाथा चित्रों के माध्यम से जीवंत हो उठी है। शिविर संयोजक प्रो. रामसिंह भाटी ने बताया कि चित्रों में मेवाड़ के चटक रंग, गहरी रेखाएं और विषयवस्तु की विविधता दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। चित्रों में महाराणा प्रताप की युद्धनीति, भक्ति, वीरता और लोकसंपर्क को उकेरा गया है। राधेश्याम स्वर्णकार ने महाराणा प्रताप व अजब दे कंवर के विवाह उपरांत एकलिंग दर्शन का चित्र उकेरा है, वहीं प्रमोद सोनी ने भामाशाह के समर्पण भाव को दर्शाया। राजेश सोनी की कृति में प्रताप अपने प्रिय हाथी रामप्रसाद पर सवार दिखते हैं। खूबीराम शर्मा ने चावंड युद्ध के दृश्य में अमर सिंह को रणभूमि में दर्शाया, संदीप शर्मा ने चेतक के चयन का क्षण चित्रित किया। मदनलाल शर्मा ने हल्दीघाटी युद्ध का सजीव चित्र प्रस्तुत किया तो गणेशलाल गौड़ ने प्रताप को युद्ध से पूर्व एकलिंग दर्शन करते दिखाया। 24 जून तक कलाकार कृतियों को अंतिम रूप देंगे और 25 जून को चित्र प्रदर्शनी आमजन के अवलोकन के लिए रखी जाएगी। छोटू लाल ने अपने चित्र में बंदी मुगल महिलाओं को स्वतंत्र करने की आज्ञा देते हुए महाराणा प्रताप को बनाया है। अशोक शर्मा एवं रामचंद्र शर्मा ने भी अपने चित्रों में युद्ध के दर्शन अंकित की है।

## फार्मासिस्ट भर्ती में गडबडियों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**उदयपुर (पुकार)।** मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अंतर्गत जिले के 9 चिकित्सा संस्थानो पर संविदा फार्मासिस्टों की भर्ती में हुई गडबडी को लेकर यूबीटी कार्मिक संघ के सदस्यों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और सीएमएचओ डॉ . अशोक आदित्य के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। यूबीटी कार्मिक संघ के सदस्यों ने ज्ञापन के मार्फत बताया कि सीएमएचओं ने इस भर्ती को लेकर जो आदेश निकाले वे आदेश बेकडोर के आदेश है और सीएमएचओं डॉ. आदित्य अपने चहेतों को लगाना चाहते है। ऐसे में सीएमएचओं ने सार्वजनिक विज्ञापन तक जारी नहीं किया और उसके बाद जो पोस्टिंग दी गई वह भी अपनी मनमर्जी से पोस्टिंग दे दी गई। ऐसे में जिन्हे पोस्टिंग दी गई है उन्हें निरस्त करते हुए पूरे मामले की जांच करवाकर जो पात्र है उन्हें पोस्टिंग दिलाकर राहत प्रदान की जाए।

### काली कल्याण धाम में लोक देवता कल्लाजी का अनूठा श्रृंगा किया

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के हिरणमगरी सेक्टर 14 स्थित मंदिर में काली कल्याण धाम में लोक देवता कल्लाजी का भी अनूठा श्रृंगार किया गया। यह श्रृंगार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा से जोड़कर किया गया। कल्लाजी के मंदिर में एक भव्य और मनोरम झांकी बनाई जिसमें भगवान जगन्नाथ के भव्य रथ को लोक देवता श्री कल्लाजी द्वारा स्वयं खींचते हुए दिखाया गया। 27 जून को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की विशाल रथयात्रा को लेकर खासा उत्साह है और इस रथ यात्रा की पूरे शहर में तैयारी की जा रही है और इसी क्रम में इस मंदिर में भी यह श्रृंगार किया गया है। मंदिर में इस झांकी के माध्यम से यह दिखाया गया कि भगवान जगन्नाथ को श्री कल्लाजी स्वयं नगर भ्रमण पर ले जा रहे हैं। लोक देवता कल्ला जी के प्रति भक्तों की खासी आस्था है और इस मनोरम झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं के लिए यह दृश्य अत्यंत भावुक और आध्यात्मिक अनुभव देने वाला रहा। उदयपुर में निकलने वाली रथयात्रा जगन्नाथपुरी की तर्ज पर होती है और भगवान जगन्नाथ के विशाल रजत रथ को खींचने के लिए हजारों की तादाद में भक्त रथ यात्रा में शामिल होते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आगाज

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय एवं भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के संघटक विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रसायन विभाग की ओर से सोमवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में रसायन विज्ञान में नवाचारः हरित संश्लेषण और औषधि डिजाइन विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार को शुभारंभ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, भूपाल नोबल्स संस्थान के मंत्री प्रो. महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक डॉ. मोहब्बत सिंह रूपाखेडी, संयुक्त मंत्री राजेन्द्र सिंह ताणा, रोटम एग्रोकेमिकल हांगकांग के पूर्व निदेशक डॉ. सतीश चंद्र तिवारी, डीन प्रो. रेणु राठौड़ ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

प्रारंभ में प्रो. रेणु राठौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दो दिवसीय सेमीनार की जानकारी दी।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. एसएस सारंगदेवोत ने भारतीय ज्ञान परंपरा में वर्णित रसायनों के उपयोग के प्रकारों और तरीके ही आधुनिक ग्रीन रसायन है जिसमें प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता समाहित है। उन्होने वेदों एवं ऋषि परंपरा के अनुसार प्रकृति के साथ आत्मिक संबंध स्थापित करके रसायनों के द्वारा पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। उन्होने जैव उर्जा के उपयोग और कृषि में प्रकृति आधारित नवाचारों के उपयोग से उर्जा खपत कम करने, पारिस्थितिकी तंत्र व जीवन चक्र को व्यवस्थित करने में हरित रसायन की महत्ता को भी रेखांकित किया।

माकूल व्यवस्थाओं के बीच शुरू हुई प्राध्यापक व कोच प्रतियोगी परीक्षा

## पहली पारी में 66.45 प्रतिशत और द्वितीय पारी में 66.89 प्रतिशत ने दी परीक्षा

### संस्कृत, राजनीति विज्ञान और समाज शास्त्र के पेपर की तिथियों में संशोधन

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा - 2025 सोमवार से प्रारंभ हुई। उदयपुर में पहले दिन दोनों पारियों में माकूल व्यवस्थाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा आयोजित हुई। पहली पारी में 66.45 प्रतिशत तथा दूसरी पारी में 66.89 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

परीक्षा समन्वयक एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि पहली पारी में जिले के 81 परीक्षा केंद्रों पर ग्रुप ए सामान्य ज्ञान का पेपर हुआ। इसमें 25783 अभ्यर्थियों में से 17133 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 8650 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में हिन्दी विषय का पेपर हुआ। इसमें 39 परीक्षा केंद्रों पर 11474 में से 7675 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। 3799 अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई।

प्राध्यापक व कोच प्रतियोगी परीक्षा की तिथियों के साथ युजीसी नेट परीक्षा की तिथियों का टकराव होने से राजस्थान लोक सेवा आयोग ने कुछ विषयों की परीक्षा तिथियों में संशोधन किया है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि 25 जून को प्रस्तावित ग्रुप ए के संस्कृत पेपर द्वितीय की परीक्षा अब 5 जुलाई को प्रथम पारी में सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित होगी। ग्रुप बी में राजनीति विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों का सामान्य ज्ञान का पेपर 26 जून के स्थान पर 6 जुलाई को प्रथम पारी में सुबह 10 से 11.30 बजे तक आयोजित होगा। इसी प्रकार 26 जून को द्वितीय पारी में प्रस्तावित राजनीति विज्ञान का द्वितीय प्रश्न पत्र 6 जुलाई को द्वितीय पारी में तथा 29 जून को द्वितीय पारी में प्रस्तावित समाज शास्त्र का द्वितीय प्रश्न पत्र नई तिथि 5 जुलाई को द्वितीय पारी में आयोजित होगा।

मेहता ने बताया कि पूर्व निर्धारित ग्रुप बी के केवल राजनीति विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों के लिए सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र को स्थगित किया गया है। समाज शास्त्र विषय के अभ्यर्थियों एवं ग्रुप बी के अन्य सभी विषयों के लिए सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा का आयोजन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 26 जून को सुबह 10 से 11.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### महिला को आत्महत्या के लिए किया मजबूर, आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**उदयपुर (पुकार)।** शहर की सवीना थाना पुलिस ने महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सवीना थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी ने मृतका को वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी दी, जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि महिला के पति ने 19 जून को रिपोर्ट दी कि मेरी पत्नी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मेरे पुत्र ने बताया कि शक्ति सिंह पिता मनोहर सिंह निवासी अखेपुर जिला सलूम्बर घर पर आया और मेरे मकान के पास आकर गाडी का हॉर्न बजाने लगा व मेरी पत्नी को फोन कर मिलने के लिए बुलाने लगा। मेरी पत्नी के मना करने पर वह मेरी पत्नी को धमकाने लगा। इस तरह शक्ति सिंह ने मेरी पत्नी का मानसिक रूप से शोषण कर फांसी लगाने के लिए मजबूर किया। जिससे मेरी पत्नी ने परेशान होकर फांसी लगा कर अपनी जान दे दी। इस प्रकरण के दर्ज होने के बाद पुलिस टीम ने शक्तिपाल सिंह पिता मनोहर सिह निवासी अखैपुर थाना झल्लारा जिला सलुम्बर को गिरफ्तार कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है।

### डीएसटी व सवीना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही, 5 किलों के गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**उदयपुर (पुकार)।** जिला स्पेशल टीम व सवीना थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही करते हुए 5 किलोग्राम गांजा जब्त कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सवीना थानाधिकारी अजय सिंह राव ने बताया कि हाईवे पर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएसटी व सवीना थाना पुलिस ने हाईवे पर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने वालो के विरूद्ध संयुक्त कार्यवाही करते दो अलग-अलग कार्यवाहियों को अंजाम दिया है। सद्दाम खान पिता ईस्तियाक निवासी वर्मा कॉलोनी को गिरफ्तार करते हुए करीब 3.42 किलोग्राम व अभियुक्त सोहनलाल उर्फ कालु पिता मोहनलाल निवासी नया घर से करीब 1.211 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

# नैचुरा आई केयर और योगा सेंटर में होता है आखों का ईलाज

### 1 जुलाई तक प्रतिदिन 2 घंटे निःशुल्क रहेगा शिविर



**उदयपुर (पुकार)।** मीरा नगर स्थित एनआईसीसी में नेचुरा आई केयर एवं योगा सेन्टर में प्राकृतिक तरीके से आँखों का बिना किसी दवा, बिना कोई सर्जरी के सिर्फ़ प्रकृति की शक्ति और सिद्ध नेत्र व्यायाम से ईलाज किया जाता है।

एनआईसीसी की निदेशक डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि हज़ारों लोग प्रति दिन चुपचाप आँखों की आम समस्याओं से पीड़ित होते हैं जिन्हें प्राकृतिक रूप से ठीक किया जा सकता है। आँखों की समस्याओ से अनेक पीड़ित है जिनकी यहां पर सहायता की जाती है। जिसमें नजदीक या दूर की दृष्टि की समस्या,धुंधली या धुंधली दृष्टि,ध्यान केंद्रित करने, स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई, अंधेरे के बाद या कम रोशनी में देखने में संघर्ष करना,सूखी, चिड़चिड़ी या तनावग्रस्त आँखे, खास तौर पर स्क्रीन उपयोगकर्ताओं के लिए, बच्चों में भेंगापन पाया जाता है जिसे हम अक्सर अनदेखा करते है,अत्यधिक पलक झपकाना या आँख फड़कना,आँखों की थकान या तंत्रिका तनाव का संकेत, बच्चों में विशेष रूप से प्रभावी आलसी आँख (एम्ब्लियोपिया), उम्र बढ़ने के कारण 40 वर्ष के बाद दृष्टि में प्राकृतिक गिरावट व कमज़ोर आँखें,सिरदर्द, आँखों में दर्द और ध्यान केंद्रित करने में समस्याएँ, दृश्य तनाव के कारण यहां पर उनका उपचार किया जाता है। उन्होंने बताया कि आमजन को इसके लाभ बतानें के लिये 1 जुलाई तक 7 दिन का शिविर निःशुल्क रहेगा जो प्रतिदिन सांय 4 से 6 बजे आयोजित होगा।

डॉ. स्वीटी छाबड़ा एवं हनी कौर ने बताया कि प्राकृतिक रूप से उम्र से संबंधित दृष्टि में कमी को टालें,अपनी आँखों को आराम दें और रिचार्ज करें। सैकड़ों बच्चों ने प्राकृतिक रूप से चश्मा हटाया है। बिना सर्जरी के बुजुर्गों की दृष्टि में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ऑफ़िस जाने वालों ने कुछ ही सत्रों में सिरदर्द और तनाव को कम किया है।

उन्होंने बताया कि इस सेन्टर पर व्यक्तिगत नेत्र व्यायाम चिकित्सा योजनाएँ,प्राकृतिक हर्बल नेत्र उपचार,सभी उम्र के लिए नेत्र योग सत्र,नेत्र स्वास्थ्य के लिए जीवनशैली और आहार मार्गदर्शन,बच्चों के अनुकूल दिनचर्या और माता-पिता परामर्श दिया जाता है। सेन्टर पर प्रतिदिन सांय 4 से 6 बजे तक दो घंटे प्राकृतिक चिकित्सा दी जाती है।

# सम्पादकीय

## ट्रंप का 'नोबेल' दर्द

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इतना क्यों छटपटा रहे हैं? क्या उनके आग्रह पर ही पाकिस्तान ने उनके नाम की सिफारिश की है? क्या यह हास्यास्पद नहीं है कि जिस देश में आदर्श लोकतंत्र नहीं है और सेना ही सरकार को हांकती है, जिस देश को आतंकवाद की पनाहगाह माना जाता रहा है, जो देश पैसा लेकर किसी भी देश के खिलाफ 'जेहाद' करता रहा हो, जिस देश का रक्षा मंत्री कबूल करता हो कि हमने 30 साल में आतंकियों को पाला-पोसा है, उस देश ने नोबेल शांति पुरस्कार राष्ट्रपति ट्रंप को देने की सिफारिश की है? क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने शांति, स्थिरता, मानवता, सौहार्द के लिए अमूल्य, अतुलनीय प्रयास किए हैं? यदि अमरीकी राष्ट्रपति खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के योग्य मानते हैं, तो मध्य-पूर्व में ही, ईरान के इर्द-गिर्द, अमरीका के 16 बड़े सैन्य अड्डे क्यों हैं? करीब 60 एकड़ क्षेत्र में घातक, संहारक विमान और 51,000 से अधिक सैनिक क्यों तैनात हैं? क्या यह भी शांति के लिए बंदोबस्त किया गया है? कमोबेश अमरीका की सीमाएं वहां से काफी दूर हैं। यह अमरीका का साम्राज्यवाद ही है। बुनियादी तौर पर अमरीका हिंसक, युद्धोन्मादी, जनसंहारक देश है। राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि उन्होंने रवांडा-कांगो के बीच समझौता करवा दिया है, जो सोमवार से प्रभावी हो जाएगा। मिस्त्र और इथियोपिया में शांति स्थापित कराई है। कोसोवो और सर्बिया के बीच युद्ध रुकवाया है। उन्होंने 15वीं बार यह दावा भी किया है कि भारत और पाकिस्तान के दरमियान हालिया संघर्ष को खत्म कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पाकिस्तान ने भी अपनी सिफारिश में लिखा है कि भारत के साथ संघर्ष में राष्ट्रपति ट्रंप का हस्तक्षेप एक वास्तविक शांतिदूत के रूप में उनकी भूमिका और बातचीत के माध्यम से संघर्ष के समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पूरी तरह गलत प्रमाणपत्र है। भारत ने पाकिस्तान के साथ कब बातचीत की थी? सैन्य अफसरों का संवाद युद्धविराम के लिए महज औपचारिकता था। नोबेल पुरस्कार कमेटी को ऐसी छद्म और फर्जी सिफारिश करना ही अपराध है।

यदि राष्ट्रपति ट्रंप वाकई 'शांतिदूत' हैं, तो फलस्तीन के गाजा में हमले अब भी जारी क्यों हैं? वह रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त क्यों नहीं करवा पाए? यह तो ट्रंप का मुख्य चुनावी मुद्दा था। इराक, सीरिया, लीबिया, लेबनान, यमन, अफगानिस्तान आदि देशों में अमरीका की युद्धबाज के तौर पर और खुद राष्ट्रपति ट्रंप की क्या भूमिका रही है? मौजूदा इजरायल-ईरान युद्ध को ही लें। बीते 10 दिन से भीषण हमले जारी हैं। करीब 700 मौतें हो चुकी हैं। ईरान के 12 से अधिक सैन्य जनरल मार दिए गए हैं। परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। कितनी इमारतें और प्रतिष्ठान खंडहर कर दिए गए हैं, उनका डाटा अभी उपलब्ध नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि वह इजरायल को युद्ध छोडने को नहीं कहेंगे। यह कौनसा शांतिकर्म है? ट्रंप बार-बार बयान बदल रहे हैं। अमरीका युद्ध में संलिप्त भी है और राष्ट्रपति ट्रंप ने दो सप्ताह के बाद कोई फैसला लेने की बात कही है। वह दावा करते रहे हैं कि ईरान परमाणु बम बना रहा है, जबकि उनकी सरकार में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम 2003 में ही बंद करा दिया गया था, लिहाजा ईरान परमाणु बम कैसे बना सकता है? ट्रंप ने उनके बयान को खारिज कर दिया, तो तुलसी को भी सफाई देनी पड़ी। यदि ट्रंप वाकई 'शांतिदूत' हैं, तो उनका परमाणु बम से क्या लेना-देना? उनके प्रयास होने चाहिए कि युद्ध अविलंब खत्म हो, लेकिन अमरीका की नीयत के मद्देनजर रूस और चीन को चेतावनी देनी पड़ रही है कि अमरीका युद्ध में घुसने की कोशिश न करे। राष्ट्रपति ट्रंप का नोबेल पुरस्कार के लिए दर्द बार-बार बयां हो रहा है कि वह कितना, कुछ भी कर लें, लेकिन उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। उनकी यह छटपटाहट इसलिए भी घनीभूत होती है, क्योंकि 2009 में तत्कालीन अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। अब यह तय होना है कि ट्रंप पात्र हैं या नहीं?

# दादा-दादी, नाना-नानी बच्चों के जीवन में कई सकारात्मक भूमिकाएं निभाते है- गोविंद प्रसाद सोडानी

## वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा मेरे दादा सबसे अच्छे-सबसे अच्छे मेरे दादा कार्यक्रम आयोजित





**भीलवाडा (पुकार)।** दादा-दादी, नाना-नानी बच्चों के जीवन में कई सकारात्मक भूमिकाएं निभाते है, बच्चो को परिवार का महत्व व जीवन का मूल्य सिखाते हैं। वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा मेरे दादा सबसे अच्छे-सबसे अच्छे मेरे दादा कार्यक्रम इन्ही बातों को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया है। यह एक अच्छे कुटुम्ब प्रबंधन के साथ नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने की राह दिखाता है यह विचार महाराणा प्रताप सभागार (टाउन हॉल) में आयोजित वरिष्ठ नागरिक मंच (संस्थान) के मेरे दादा सबसे अच्छे-सबसे अच्छे मेरे दादा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोविंद प्रसाद सोडानी ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किये। समारोह की अध्यक्षता तिलोक छाबड़ा ने की। समारोह के विशिष्ट अतिथि राधेश्याम सोमानी, विनीत अग्रवाल ने भी अपने विचार रखते हुए मंच के इस कार्यक्रम को अनूठा बताया। संरक्षक टीसी चौधरी, ओम प्रकाश हिंगड़, निर्मल कुमार जैन, श्याम कुमार डाड, महिला सचिव वीणा खटोड़ ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व महिला सदस्यों द्वारा राष्ट्रगीत वन्दे मातरम गान से हुआ। मंच के अध्यक्ष मदन खटोड़ ने सभी का स्वागत किया। संयुक्त महासचिव कैलाश चंद्र सोमानी ने बताया कि निर्णायक मंडल के सदस्य रमा पचीसिया, नवीन राव व स्वरम त्रिपाठी का तिलक, माला, परणा व मोमेंटो द्वारा अभिनंदन किया गया। निर्णायकगण के अनुसार कनिष्ठ वर्ग में दादा, दादी, नाना, नानी के साथ 10 वर्ष तक के बच्चो में प्रथम स्थान सत्यनारायण टांक-रुदविका, द्वितीय स्थान उमाशंकर शर्मा-भाग्य मिश्रा व तृतीय स्थान आशा चौधरी-अथर्व ने प्राप्त किया। इसी प्रकार वरिष्ठ वर्ग में 11 वर्ष व ऊपर के बच्चों में प्रथम स्थान पर सुशीला स्वर्णकार-प्रतिष्ठा, द्वितीय स्थान पर योगेन्द्र सक्सेना, कुमुद सक्सेना-अश्वल व तृतीय स्थान पर प्रमोद कुमार, पुष्पा तोषनीवाल- विभि रहे। अन्य सभी प्रतिभागियों का सांत्वना पुरस्कार से अभिनंदन किया गया। मीडिया प्रभारी गोविंद प्रसाद लढ़ा ने बताया कि विजेताओं को पुरस्कार वितरण प्रायोजक रामपाल सोनी व पुष्पा सोनी के द्वारा किये गए। समारोह में खटोड़ परिवार द्वारा लव जिहाद पर एक विशेष नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसकी सभी ने सराहना करते हुए इसे शिक्षाप्रद बताया। इसमें भाग लेने वाले कलाकार मदन खटोड़, वीणा खटोड़, राजकुमारी काकानी, जया तोषनीवाल, विजया सोमानी, वृंदा सोमानी, आरवी तोषनीवाल, उर्वी खटोड़ थे। कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद कुमार तोषनीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश चंद्र सोमानी ने किया। इस अवसर पर कैलाश चंद्र पुरोहित, बसंतीलाल जी मुंदड़ा, उमाशंकर शर्मा, भवानीशंकर शर्मा, ओम प्रकाश लढ़ा, रामपाल शर्मा, राजकुमार अजमेरा, एनसी जैन, मूलचन्द बाफना, अशोक छाबड़ा, महेश शर्मा, अरुण आचार्य, अशोक डाड, अनिल ओझा, मनोहर लाल कुमावत, प्रमोद कुमार जैन, अनिल माहेश्वरी, दिनेश भट्ट, श्यामसुंदर तिवाड़ी, सरला शर्मा, पुष्पा तोषनीवाल, मंजुलता भट्ट, विमला जैन, विमला सोमानी, रमा पुरोहित, उर्मिला माहेश्वरी, शकुंतला बाफना, जतन हिंगड़, कृष्णा सेन सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग बरत रहा है पूर्ण सतर्कता

### बारिश के मौसम में सतर्कता आवश्यक- सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी

### सीएमएचओ ने दिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश, फिल्ड़ में एंटीलावर्ल गतिविधियों में लाएं गति, 24 घंटे नियंत्रण कक्ष हो सक्रिय

**भीलवाडा (पुकार)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने मानसून के दृष्टिगत जिलेभर में स्वास्थ्य सतर्कता बरतने और मच्छरजनित एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य मौसमी रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है, जिसे लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग पूर्ण सतर्कता बरत रहा है। सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने सभी बीसीएमओ और चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक रविवार ड्राई डे के दौरान फील्ड में नियमित रूप से की जा रही एंटी लार्वा गतिविधियां संपादित करने मे तेजी लाये, जलभराव की स्थिति पर नियंत्रण रखें तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। साथ ही, स्थानीय निकायों के समन्वय से फॉगिंग और लार्वा रोधी गतिविधियों को गति देने के निर्देश भी दिए। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि मौसमी बीमारियों के त्वरित उपचार के लिए सभी चिकित्सा संस्थानों को पहले से ही अलर्ट किया गया है। फील्ड में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए लगातार एंटीलारवल गतिविधियां संपादित की जा रही है, जिला व ब्लॉक स्तर पर 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की स्थापित किये गये है। अस्पतालों में दवाओं, जांच किट्स तथा चिकित्सकों की शिफ्टवार ड्यूटी की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा। किसी भी तरह की जानकारी देने या मौसमी बीमारियों से जुड़ी शिकायत दर्ज कराने हेतु कंट्रोल रूम के फोन नंबर 01482-232643 पर संपर्क किया जा सकता है। डॉ. गोस्वामी ने आमजन से अपील की है कि मौसमी बीमारी से संबंधित कोई भी लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सालय में जाकर चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार प्राप्त करें। स्वच्छता, पानी की सही निकासी और मच्छर से बचाव के उपाय अपनाकर ही संक्रमण से बचा जा सकता है।





## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा आज से,पंचायत मुख्यालयों पर लगेंगे शिविर

**फतहनगर।** राजस्थान सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने की मंशा से उपखण्ड मावली में 24जून को तहसील मावली की ग्राम पंचायत लदानी एवं वासनीकला,तहसील घासा की ग्राम पंचायत पलानाकलां एवं ग्राम पंचायत वारणी में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें राजस्व, बिजली,पानी सहित सभी विभागों की 63 से अधिक सेवाएं मौके पर ही प्रदान की जाएगी। उपखण्ड अधिकारी ने इन शिविरों के लिए प्रभारी भी लगाए हैं।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने की भीलवाड़ा से मुंबई नियमित रूप से रेल सेवा प्रारंभ करने की मांग



**भीलवाडा।** राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने जिला सरक्षक हेमंत कोठारी, जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब, संयोजक लक्की ब्यावट के नेतृत्व मे सांसद को ज्ञापन सौंपकर भीलवाड़ा से मुंबई नियमित रूप से रेल सेवा प्रारंभ करने की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन में अजमेर से वाया भीलवाड़ा होकर चलने वाली ट्रेन को प्रतिदिन चलाने की मांग की गई। सांसद ने आश्वासन दिया कि वे उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर शीघ्र ही भीलवाड़ा से मुंबई नियमित रूप से ट्रेन प्रारंभ करवाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। ज्ञापन के पश्चात भीलवाड़ा जिले में दो मेजर डिस्टिक रोड के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण हेतु 100 करोड़ की राशि स्वीकृत कराकर भीलवाड़ा जिले के लिए बड़ी सौगात दिलाने के लिए जिले के सांसद दामोदर अग्रवाल का राष्टीय मानव अधिकार परिषद द्वारा शाल, माला एवं अपर्णा से सांसद कार्यालय में स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद सुरेश बम्ब, राष्टीय मानव अधिकार परिषद के जिला महामंत्री मुकेश मेडतवाल, जिला उपाध्यक्ष प्राचीर समदानी, ललित बोहरा, विनोद सुखवाल, जिला सचिव अभिषेक पोखरना, सहसचिव सुशील लोढ़ा, अभिषेक चंडालिया, ललित लोढ़ा, राजेश बाफना, अजीत खींचा, महिला विंग जिलाध्यक्ष श्रीमती नेहा चोरड़िया, महामंत्री कुसुम श्रीश्रीमाल, गिरिराज लढा, अमित व्यास आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें...

### आकोला नगर मंडल द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**आकोला (पुकार)।** भाजपा नगर मंडल आकोला द्वारा राष्ट की एकता, अस्मिता और अखंडता की रक्षा हेतु अपने प्राणों का बलिदान देने वाले प्रखर राष्टवादी चिंतक, महान शिक्षाविद्, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शंकर साहु ने कहा डॉ. श्याम प्रसाद जी के पदचिन्हों पर चलने एवं उन्होंने कहा था एक देश मे दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे, धारा 370 समाप्त करना जो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके सपनों को साकार किए हे । हमे भी उनके संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उनकी विचारधारा के अनुरूप काम करने चाहिए। इस मौके पर आकोला नगर मंडल अध्यक्ष शंकर लाल साहु, महामंत्री हिम्मत टांक, उपाध्यक्ष उदय लाल छिपा, बसंती लाल छिपा, खुमान माली, पंकज टेलर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भगवती लाल सेन, युवा मोर्चा अध्यक्ष हरि सोनी, भाजपा नगर मंडल के सदस्य रामलाल खटीक, हीरालाल छिपा, किशन माली, मंडल संयोजक देवेंद्र छिपा, आईटी सेल मनोज यादव, घनश्याम गिरी आदि पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम पेंशनर समाज द्वारा दिया गया ज्ञापन



**आकोला।** केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित संचित निधि से पेंशन देन दारियों पर व्यय के सिद्धांतों के वैद्यकरण से संबंधित विधेयक संसद में पारित हो जाने के फल स्वरुप केंद्र सरकार व उसके अनुरूप राज्य सरकारों को पूर्व पेंशनरों और वर्तमान पेंशनरों में विभेद करने के अधिकार प्राप्त होने के विरोध में प्रदेश संगठन व जिला चित्तौड़गढ़ संगठन के निर्देशानुसार भूपालसागर के पेंशनर समाज के अध्यक्ष मदन लाल विजयवर्गीय, मंत्री किशन लाल छीपा, डॉ.ओमप्रकाश शर्मा, शांति लाल जागेटिया, अरविंद नंदवाना, भगवती लाल सेन, अब्दुल हमीद, याकूब खा, गोपाल शर्मा, नन्द लाल शर्मा, माधव लाल, राम लाल खटीक, गोपीलाल मेनारिया, जगदीश चंद्र खटोड़, संपत लाल, मोहन लाल, लालू दान, अशरफ अली, असगर अली, भगवान लाल सालवी व बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनर साथियों के साथ तहसीदार भूपालसागर को राष्टपति व प्रधानमंत्री के नाम पेंशनरों के हितों की रक्षा हेतु ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने के पश्चात सभी पेंशनर्स साथी एकत्रित हुए एवं वहां पर इस संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं पधारने वाले समस्त पेंशनरों का अध्यक्ष मदन लाल विजयवर्गीय ने आभार व्यक्त किया और इसी प्रकार से समय-समय पर संगठन की शक्ति प्रदर्शित करने का आह्वान किया गया।

### प्रजापत समाज की बैठक आयोजित

**फतहनगर (पुकार)।** रविवार को मेवाड़ा प्रजापत समाज के 16 गांवों के चोकले की मीटिंग सरंक्षक बद्री लाल प्रजापत खेरोदा व भंवर लाल प्रजापत वल्लभनगर की सरंक्षता व अध्यक्ष ललित कुमार प्रजापत मेड़ता की अध्यक्षता में कुलदेवी माँ श्रीयादेवी मन्दिर प्रांगण वल्लभनगर में हुई जिसका संचालन मांगीलाल प्रजापत मेड़ता ने किया।मीटिंग में 16 गांवों के समाजजनों ने सर्वसम्मति से तय किया कि चोकले के अध्यक्ष पद के चुनाव दिनांक 27 जुलाई 2025 को चुनाव अधिकारी वल्लभनगर के कैलाश चंद्र प्रजापत व मोहन लाल प्रजापत की देखरेख में सम्पन्न कराए जाएंगे।अध्यक्ष पद के इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 29 जून तक अपना नाम चोकले के कोषाध्यक्ष रतन लाल प्रजापत,वल्लभनगर को प्रेषित कर सकते है।मीटिंग में समाज सुधार व विकास के कई मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय किए गए।



## अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत आज से आयोजित होंगे

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में बहुविभागीय सेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट स्थित समिति कक्ष में आयोजित बैठक में इन शिविरों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। कलक्टर रंजन ने बताया कि इस पखवाड़ा अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी लाभ पहुंचाना है। इस अभियान के तहत चित्तौड़गढ़ जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शिविर में राजस्व, पंचायत राज, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, विद्युत, जलदाय, श्रम, शिक्षा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पशुपालन सहित कुल 16 विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। शिविरों के दौरान जरूरतमंदों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ मौके पर ही पात्रतानुसार लाभ भी उपलब्ध करवाया जाएगा। शिविर में नामांतरण, पेंशन स्वीकृति, श्रमिक पंजीयन, आवासीय पट्टे वितरण, स्वास्थ्य जांच, आधार वेरिफिकेशन, दस्तावेज सत्यापन, प्रमाण-पत्र वितरण जैसी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

# भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में जल्द हो कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों की नियुक्ति

**भीलवाडा (पुकार)।** जिले का सबसे बड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल आज भी आवश्यक हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित है। इस गंभीर स्थिति को लेकर राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी के पूर्व सदस्य व समाजसेवी मोहम्मद हारून रंगरेज ने राज्य सरकार और चिकित्सा विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट, एंजियोग्राफी मशीन और स्टेंट सुविधा की व्यवस्था की जाए। रंगरेज ने बताया कि महात्मा गांधी अस्पताल न केवल भीलवाड़ा, बल्कि आसपास के जिलों राजसमंद, अजमेर, कोटा, चित्तौड़गढ़ और ब्यावर तक के मरीजों के इलाज का एकमात्र भरोसा है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े अस्पताल में न तो हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं, न ही एंजियोग्राफी होती है और न ही स्टेंट लगाया जाता है। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े जानकारों का कहना है कि जिले में बढ़ते हृदय रोगों के मामलों को देखते हुए कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों की तत्काल नियुक्ति जरूरी है। मगर अफसोस की बात है कि जनहित के इस गंभीर विषय को भी राजनीति का शिकार बना दिया गया है। मोहम्मद हारून रंगरेज ने प्रदेश सरकार, चिकित्सा मंत्री और चिकित्सा विभाग से गुहार लगाई है कि भीलवाड़ा जैसे महत्वपूर्ण जिले के लिए तत्काल कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, एंजियोग्राफी मशीनें और स्टेंट की व्यवस्था हो ताकि समय रहते हृदय रोगियों का जीवन बचाया जा सके। हर साल हजारों गरीब मरीज हार्ट अटैक जैसे गंभीर मामलों में इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचते हैं। लेकिन उचित चिकित्सा सुविधा न होने की वजह से उन्हें अन्य शहरों में रेफर कर दिया जाता है। मोहम्मद हारून रंगरेज ने बताया कि कई बार मरीजों की रास्ते में ही मृत्यु हो जाती है, जो एक बेहद पीड़ादायक स्थिति है।

# आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों को पूर्ववत लाभ देने की मांग को लेकर पेंशनर समाज ने दिया धरना



**ऋषभदेव (पुकार)।** राजस्थान पेंशनर समाज ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर फेडरेशन के आव्हान पर ऋषभदेव शाखा ने उपखंड अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपा । समाज के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार जैन ने बताया कि ब्लॉक के सभी पेंशनर्स सामुदायिक भवन पर एकत्रित हुए और वहां से विशाल रैली के रूप में पुलिस चौकी, सूरज कुंड होते हुए नारे लगाते हुए उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे जहा पर तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह राठौड़ को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर मांग की गई की पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग में पेंशन निर्धारण में सभी को पूरा वक्त सामान लाभ प्रदान किया जाए केंद्र सरकार ने केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियमों और संचित निधि से पेंशन देनदारी पर व्यय के सिद्धांतों वैधीकरण से सबंधित विधेयक पास कराया गया । जिससे पूर्व पेंशनरों एवम वर्तमान पेंशनरों में समानता की नीति समाप्त हो जायेगी जिसका पेंशनर समाज पुरजोर विरोध दर्ज कराया ।

इस मौके पर पेंशनर समाज के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार जैन, महामंत्री गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष गणेश लाल मीणा, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, प्रचार मंत्री हनुमंत रावल, संयुक्त मंत्री राजकुमार गांधी, संरक्षक धुरीलाल त्रिवेदी, दिलीप दोवड़िया, डॉक्टर रामेश अहारी, जॉन प्रभारी अमरचंद कलासुआ, जीवाराम मीणा, राजेंद्र अहारी, ईश्वर सिंह झाला, लक्ष्मीलाल कोठारी, नारायण लाल मेघवाल, कोदरलाल पटेल, विमल व्यास, यशोधार दोवड़िया, सुरेश त्रिवेदी, वनिता गांगावत, धरणेंद्र दोवडिया, अशोक दोवडिया, रमेश भंडारी, महावीर पंचोली, जय नारायण मीणा, चंद्र प्रकाश दोवडिया, रमेश सेवक, बसंती लाल किकावत, बसंत भंवरा, भरत अकोत, जिनदत्त मेहता, भानु रावल सहित कई पेंशनर उपस्थित रहे ।

## विवेकानंद केंद्र द्वारा केसरिया हाइट्स एवं आरएसडब्ल्यूएम में करवाया योगाभ्यास



**भीलवाडा।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा भीलवाड़ा द्वारा भीलवाड़ा शहर में योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास करवाया गया। विवेकानंद केंद्र के प्रशिक्षकों द्वारा सुजुकी एन्क्लेव स्थित केसरिया हाइट्स व चित्तौड़ रोड़ स्थित राजस्थान स्पिनिंग एंड विविंग मिल्स (आर एस डब्ल्यू एम) में योगाभ्यास करवाया गया। सुजुकी एन्क्लेव स्थित केसरिया हाइट्स की हाउसिंग सोसायटी के लोगों को भीलवाड़ा के सह विभाग प्रमुख योगाचार्य सत्यम शर्मा व राकेश कुमावत ने योगाभ्यास करवाया। सोसायटी के विजय डाड व के.बी. जागेटिया ने सभी उपस्थित लोगों से कहा कि वे योग को नियमित रूप से अपनाने का प्रयास करें। योगाचार्य सत्यम शर्मा ने योग का दैनिक महत्व बताते हुए कहा कि हमारे सभी कार्यों को कुशलतापूर्वक करना भी योग बन सकता है यदि हम पूरे मन से करें। राजस्थान स्पिनिंग एंड विविंग मिल्स (आर एस डब्ल्यू एम) में विवेकानंद केंद्र के प्रांतीय अधिकारी बलराज आचार्य ने कहा कि योग विश्व को भारत की अनुपम देन है। योगाचार्य सत्यम शर्मा ने उपस्थित लोगों को प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया। योगाचार्य सत्यम शर्मा ने योग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्थिरं सुखम् आसनम् अर्थात जो स्थिर है और जिसमें सुख की अनुभूति हो वही आसन है। मुख्य योग प्रशिक्षक भीलवाड़ा सह विभाग प्रमुख शर्मा ने कहा कि सभी लोगों को प्रण लेना चाहिए कि अपने स्वास्थ्य के लिए सवेरे एक घंटे का समय हम निकालेंगे। उन्होंने आगे कि, योग कर स्वस्थ रहें, निरोग रहे और राष्ट के निर्माण में अपना सहयोग करें। योग करने से मन स्थिर रहता है, शरीर स्वस्थ रहता है। आरएसडब्ल्यूएम के तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया व एसपी यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

## ● 20 हजार से अधिक डीपीसी करने पर व्यक्त किया आभार



**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के राजसमंद जिलाध्यक्ष महेश कुमार शेरावत ने बताया कि शिक्षकों की पांच सूत्रीय मांग के लिए संघठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की एवं शिक्षकों की मांगों को लेकर मुख्य संरक्षक गिरिराज शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ रनजीत मीणा की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष डॉ रनजीत मीणा ने बताया कि मुख्य मांगों में तृतीय श्रेणी अध्यापकों के वर्षों से लंबित तबादले करने, केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय की तर्ज पर पारदर्शी स्थानान्तरण नीति जल्द लागू करने, तृतीय श्रेणी अध्यापकों की वर्षों से लंबित डीपीसी जल्द करने, अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी विद्यालयों व एसवीजीएमएस में शिक्षकों को पदस्थापन देने के अलावा शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने की मांग की गई। साथ ही संगठन ने कर्मचारी चयन बोर्ड भर्ती-2022 लेवल-2 में विभिन्न विषयो की अंतिम आंसर की एवं परिणाम को भर्ती पूर्ण होने के लगभग 21 महिने बाद पुनः संसोधित किया है जिससे 21 महीने से राजकीय सेवा देने वाले राजकीय सेवा से बाहर हो रहे है 1260 शिक्षकों को बाहन नहीं करने की भी मांग की गई। उन्होंने सभी मांगों को जुलाई तक पूरी करने का भरोसा दिया है। उसके बाद शिक्षा मंत्री के आवास पर जाकर वहां उनके पीए से तबादले डीपीसी सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की एवं ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा मुख्यमंत्री को शिक्षा विभाग में 20 हजार से अधिक डीईओ, प्रिंसिपल, उप प्रधानाचार्य, व्याख्याता, प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी की डीपीसी करने पर आभार जताया।

# अहिंसा के महान प्रतिमान थे महाप्रज्ञ : मुनि सुरेश कुमार

## ● तेरापंथ समाज ने प्रज्ञा दिवस के रूप में मनाया आचार्य महाप्रज्ञ का 106वां जन्मदिन



**राजसमंद(पुकार)।** आचार्य महाप्रज्ञ का 106वां जन्मदिवस (प्रज्ञा दिवस) समारोह शहर के मेवाड़ कॉन्फ्रेंस प्रज्ञा भवन में शासनश्री मुनि सुरेश कुमार के सानिध्य और उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। नमस्कार महामंत्रोच्चारण से शुरू हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुनि सुरेश कुमार ने कहा कि जन्म तो हजारों लेते हैं इस सृष्टि में, मगर सृष्टि उन्हीं का जन्मदिन मनाती है जिन्होंने अपना जीवन परोपकार हेतु समर्पित कर दिया। उन्होंने आचार्य महाप्रज्ञ को सहिष्णुता का महान प्रतिमान बताया। मुनि ने कहा कि महाप्रज्ञ ने कभी विद्यालय की देहरी पर कदम नहीं रखें, यह उनकी दिव्य प्रतिभा थी कि वे भारत के महान दार्शनिक बनकर उभरे। मुनि संबोध कुमार ''मेधांश'' ने आचार्य महाप्रज्ञ के अद्वितीय व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हजारों साल नर्गिस अपनी बेतूरी पर रोती है, तब कहीं आचार्य महाप्रज्ञ जैसे दिव्य पुरुष इस धरा धाम पर अवतार लेते हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि महाप्रज्ञ कैसे हों, तो उत्तर होगा महाप्रज्ञ जैसे हों। मुनि कैवल्य कुमार ने आचार्य महाप्रज्ञ के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें आचार्य महाप्रज्ञ जैसे गुरु मिले हैं। मुख्य अतिथि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि आचार्य महाप्रज्ञ जैसे महान आचार्य के जन्मदिवस जैसा आयोजन भावी पीढ़ी को संस्कारित करने का महान उपक्रम है। उन्होंने बताया कि वे आचार्य महाप्रज्ञ के व्यक्तित्व से इतने प्रभावित हैं कि राजनीति में होने के बाद भी जमीकंद और रात्रि भोजन नहीं करते। तेमम ने समूह गान से आचार्य के प्रति विनयांजलि अर्पित की। तेरापंथ सभा अध्यक्ष लाभचंद बोहरा, मेवाड़ आंचलिक संयोजिका नीता सोनी, तेमम अध्यक्षा ऊषा कोठारी, टीपीणएफ अध्यक्ष दिव्यांशु चौहान, उपासक विनोद बड़ाला, कर्मणा जैन, सुरेंद्र टांक ने भावांजलि अर्पित की। संचालन सभा मंत्री धनेंद्र मेहता ने किया और अंत में मेवाड़ कॉन्फ्रेंस कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र चोरड़िया ने आभार व्यक्त किया।

## मोही पीएचसी में जय अंबेश सौभाग्य मदन प्रेम सेवा संस्थान मेवाड़ ने भेंट किया वाटर कूलर



**राजसमंद(पुकार)।** पीड़ित मानवता की सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जय अंबेश सौभाग्य मदन प्रेम सेवा संस्थान मेवाड़ ने सोमवार को मोही स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को ठंडे पानी के लिए एक वाटर कूलर निःशुल्क भेंट किया। यह कूलर मरीजों और आगंतुकों को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध कराएगा। यह सेवा कार्य संस्थान द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्पों का हिस्सा है। ये प्रकल्प मेवाड़ संघ शिरोमणि प्रवर्तक 1008 अंबालाल महाराज की 120वीं जन्म जयंती, भारत विश्रुत श्रमण संघीय महामंत्री सौभाग्य मुनि के 75वें दीक्षा अमृत महोत्सव और राजस्थान सिंहनी सद्गुरूवर्या प्रेमवती महाराज के रजत जयंती वर्ष 25वें पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे हैं। इन सेवा कार्यों के पीछे मेवाड़ प्रवर्तक कोमल मुनि, उप प्रवर्तिनी विजय प्रभा व दक्षिण दीपिका विजयलता का सानिध्य और प्रेरणा है। इन्हीं की प्रेरणा से जीवदया, शिक्षा, सेवा, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में संस्थान द्वारा सेवा कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच दिग्विजयसिंह भाटी, चिकित्साधिकारी डॉ मोहनप्रकाश जाटव, नर्सिंग आफिसर मोहनलाल चौधरी, डेटा आपरेटर देवीलाल गमेती, लेब टेक्नीशियनउषा खटीक, कम्युनिटी हेल्थ आफिसर मोनिका पाटीदार, एएनएम भारती सोनी, जय अंबेश सौभाग्य मदन प्रेम सेवा संस्थान मेवाड़ अध्यक्ष रमेशरीना कोठारी, महामंत्री कैलाश-लक्ष्मी बोल्या, कोषाध्यक्ष भावेश-सुनीता चपलोत, कार्यकारिणी सदस्य तरूणा-सुनील हींगड़, कमलादेवी- गणपतिलाल सिसोदिया, वरिष्ठ श्रावक ऊंकारलाल चपलोत, लक्ष्मीलाल चपलोत, विरेन्द्र चपलोत, मुन्ना देवी-हिम्मत चपलोत, मुन्नादेवी-लक्ष्मीलाल चपलोत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने संस्थान पदाधिकारियों का स्वागत किया और वाटर कूलर भेंट करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन महामंत्री लक्ष्मी-कैलाश बोल्या ने किया।

# संघर्ष के बाद मिली सफलता : आखिर आबादी में रूपांतरित हुई जमीन

**राजसमंद (पुकार)।** विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू समुदाय को आवासीय भूमि का पट्टा देने के लिए राज्य सरकार ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर विशेष अभियान चलाया, जिसमे इस समुदाय को आवास के पट्टे जारी किए गए। ग्रासरूट नेतृत्व संस्था विकास कार्यक्रम से जुड़ी सहयोगी संस्था ग्रामीण विकास संस्था मावली के प्रेरक पूर्णिमा सुखवाल ने घासा तहसील अन्तर्गत पलाना खुर्द, ग्राम पंचायत के मंडप का ढाणा में निवास करने वाले कालबेलिया समूह के लोगो को प्रेरित किया। उन्हों ने अपने संस्था प्रधान को बताया व अपने प्लान में लिया जिससे कालबेलिया समूह को आवास के पट्टे मिल सके। 2 अक्टूबर 2024 को जिला कलक्टर उदयपुर द्वारा पट्टा वितरण अभियान में 36 परिवारों को पट्टे दिए गए। पट्टे मिलने के बाद ग्रामीण आवासीय पट्टो की रजिस्ट्री करवाने पंजीयन दफ्तर पहुंचे तो पता चला कि जिस भूमि के पट्टे मिले है वह भूमि आबादी भूमि नहीं है। इस कारण पट्टो की रजिस्ट्री नहीं हो सकती है। प्रेरक ने सम्भागीय लीडर उषा रेगर से बात की। संस्था प्रधान से भी बात की, तो स्थानीय प्रशासन से जानकारी ली गई तथा आगे पैरवी के लिए भेदभाव छुआछूत मुक्त राजस्थान अभियान के संयोजक टीम के साथी हरलाल बैरवा को प्रकरण सुनाया। अभियान के साथी हरलाल बैरवा ने 15 अक्टूबर को मण्डप गाँव में कालबेलिया समूह के साथ बैठक की व मामले को समझा। इसके बाद घुमंतू समुदाय के 36 पट्टो का मामला आबादी भूमि रूपांतरण के लिए पैरवी आरम्भ की गई तथा चरणबद्ध तरीके से प्रशासन के समक्ष मामला रखा गया। इसके बाद कार्रवाई शुरू हुई। भेदभाव छुआछूत मुक्त राजस्थान अभियान के प्रयासों से 9 जून 2025 को एक जनसंवाद मंडप गाँव में आयोजित हुआ। इसमे ग्रामीणों ने अपनी बात व समस्या सुनाई जनसंवाद में ग्राम विकास अधिकारी से बात की तथा प्रकरण के बारे में जानकारी ली। इसी कड़ी में प्रयासों के चलते 9 माह के संघर्ष के बाद 36 पट्टो की भूमि आबादी में रूपांतरित हुई। अभियान के सदस्यों द्वारा शनिवार को समुदाय के साथ बैठक कर आबादी भूमि रूपांतरण की सूचना को सार्वजानिक किया गया। इस पुरे प्रकरण में विरुनाथ, नंदा कालबेलिया, राजू जोगी, तुलसीराम कालबेलिया, कन्नानाथ कालबेलिया, किशननाथ, देवी कुमारी, बेना जोगी, पानकी जोगी, मीरा कालबेलिया, रेखा, लीला जोगी का विशेष प्रयास रहा।



# पेंशनर समाज ने आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने की केंद्र सरकार की मंशा का किया विरोध

## ● जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**राजसमंद(पुकार)।** राजस्थान पेंशनर समाज ने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा पारित एक विधेयक का कड़ा विरोध किया है, जिसमें केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों में बदलाव कर 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को आठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित करने की मंशा जाहिर की गई है। इस संबंध में राजस्थान पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष पारस पितलिया और जिला मंत्री गिरजा शंकर पालीवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। पितलिया और पालीवाल ने बताया कि इस नए विधेयक के माध्यम से केंद्र सरकार ने पूर्व पेंशनरों और वर्तमान पेंशनरों के बीच भेदभाव करने का अधिकार प्राप्त कर लिया है। उनका कहना है कि 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों और 1 जनवरी 2026 या उसके बाद सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को देय वेतन परिलाभों में विभाजन किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब तक जितने भी वेतन आयोग गठित हुए हैं, उन सभी में और अंतिम सातवें वेतन आयोग तक, सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को समान रूप से समस्त परिलाभ प्राप्त होते रहे हैं। भारत सरकार की यह विभाजनकारी नीति सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अधिकारों का हनन है। राजस्थान पेंशनर समाज जयपुर के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार राजसमंद में ज्ञापन सौंप विरोध पर्दशन किया गया। इस दौरान गिरजाशंकर पालीवाल, राजाराम उपाध्याय, प्रभुलाल कोठारी, भागीरथलाल वैष्णव, वर्दीचंद जीनगर, भंवरलाल सेन, नारूलाल रैगर, किशनलाल आचार्य, संपतलाल जैन, रणजीतसिंह भाटी, निर्दोष कुमार, जगदीशचंद्र सोनी, हर्षवर्धनसिंह भाटी, उदय कुमार, किशन लाल पालीवाल सहित कई पेंशनर शामिल थे। पितलिया ने बताया कि जिले में भी पेंशनर समाज की उप-शाखाओं द्वारा भी संबंधित उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को इस संबंध में ज्ञापन दिए गए हैं। संगठन ने केंद्र सरकार से इस विभाजनकारी विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने अर्पित की पुष्पांजलि

## ● संगठन में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है : जगदीश पालीवाल



**राजसमंद(पुकार)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को जिला मुख्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों ने कांकरोली स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जनसंघ से लेकर संगठन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है उनके सिद्धान उनके विचार उनकी कार्यशैली उनकी सरलता संगठन के प्रति उनकी निष्ठा ये सभी गुण हम सभी को सीखने की आवश्यकता है, उनके द्वारा की गई मेहनत आज हम सभी के सामने है। आज हम सभी उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करके इन सभी गुणों को अपने जीवन मे समावेश करे इसी कामना से आज हम घर जाए। जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि इस दौरान जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, पूर्व चेयरमैन महेश पालीवाल अशोक रांका, पूर्व प्रधान भानु पालीवाल, कार्यक्रम संयोजक हिम्मत कुमावत, माधव चौधरी, जवाहरलाल जाट, महेंद्रसिंह चौहान, मनोज पारीक, गोपालकृष्ण पालीवाल, सविता सनाढ्य, वर्द्धनी पुरोहित, विशाखा तिवारी, मोहन कुमावत, खुशकमल कुमावत, मुरारी आशिया, नर्बदा शंकर पालीवाल, भरत पालीवाल, गिरीराज सोनी, पूजा बंग, ओम पारीक, प्रकाश रांका, प्रमोद गौड़, जगदीश पहाड़िया, सोना सिंह, रजनीकांत साहू, आशीष पालीवाल, प्रदीप खत्री, उत्तम खींची, हरीश कलोसिया, ललित खींची, प्रमोद सेन, चंपालाल कुमावत, देशबंधु रांका, हिम्मत मेहता, लक्ष्मण मौर्य सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे। विधायक माहेश्वरी ने अर्पित की श्रद्धांजलि राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं स्वतंत्र भारत में राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रमुख प्रवर्तक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 का हटाया जाना, डॉ मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान के प्रति आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की सच्ची कृतज्ञता है। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि डॉ मुखर्जी भारतीय एकता के सच्चे सूत्रधार थे। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और देशहित के लिए सत्ता को भी त्याग दिया। जम्मू-कश्मीर में एक देश, एक विधान, एक निशान की मांग को लेकर वे कटिबद्ध रहे और इस उद्देश्य के लिए उन्होंने अपने प्राणों का भी बलिदान दे दिया। डॉ मुखर्जी का जीवन हमें निष्ठा, संकल्प और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हम एक मजबूत, एकीकृत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं।

# अखिल भारतीय मेवाड़ राजपूत महासभा ट्रस्ट की कार्यकारिणी का विस्तार

**राजसमंद(पुकार)।** अखिल भारतीय मेवाड़ राजपूत महासभा ट्रस्ट की उदयराज भवन में आयोजित बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष भंवरसिंह चदाणा की अध्यक्षता में हुई इस रहे। बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें विभिन्न पदों पर नए सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिनमें मुख्य रूप से उपाध्यक्ष पद पर अमरसिंह चाँदावत गिर्वा, भगवतसिंह खरवड़ बड़गाव,



महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने के साथ-साथ सामाजिक उत्थान के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। महासचिव पंकज सिंह कडेचा ने बताया कि बैठक में संरक्षक इंजीनियर कालूसिंह परमार, वालसिंह खरवड़ रामा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमसिंह खरवड़ पड़ावली, राजसमंद जिलाध्यक्ष एडवोकेट लालसिंह परमार, उदयपुर जिलाध्यक्ष पृथ्वीसिंह चदाणा, राजपूत चेतना मंच अध्यक्ष किशनसिंह खरवड़, जागृति संस्थान अध्यक्ष भंवरसिंह चदाणा, कोषाध्यक्ष मनोहरसिंह गहलोत, सह-कोषाध्यक्ष नाहरसिंह चदाणा आशापुरा और युवा अध्यक्ष दिनेश सिंह चदाणा सहित सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित पूरणसिंह परमार उदयपुर, नवलसिंह ओबारा गोगुन्दा, मंगल सिंह चदाणा सायरा गोपालसिंह चदाणा राजसमंद, नाथूसिंह खमनोर, लालसिंह दसाणा नाथद्वारा, प्रेमसिंह चदाणा कुंभलगढ़, सचिव के पद पर किशनसिंह चदाणा भारोड़ी, संगठन मंत्री डूंगरसिंह परमार फरारा, नाहरसिंह गोड़ जेएमडी, प्रचार मंत्री भंवर सिंह सिसोदिया रावलिया, खेल सचिव निर्मलसिंह खरवड़ सायरा, कार्यकारिणी सदस्य शिवसिंह चदाणा गावगुडा, प्रतापसिंह खरवड़ ओड़ा, मोहनसिंह खरवड़ मोरसा, भूरसिंह चदाणा गावगुड़ा, किशनसिंह चदाणा निकोर, देवीसिंह खरवड़, भंवरसिंह काडो का गुडा को शामिल किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## कपासन में 17 अगस्त को होगा मेवातियान प्रतिभा सम्मान समारोह

**राजसमंद(पुकार)।** तंजीमे मेवातियांन मेवाड़ खैराड़ और मेवाती युवा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। तंजीमे मेवातियान सदर हाजी अकील हुसैन मावली, हाजी मुंशी खान मेवाती बड़ीसादड़ी, सामूहिक विवाह सम्मेलन सदर, खजांची शरीफ मोहम्मद मेवाती सांगानेर, हाजी हनीफ सांगानेर, अतीक मोहम्मद मावली, अकरम हुसैन मावली एवं शाहिद हुसैन उदयपुर के सान्निध्य में आयोजित बैठक में बताया गया कि प्रतिभा सम्मान समारोह कपासन दरगाह की कबीर अहमद वाटिका में आगामी 17 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। समारोह में समाज की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने 1 जनवरी 2025 के बाद विभिन्न परीक्षाओं एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसमें विशेष रूप से बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं को चार अलग-अलग वर्गों में सम्मानित किया जाएगा। इन छात्रों को भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। समारोह में सम्मानित होने वाली प्रतिभाएं, उनके परिवार और अन्य अतिथि शामिल होंगे, जिनके लिए भोजन आदि की उचित व्यवस्था की जाएगी। तंजीमे मेवातियान मेवाड़ खैराड़ के सचिव आबिद हुसैन मेवाती ने बताया कि आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा तैयार करने के साथ हीए इससे जुड़ी सभी व्यवस्थाओं के संचालन और आयोजन के लिए गहन विचार-विमर्श कर आगामी रणनीति तय की गई है।



## बिहू अटैक फिल्म के अभिनेता देव मेनारिया का मेघा खेड़ा में ग्रामीणों ने किया स्वागत

**राजसमंद(पुकार)।** जिले के मेघा खेड़ा में सोमवार को मुंबई से आए बिहू अटैक फ़िल्म एक्टर देव मेनारिया का मेघा खेड़ा में रतनलाल लोहार व ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया है। युवा कार्यकर्ता सीताराम अहीर ने बताया कि बिहू अटैक फिल्म जो वल्लभनगर के पास मेनार गांव का एक एक्टर देव मेनारिया वह लंबे समय से मुंबई में रहता है और उन्होंने बिहू अटैक फिल्म पर विभिन्न प्रकार का रोल किया है। उनके मेघा खेड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने पगड़ी व इकलाई पहनकर स्वागत किया। बताया कि यह फिल्म देश के बॉर्डर के ऊपर बनाई गई है, जो आगामी दशहरा पर रिलीज होगी। इस दौरान अभिनेता को देखने के लिए मेगा खेड़ा गांव में पिपली अहिरान, पेमा खेड़ा गोगाथला आदि आसपास गांव के कई लोग भी मौके पर पहुंचे और बिहू अटैक फिल्म के एक्टर के साथ ग्रामीणों ने सेल्फ़ी लेकर अपनी फोटो खिंची।



## भामाशाह तनसुख बोहरा ने किया कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष चौहान का स्वागत

**राजसमंद(पुकार)।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह चौहान का केलवा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी और स्थानीय भामाशाह तनसुख बोहरा, नरेंद्र बोहरा के सानिध्य में हुआ। बोहरा ने आदित्य प्रताप सिंह चौहान को मेवाड़ी साफा व इकलाई पहनाई और गणेश जी की प्रतिमा प्रदान कर सम्मान किया गया। स्वागत समारोह के दौरान नवनियुक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष चौहान के साथ संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं आदित्य प्रताप सिंह चौहान ने भी भामाशाह तनसुख बोहरा द्वारा निर्मित चिकित्सालय और स्कूल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और उनकी सराहना की।



## जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत कल राजसमंद को देंगे करोड़ों की सौगातें

**राजसमंद(पुकार)।** राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत बुधवार को राजसमंद जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे, जिससे जिले की जनता को कई नई सुविधाएं मिलेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रावत दोपहर 1 बजे धोइंदा पहुंचेंगे, जहां वे कुमावत समाज भवन के पास स्थित धोइंदा तलाई के सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ करेंगे। यह कार्य क्षेत्र के सौंदर्य में वृद्धि करेगा और स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत के रूप में विकसित होगा। इसके बाद मंत्री कमला नेहरू हॉस्पिटल के बाहर बनाए गए कन्या सुरक्षा सर्किल का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात रावत ग्राम पंचायत घाटी का दौरा करेंगे और वहां नव निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 3 बजे जल संसाधन मंत्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित संयुक्त गोष्ठी में भाग लेंगे। इस गोष्ठी में वे देश के इन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षणों पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रमों के समापन के बाद रावत सायं 4:30 बजे अजमेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## भाजपा की प्राथमिक सदस्यता 14 करोड़ पार, विधायक माहेश्वरी ने बताई ऐतिहासिक उपलब्धि

**राजसमंद(पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्यों की संख्या के 14 करोड़ के ऐतिहासिक आंकड़े को राष्ट्रहित और संगठनात्मक सशक्तता का प्रतीक बताया। उन्होंने इसे भारतीय राजनीति के इतिहास में एक अद्वितीय कीर्तिमान करार देते हुए कहा कि यह उपलब्धि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपार जनप्रियता, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व, पार्टी की संगठनात्मक दक्षता और भाजपा के करोड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। माहेश्वरी ने कहा कि यह 14 करोड़ सदस्य न केवल भाजपा के संगठन की शक्ति हैं, बल्कि वे कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता भी दर्शाते हैं। यह संख्या आत्मनिर्भर, समरस और सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने बूथ स्तर पर निरंतर परिश्रम करने वाले सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि भाजपा के प्रति उनका अटूट समर्पण ही संगठन की सशक्त आधारशिला है। यह समर्पण आने वाले समय में राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## कांग्रेस सेवादल की बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर गहन चर्चा

**राजसमंद(पुकार)।** जिला कांग्रेस सेवादल पदाधिकारी एवं महिला विंग कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक चौमुखा महादेव मंदिर प्रांगण में जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पुष्कर श्रीमाली की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जॉन प्रभारी मोहन हटेला, कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कांग्रेस सेवादल ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह भाटी, राजसमंद जिला प्रभारी अजय गुर्जर, उदयपुर प्रभारी गोपाल नागर, महिला जिलाध्यक्ष राजकुमारी पालीवाल, सेवादल महिला जिलाध्यक्ष ऊषा विजयवर्गीय, जिला परिषद सदस्य लेरुलाल अहीर, एससी जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड़, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गुर्जर, बहादुरसिंह चारण, हिमानी नंदवाना, प्रेम देवी जाट, जगदीश जाट, रवि श्रीमाली, रमेश लोढ़ा, भुरालाल कुमावत, मोहन कुमावत, घीसुलाल कुमावत, पार्षद हेमन्त रजक, विकास पालीवाल, मनोज पालीवाल, लीलाधर पालीवाल, अशोक आचार्य, गफ्फार रंगरेज, शंकर गुर्जर, रामलाल गुर्जर, किशन गुर्जर, धर्मेश गुर्जर, भंवरलाल टेलर सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें...

### विधायक कृपलानी ने किए वागड़ की प्रमुख आराध्य देवी त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन



**निम्बाहेड़ा (पुकार)।** राजस्थान सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने सोमवार को वागड़ क्षेत्र की प्रमुख आराध्य देवी त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन एवं पूजा अर्चना कर राजस्थान प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। यहां विधायक कृपलानी का बांसवाड़ा क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर कृपलानी के साथ प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, बांसवाड़ा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष किरण जोशी, निम्बाहेड़ा भाजपा नेता विशाल सोनी, नवीन खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि पर भादसोड़ा मंडल की बैठक एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्री कृष्ण आदिनाथ गौशाला, बानसेन में भादसोड़ा भाजपा मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, उनके बलिदान और जनसंघ से लेकर वर्तमान भाजपा की यात्रा में उनके योगदान की विस्तार से जानकारी दी। स्वागत उद्बोधन बानसेन सरपंच कन्हैयालाल वैष्णव ने दिया तथा अतिथियों का भाजपा का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। आभार पूर्व सरपंच अशोक लड्ढा ने व्यक्त किया। बैठक के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष गाडरी और उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक व्यास, मंडल महामंत्री जानकीदास, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भैरूलाल जाट, जिला परिषद सदस्य कैलाश जाट, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवि खटीक, पंचायत समिति सदस्य गोविंद सोनी, पूर्व सरपंच राकेश लड्ढा, बूथ अध्यक्ष श्रीनिवास लड्ढा, शंभूलाल जाट, भगवतीलाल लक्षकार, उप सरपंच नरेंद्र लोढ़ा, वार्ड पंच बंसीलाल सुथार, नारायणलाल जटिया, हरीश शर्मा, कंवरलाल गुर्जर, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री रामलाल जाट, शंकर जाट (कड़ोला खेड़ा), कमल जाट, धनराज जाट (नरबदिया), हरीश जाट (देवगिरी लेसवा), रतनलाल प्रजापत, मदन सुथार, शंकरलाल जटिया,राहुल बोहरा, प्रकाश वैष्णव तथा आईटी सह-संयोजक अभिषेक योगी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मीणा समाज विकास संस्था की बैठक सम्पन्न



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** मीणा समाज विकास संस्था चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में नेहरू पार्क में वरिष्ठ व्याख्याता भंवरलाल मीणा की अध्यक्षता में मीटिंग हुई जिसमें समाज का तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर विचार विमर्श किया गया। एडवोकेट चमनलाल मीणा ने बताया कि तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं, 12वीं के 60 प्रतिशत से अधिक अंक व 8वीं में ग्रेड ए व बी में सत्र 2023-24 व 2024-25 में उत्तीर्ण हुई जिले में निवासरत मीणा समाज की सभी प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा, जिन्हें सर्टिफिकेट व सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। भविष्य के लिए कैरियर काउन्सिलिंग भी होगी। मीटिंग में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा व पूर्व विधायक रामलाल मीणा प्रतापगढ़ को बुलाने का प्रस्ताव पास किया। कार्यक्रम के भव्य एवं सफल आयोजन के लिए अधिकाधिक प्रचार प्रसार हेतु समाजजनों से आह्वान किया गया। इस दौरान संरक्षक बाबूलाल मीणा, शिवराज मीणा, समाज जिलाध्यक्ष मनोहर सिंह मीणा, वरिष्ठ एडवोकेट लोकेश मीणा, एडवोकेट गणपत मीणा, लच्छीराम मीणा, परमेश्वर मीणा बोरदा आदि मौजूद रहे।

### राजस्थान के बैनर तले विशाल धरना प्रदर्शन सरकार को सांकेतिक चैतावनी के रुप में रखा

**चित्तौडगढ़ (पुकार)।** साथियों आप सभी को पता हें की प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर बुधवार को जयपुर की धरा पर शहिद स्मारक पर पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ राजस्थान के बैनर तले विशाल धरना प्रदर्शन सरकार को सांकेतिक चैतावनी के रुप में रखा गया है जिसमें पुरे राजस्थान से,पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक भाग लेंगे, चितौड़गढ़ जिले के सभी भाईयों ओर बहनों से अपील है कि आप सभी नियमितीकरण की लडाई में भाग लेवे,अन्यथा सरकार ने पुर्व में दो वर्ष की छुट दी थी लेकिन लागु नही की उसे अमल में नही लाया गया था अभी भी फिर वही गलती सरकार दोहरा रही है इसलिए 2 वर्ष की छुट जो प्रदान की गई है उसे लागु करवानें हेतु हमे पुरजोर प्रयास एकता ओर संगठित होकर करना पड़ा सभी ब्लाक अध्यक्ष जिला कार्यकारिणी के पुर्व ओर वर्तमान सभी वरिष्ठ साथियों से भी आग्रह है की इस कार्यक्रम को सफल बनावे। अपने अपने ब्लाक में सभी को फोन काल मैसेज से सुचित करें ओर अपनी टीम लेकर जयपुर के लिए दिनांक 24 शाम को निकले। जयपुर से लौटकर नये व्यक्ति कों जिम्मेदारी दी जायेगी।जो व्यक्ति संघ के लिए संघर्ष नही कर सकते हैं समय नही दे सकते हैं फिर पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं रहेगा।

### नेत्रदान- महादान के संकल्प के तहत चंडालिया परिवार द्वारा मरणोपरांत नेत्रदान



**चित्तौडगढ़ (पुकार)।** महावीर इंटरनेशनल ने आज प्रातः सोमवार दिनांक 23 जून को चित्तौडगढ़ महावीर कॉलोनी निवासी श्री भेरू लाल जी सुपुत्र स्व श्री कन्हैया लाल जी चंडालिया के आकस्मिक हृदयाघात से निधन होने पर उनकी धर्मपत्नी देऊ बाई,पुत्र गौतम , ललित, पौत्र हर्षित , बसंती लाल, अशोक ,पारस एवं अन्य परिवारजन के आग्रह एवं वीर अनिल पटवारी की प्रेरणा पर महावीर इंटरनेशनल के नेत्रदान प्रकल्प प्रभारी वीर नवनीत मोदी,सचिव वीर सी पी जैन, वीर हस्तीमल चंडालिया , एवं वीर एन एल भंडारी, की उपस्थिति में नेत्रदान संपन्न करवाया। नेत्र कॉर्निया उत्सर्जन का कार्य महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय के वसीम खान ने मनोज वैष्णव के सहयोग से सम्पन्न किया । प्राप्त दोनो कॉर्निया से अंधत्व का दंश झेल रहे दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को अविलंब आंखों की ज्योति प्राप्त होगी।महावीर इंटरनेशनल चित्तौडगढ़ परिवार दिवंगत श्रीमान भेरू लाल जी चंडालिया सा को हार्दिक भावांजलि अर्पित करता है और नेत्रदान के लिए चंडालिया परिवार का हार्दिक आभार प्रकट करता हे।

# जेसीआई चित्तौड़ की अर्द्ध वार्षिक सभा में हासिल की नई उपलब्धियाँ



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** जेसीआई चित्तौड़ चेतक की टीम ने रविवार को कोटा में आयोजित अर्द्ध वार्षिक सभा मिडकॉन में भाग लिया और कई खिताब हासिल किए। कार्यक्रम समन्वयक निखिल भट्ट ने बताया कि सभा में अध्याय अध्यक्ष अंकित पगारिया को उनकी सशक्त नेतृत्व क्षमता और प्रभावशाली कार्यशैली के लिए सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार मिला, ओर सचिव कुश गुरबानी को सर्वश्रेष्ठ सचिव के रूप में सम्मानित किया गया। तुषार सुवालका को सर्वश्रेष्ठ कार्यकारी अधिकारी, गौरव शर्मा को ट्रेनिंग एरिया में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार मिला, और दिव्या जैन को सर्वश्रेष्ठ महिला JCI सदस्य के सम्मान से नवाजा गया। रितु पोखरना को नई जेसी सदस्य में प्रथम खिताब मिला ।

अन्य विशेष गतिविधियों के लिए दामिनी सिसोदिया को और डाइनिंग टेबल सजावट प्रतियोगिता ओर दीपक जेथलिया और गुरु जेथलिया द्वारा पिता पुत्र डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जेसीआई चित्तौड़ चेतक के थैलेसीमिया वार्ड प्रोजेक्ट को सर्वश्रेष्ठ OLOSP प्रोजेक्ट घोषित किया गया, इसके अलावा संस्था को कम्युनिटी डेवलपमेंट, ट्रेनिंग, ग्रोथ एंड डेवलपमेंट जैसी विभिन्न श्रेणियों में भी कई सम्मान प्राप्त हुए, सभा में आयोजित कई प्रतियोगिताओं में भी सदस्यों ने भाग लिया। प्रभावी बोलने की प्रतियोगिता में नितिन प्रितवानी और मनीषा काबरा ने भाग लिया। साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रतियोगिता में जूनियर दर्श अग्रवाल ने शानदार प्रस्तुति देते हुए विजेता स्थान प्राप्त किया। JCI Quiz में कुश गुरबानी और दिव्य जैन ने भाग लिया, वहीं फैशन शो में गौरव शर्मा और बॉलीवुड क्विज में अखिल अब्बानी व कुश गुरबानी ने भाग लिया अध्यक्ष अंकित पगारिया ने बताया कि इस सभा में सचिव कुश गुरबानी, दिव्य जैन, सायशा गुरबानी, प्रतीक काबरा , मनीषा काबरा , तुषार सुवालका , गौरव शर्मा , नितिन प्रीतवानी और निखिल भट्ट ने भाग लिया , जेसीआई के पूर्व राष्टीय कोषाध्यक्ष नितेश जी सेठिया एवं पूर्व अध्यक्ष श्रेयांश सिसोदिया और सीए बीके डाड ने अध्याय की गौरवशाली सफलता पर सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

## डॉ. मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है- विधायक कृपलानी



**निम्बाहेड़ा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष प्रखर वक्ता एवं शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को नगर के जे.के. तिराहे पर स्थित डॉ. मुखर्जी उद्यान में आदमकद प्रतिमा पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचन्द कृपलानी की विशेष उपस्थिति में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। यहां भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कृपलानी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक सच्चे राष्टभक्त थे, उन्होने राष्ट की अस्मिता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलीदान दे दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। श्रद्धेय मुखर्जी जी ने देश की सांस्कृतिक और राजनीतिक एकता के लिए अद्वितीय कार्य किये थे, उनकी विचारधारा और आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, नीलेश मेहता, कमलेश बुनकर, भाजपा नेता विशाल सोनी, नवीन खंडेलवाल, नगर उपाध्यक्ष पुष्कर सोनी, गोपाल पंचौली, लक्की आहूजा, जगदीश माली, कोषाध्यक्ष नीलेश भूतड़ा, नगर मंत्री कैलाश सेन, ओमप्रकाश नाथ, रतन वैष्णव, शिवदयाल कुमावत, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष लाला दशोरा, निवर्तमान पार्षद मयंक अग्रवाल, भाजयुमो उपाध्यक्ष रामनिवास जाट, कमल रावत, दीपक अग्रवाल, लोकेश लड्ढा, केशव कासट, अंतरिक्ष साहू, मोहन धनकानी, कैलाश प्रजापत, रोशन लाल प्रजापत आदि ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी अमर रहे के नारे लगाएं।

## सुभाष चौक मुख्य मार्ग से अवैध अतिक्रमण हटाया , नॉन-वेंडिंग ज़ोन घोषित



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशन में नगर परिषद प्रशासन द्वारा सोमवार को सुभाष चौक मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रभावी रूप से की गई। इस दौरान क्षेत्र को 'नॉन-वेंडिंग ज़ोन' घोषित करते हुए अवैध रूप से लगे ठेले, केबिन एवं अन्य सामग्री को हटाया गया एवं जप्त किया गया।

प्रशासक एवं एडीएम रावतभाटा विनोद मल्होत्रा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार वे स्वयं नगर परिषद के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के साथ मौके पर मौजूद रहे। प्रारंभ में व्यापारियों एवं ठेला चालकों को समझाइश दी गई एवं उनके समक्ष ही क्षेत्र को नॉन-वेंडिंग ज़ोन घोषित करते हुए लिखित आदेश भी प्रदर्शित किया गया। इसके बाद अतिक्रमण निरोधक दल द्वारा समस्त अवैध ठेले एवं केबिन हटाए गए तथा मुख्य मार्ग को व्यवस्थित किया गया। इस दौरान अवैध रूप से पड़ी सामग्री को जप्त किया गया। नगर परिषद द्वारा हटाए गए समस्त ठेला चालकों को व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करने हेतु एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता आयुक्त करेंगे। यह समिति सभी प्रभावितों को सब्जी मंडी के प्रथम तल पर उचित रूप से स्थानांतरित करेगी। प्रशासक मल्होत्रा ने बताया कि भविष्य में इस क्षेत्र में यदि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति पर 1000 का जुर्माना लगाया जाएगा एवं सामग्री जप्त कर ली जाएगी।

इस कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारी रमेश चावला सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस ट्रैफिक इंचार्ज मोतीराम की टीम भी मौजूद रही।

# अपनो से धोखा खाए बुजुर्गों संग वृद्धाश्रम में मनाया जन्मदिन, बांटी खुशियां



**शंभूपुरा (पुकार)।** आधुनिकता के इस चकाचौंध में जन्मदिन जैसा विशेष मौका हो और पार्टी शार्टी ना हो यह बात हजम नहीं होती। लेकिन आज भी कई युवा ऐसे हैं, जो आधुनिकता की चकाचौंध से दूर रहकर अपना जन्मदिन कुछ विशेष तरह से मनाते हैं। ऐसे ही युवाओं में से एक है ओम जैन शंभूपुरा जो समाजसेवी ओर भगत सिंह संघर्ष सेवा समिति के फाउंडर भी है। जिन्होंने अपना जन्मदिन कुछ हट के मनाया है। इन्होंने अपने जन्मदिवस के अवसर पर धूमधड़ाका के साथ पार्टी करने के बजाय अपनो से धोखा खाए असहाय बुजुर्गों की सेवा को प्राथमिकता दी है। पत्रकार ओम जैन ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर अपने साथियों के साथ चित्तौड़गढ़ शहर के खुशहाल वृद्धाश्रम पहुंच कर आश्रम में रह रहे बुजुर्गों का सबसे पहले हाल चाल पूछा, ततपश्चात सभी बुजुर्गों को उपहार में कम्फेटर (गर्म रजाई) और फल भेंटकर उनके चरण छूकर आशीर्वाद लेकर अपना जन्मदिन मनाया। ताकि बुजुर्गों को महसूस होने वाला अकेलापन थोड़ा कम हो सके और उन्हें अपनापन महसूस हो। समाजसेवी जैन और उनके साथियों ने लगभग 2 घंटे तक खुशहाल वृद्धाश्रम में बिताए और बुजुर्गों के हंसी खुशी के पल और आश्रम में आने तक के पलो की जानकारी ली, जब बुजुर्गों ने अपनी आप बीती बताई तो सभी की आंखे नम हो गई। जैन ने कहा कि हम आपके बेटे ही है आपकी सेवा करेंगे, कभी दुखी मत होना। दरअसल इस दुनिया में ऐसे कई लोग है जिनका अब इस दुनिया में कोई नहीं है, लेकिन फिर भी कुछ अनजान सेवाभावी नंदिनी त्रिपाठी खुशहाल वृद्धाआश्रम की संचालिका जैसे लोग है जो उनके भोजन, रहने खाने पीने सहित हर प्रकार की जीवन यापन की व्यवस्था करवाते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो अपना जन्मदिन की खुशीया इन्हीं बुजुर्गों के साथ मनाते हुए इनका आशीर्वाद प्राप्त करते रहते हैं। इस अवसर पर घटियावली उपसरपंच ज्ञानेश्वर पूरी गोस्वामी, दुर्गेश कुमार लक्षकार, हेमलता लक्षकार, मीना लक्षकार और वैभव लक्षकार सहित अन्य मित्रगण उपस्थित रहे और बुजुर्गों के साथ खुशियां बांटी।

# 21 जून विश्व संगीत दिवस पर आयोजित आई.पी.एस. द्वारा ''पुराने मधुर गीतों से सजी एक शाम मे'' उमड़े श्रोता





**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** स्थानीय आई.पी.एस. मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा 21 जून विश्व संगीत दिवस के अवसर पर सांय 7.00 बजे ऋतुराज वाटिका मे आयोजित कार्यक्रम ''पुराने मधुर गीतों से सजी एक शाम मे'' श्रोता जमकर उमड़े परन्तु श्रोताओं की उम्मीद के मुताबिक आई.पी.एस. संस्थान के कलाकारों ने भी उनका भरपूर मनोरंजन किया।

जानकारी देते हुए आई.पी.एस. मेमोरियल फाउंडेशन के कार्यक्रम संयोजक महेंद्र जोशी ने बताया कि संस्थापक विजय मलकानी के नेतृत्व मे पुराने मधुर गीतों से सजी एक शाम मे करीबन 7.30 बजे शुरू हुए कार्यक्रम मे श्रोता इस कदर उमड़े कि देर से आने वाले श्रोताओं को कुर्सियां मिलना मुश्किल हो गयी कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियो द्वारा माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन कर की गयी इसके तुरंत बाद संस्थापक विजय मलकानी ने अहमदाबाद लन्दन हादसे मे जान गवाने वाले भाई बहनो और बच्चों हेतु ईश्वर से प्रार्थना करने का आग्रह किया जिस पर सभी ने खड़े होकर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओ को श्रदांजलि दी तत्पश्चात ''इतनी शक्ति हमे देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो ना'' से प्रार्थना ग्रुप की परविंदर सलूजा और निशा कौशिक के द्वारा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी बाद मे निशा कौशिक ने ''ओ बाबुल प्यारे'' की बेहतरीन प्रस्तुति दी फिर ग्रुप के गौरी शंकर और उनकी पत्नी रेखा सोलंकी ने ''पतझड़ सावन बसंत बहार'' की शानदार प्रस्तुति दी इसके बाद कैलाश चंद्र लौठ द्वारा ''मुझे इश्क है तुझी से'' को बहुत सुरीले अंदाज मे पेश किया इसके पश्चात संस्थापक विजय मलकानी और अधिवक्ता भारती गहलोत ने ''हम तुम युग युग है गीत मिलन के'' गाकर कार्यक्रम मे रंग जमा दिया बाद मे ग्रुप के प्रदीप ऋषि ने ''गम का फसाना बन गया अच्छा'' को झूमते हुए प्रस्तुत किया तो विजय मलकानी और कल्पना गहलोत ने ''पर्वत के पीछे चम्बेदा गाँव'' को बिलकुल हूबहू अंदाज मे पेशकर कर श्रोताओं को अपनी गायकी का अहसास करवाया इधर नये कलाकार गोविन्द सोनी ने ''पल पल दिल के पास तुम रहती हो'' को बखूबी गाया तो परविंदर सलूजा और विजय मलकानी ने ''जिहाले मस्किन मुकुन बरंजिस'' को बेहद सुरीले अंदाज मे किया वही संदीप सेठिया ने ''कल हो न हो'' गाकर श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया फिर निशा रानी और विजय मलकानी ने ''चल सन्यासी मंदिर मे'' गाकर खूब तालियां बटोरी इसके ठीक पश्चात संस्थापक विजय मलकानी ने मन्ना डे के सुप्रसिद्ध गीत ''यारी है ईमान मेरा यार मेरी जिन्दगी'' गाया तो श्रोता नाचने और झूमने पर मजबूर हो गए श्रोताओं ने इस गीत की बेहतरीन प्रस्तुति पर उन्हें खूब उपरने पहनाये फिर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एडीएम एवं प्रशासक विनोद मल्होत्रा एवं उनकी धर्मपत्नी संतोष मल्होत्रा ने भी खूबसूरत प्रस्तुति देकर कार्यक्रम मे रंग जमा दिया इसके बाद गौरी शंकर रेखा सोलंकी ने ''दिल है की मानता नहीं'' वही निशा कौशिक और विजय मलकानी ने ''लागी छूटे ना'' को मधुर आवाज और अंदाज मे प्रस्तुत किया तो कैलाशचंद्र लौठ ने भी ष्एक हसीं शाम को दिल मेरा खो गया'' तो भारती गहलोत और विजय मलकानी ने ''शायद मेरी शादी का ख्याल दिल मे आया है'' प्रदीप ऋषि और निशा रानी ने ''हाय रे हाय मेरे हाथ मे तेरा हाथ'' तो विजय मलकानी ने काल्पना गहलोत के साथ ''तेरी नीली नीली आँखों के तो परविंदर सलूजा के साथ ''तुम को भी तो होता होगा'' की शानदार प्रस्तुतिया दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक प्राधिकरण सचिव एवं अपर सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार गोयल थे तो अध्यक्षता नगर परिषद प्रशासक विनोद मल्होत्रा ने की विशिष्ट अतिथियों मे डॉ सुशीला लड्ढा, फूलवंत सिंह सलूजा तथा रमेशचंद्र सोनी उपस्थित रहे अन्य अतिथियों मे आई एम सेठिया, डॉ डी एल लड्ढा, वंदना वजीरानी, कल्याणी दीक्षित, श्रीकांत शर्मा, कवि अब्दुल जब्बार, नन्द किशोर निर्जर, भरत व्यास, प्रवीण गहलोत, गायत्री मैडम, वरिष्ठ नागरिक मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, फिट क्लब चितोड़ के संयोजक लोकेश त्रिपाठी, शेखर शर्मा युवा अध्यक्ष धीरज सुखवाल चेतन गौड़, जया कँवर, प्रदीप गौड़, योगेश सारस्वत, नीलेश, शुभम सुखवाल, लोक कला मण्डल के डॉ रमेश राव शिंदे, हेमंत सुहालका, ईशा कँवर, आर.के. म्यूजिकल ग्रुप के निदेशक राहुल त्रिवेदी, भगवतीलाल पोरवाल, यशवंत पूरी गोस्वामी, चंद्रशेखर चँगेरीया, आलाप ग्रुप के अध्यक्ष मुकेश सपरा, पारस जैन, महेंद्र दामानी, राजेंद्र शर्मा, पायल शर्मा इत्यादि अन्य कई श्रोता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारती गहलोत ने किया एवं अतिथियों तथा श्रोताओं का आभार संस्थान के संस्थापक विजय मलकानी द्वारा किया गया।

# वन कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**●3 साल से लंबित पदोन्नति की मांग, 30 जून तक मांग नहीं मानने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी**

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ ने वनकर्मियों की पिछले 3 साल से अटकी पदोन्नति की मांग को लेकर सोमवार को उपवन संरक्षक ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। उपवन संरक्षक को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने 30 जून से पहले पदोन्नति नहीं करने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।



डूंगरपुर। वन विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करतें वनकार्मीक। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

राजस्थान अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष योगेश पुरोहित के नेतृत्व में वन कर्मचारी उपवन संरक्षक कार्यालय पर एकत्रित हुए। वन कार्मिकों ने पिछले 3 साल से अटकी पड़ी पदोन्नति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेश पुरोहित ने बताया कि वन विभाग के वन रक्षकए सहायक वनपालों की पिछले 3 साल से पदोन्नति अटकी हुई है। इस बारे में जयपुर अरण्य भवन में संघ की अधिकारियों के साथ बैठक भी हुई थी। जिसमें भी कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला था। उन्होंने बताया कि पदोन्नति नहीं होने से प्रत्येक कार्मिक का हर महीने का 5 से 7 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। इस मौके पर संघ ने उपवन संरक्षक को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने 30 जून से पहले पदोन्नति करने की मांग की है। वहीं, 30 जून से पहले मांग पूरी नहीं करने पर हरियालो राजस्थान अभियान, पौधरोपण,पौध वितरण और जल संरक्षण के कार्य सहित अन्य कार्य की बहिष्कार की चेतावनी दी है।

# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर कार्यशाला सम्पन्न

**●राजस्व मंत्री हेमंत मीणा रहे मुख्य अतिथि**

**डूंगरपुर(पुकार)।** भाजपा ने अटल बिहारी वाजपयी हॉल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस व आपातकाल को लेकर जिला कार्यशाला हुई। अटल बिहारी सामुदायिक भवन में हेमंत मीणा राजस्व मंत्री राज्य सरकार के मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अशोक पटेल की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि जिला संगठन प्रभारी कमलेश पुरोहित कार्यक्रम के जिला संयोजक हरिश पाटीदार, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, प्रदेश से सह प्रभारी चंद्रगुप्त सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष गुरु प्रसाद पटेल, गजेंद्र सिंह चौहान, सभापति अमृत कलासुआ, विधानसभा प्रत्याशी बंशीलाल कटारा, कारीलाल सादड़िया विधायक शंकरलाल डेचा, गोपीचद मीणा के आतिथ्य में आयोजित हुई, जिसमें जिला अध्यक्ष अशोक पटेल ने स्वागत भाषण उद्बोधन दिया व सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के सहप्रभारी चंद्रगुप्त सिह ने आपातकाल पर उद्बोधन दिया और इंदिरा सरकार के द्वारा लगाया गया आपातकाल की घोषणा की और आने वाले समय में भी एक लोकतंत्र की हत्या बताया जो कभी भुलाने नही वाली हत्या है। जिला संगठन प्रभारी कमलेश पुरोहित ने श्यामा प्रसाद मुखजी के बलिदान दिवस पर प्रकाश डाला और श्यामा प्रसाद जी की हत्या कैसे हुई किस प्रकार हुई डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी के बारे में पूरा प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता हेमंत जी मीणा राजस्व मंत्री ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस व आपातकाल पर विस्तृत जानकारी दी और भारतीय जनता पार्टी की प्रत्येक कार्यकर्ता से आह्वान किया कि इस कार्यक्रम को लेकर प्रत्येक बूथ पर जाएं



डूंगरपुर। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर कार्यशाला को सम्बोधित करते अतिथि। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

और जनता के बीच में इस अभियान को बताएं और आने वाले समय बताएं कि कांग्रेस के सरकार हमेशा लोकतंत्र की हत्या करने वाली सरकार रही है और कार्यकर्ताओं के सम्मान की बात आभार अमर्त जी कलासुआ की कलश वाले किया भारतीय जनता पार्टी की पूरे जिले की कार्यकर्ता इस कार्यशाला में उपस्थित रहे।

**मंत्री के सामने पूर्व विधायक ने सुनाया कार्यकर्ताओं का दर्दः**

कार्यक्रम के दौरान आसपुर से भाजपा के पूर्व विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि जिले में अभी भाजपा का एक मात्र विधायक है। लेकिन भाजपा का आम कार्यकर्ता चुनाव के समय पार्टी के लिए जी जान से काम करता है। वह कई बार छोटे मोटे काम लेकर पार्टी के विधायक, मंत्री के पास जाता है। लेकिन देखा जाता है कि भाजपा कार्यकर्ता के काम नहीं होते है और दूसरी पार्टी ने नेताओं के काम हो जाते है। तब वह हताश हो जाता है। मंत्रीजी इस बारे में सोचना पड़ेगा कि पार्टी के कार्यकर्ता का काम पहले हो।

इस पर राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि डूंगरपुर में पिछले कुछ समय से विपरीत परिस्थितियां पैदा हुई है। उन परिस्थितियों को संभालने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत प्रमाणित भी हो गई। उन्होंने जिलाध्यक्ष समेत पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि शासन के माध्यम से क्षेत्र में वातावरण को अनुकूल करने की आवश्यकता है। इसके लिए हम मिलकर बैठकर देखेंगे कि किस तरह शासन में पार्टी के कार्यकर्ताओं के काम पूरे हो। इसके साथ हम सभी को मिलकर संगठन को मजबूत करने की जरूरत है।

# संक्षिप्त समाचार

## हॉस्पिटल में हंगामा करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिलें की सागवाड़ा थाना पुलिस ने सोमवार को प्राईवेट हॉस्पिटल में तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

आरोपी जयेश नाथ रावल, महेंद्र नाथ रावल और तुषार रावल ने 10-12 साथियों के साथ मिलकर 13 मार्च 2025 को अस्पताल में हंगामा किया था। इन लोगों ने एम्बुलेंस में ड्यूटी पर तैनात नर्सिंगकर्मी चिराग जैन के साथ मारपीट की। आरोपियों ने इमरजेंसी प्रवेश द्वार से जबरदस्ती अस्पताल में घुसकर पथराव किया। उन्होंने एंट्री गेट तोड़ दिया और अस्पताल के अंदर-बाहर लगे पांच-छह कांच, कंप्यूटर, प्रिंटर, पंखा और टेबल को भी नुकसान पहुंचाया।



सागवाड़ा थानाधिकारी मदनलाल के अनुसार घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में जयेश नाथ (26), महेंद्र नाथ (38) और तुषार रावल (19) शामिल हैं। तीनों बांसवाड़ा जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के खेरन का पाड़ला के रहने वाले हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

## बंद बॉडी कंटेनर डिवाइडर से टकराया, चालक के पेट में स्टेयरिंग घुसने से हुई मौत

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिले के नेशनल हाईवे 48 पर रतनपुर बॉर्डर के पास एक बंद बॉडी कंटेनर अनियत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे चालक की मौत हो गई। बिछीवाडा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अनुसंधान शुरू कर शव को मोर्चरी में रखवाया।

बिछीवाडा थाना क्षेत्र के रतनपुर बॉर्डर पर एक बंद बॉडी कंटेनर अनियत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसके कारण वाहन चालक दिल्ली के ओखला फेज प्रथम निवासी भजनलाल पुत्र मस्सीचरण उम्र 58 साल का निधन हो गया। टक्कर के कारण वाहन की स्टीयिरिंग पेट के अंदर घूस गई। जिसके कारण अत्याधिक रक्तस्त्राव होने के कारण वाहन चालक की मौत हो गई। रतनपुर चौकी के सूचना पर शव को बाहर निकालकर एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल मोर्चरी में रखवाया। वही कंटेनर का मौके से हटाकर नेशनल हाईवे 48 का ट्रेफिक बहाल कराया। बिछीवाडा पुलिस ने वाहन के दस्तावेज से ड्राइवर के परिजनों को सूचना दी। जहां परिजनों की रिपोर्ट पर आज पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव सुपुर्द किया गया।

## पिकअप की टक्कर से प्रौढ़ हुआ घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**मुंह और पैर पर पहुंची गंभीर चोटे**

**डूंगरपुर(पुकार)।** शहर के नया बस स्टेंड के निकट सोमवार शाम 6 बजे एक प्रौढ़ के रस्ता पार करने के दौरान एक पिकअप द्वारा टक्कर मारने से प्रौढ़ घायल हो गया। जिसे राहगीरों द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाथूलाल पिता हिरजी पटेल निवासी उपरगाव सोमवार को डुंगरपुर शहर अपने निजी काम और रोजगार ढूंढ़ने के लिए आये थे। जिसके बाद वापस वह वापस अपबे घर जाने के लिए बस स्टैंड पहुचे ओर निजी वाहन पकड़ने के लिए रॉड क्रॉस कर रहे थे। तभी एक अज्ञात पिकअप ने नाथूलाल को टक्कर मार दी वही वाहन का टायर नाथूलाल के पैरो पर चढ़ा दिया। जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई वही लोगो ने घायल को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुचाया जहां घायल का इलाज जारी है।

## नशा मुक्त भारत अभियान पर कार्यशाला सम्पन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, डूंगरपुर एवं मुस्कान संस्थान, बलवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में ''नशा मुक्त भारत अभियान'' के अंतर्गत आगनिया फला ग्राम पंचायत बलवाड़ा के महिला समूह पदाधिकारियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संस्थान सचिव ने बताया कि मुस्कान संस्थान के दक्ष प्रशिक्षक जयेश जोशी ने आम जनमानस को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा एक नशामुक्त समाज की स्थापना की दिशा में प्रयास करने पर जोर दिया। इसके पश्चात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी विनय मीणा ने भी जानकारी दी। जिसमें कहां कि नशा एक सामाजिक बुराई है जो न केवल व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। हमें मिलकर इससे लड़ना होगा। इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी विनय मीणा, कमलेश मीणा तथा महिला मण्ड़ल समिति माड़ा संकुल बलवाड़ा के प्रभारी अमृत लाल बारोल, संकुल अध्यक्ष मीरा, रमिला, मंजुला एवं मुस्कान संस्थान के सेवादारी जयेश जोशी, भरत भट्ट, डॉ. मुकेश पटेल, ज्योति मनात शुभम आचार्य आदि उपस्थित रहे।

## उप शाखा बिछीवाड़ा द्वारा उप खण्ड़ अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर(पुकार)।** केन्द्र सरकार द्वारा नये एवं पूराने पैन्शनर में भेदभाव कर अलग अलग पैंशनर का मापदंड कर भुगतान प्रकिया किये जाने का संसद मे निर्णय लिया गया है, जिससे आठवें वेतन आयोग लागू होने से पूर्व केन्द्र सरकार को ज्ञापन के माध्यम पैंशनरों के हितों को ध्यान मे रखकर निर्णय लेना तथा नये एवं पूराने पैंशनर मे भेदभाव नहीं करने निर्णय लेने ज्ञापन बिछीवाड़ा के 40 पैन्शनरों ने भाग लिया। पैन्शनर समाज उप शाखा के साथियों की बैठक करणसिंह राव की अध्यक्षता मे बैठक उप खण्ड़ कार्यालय के सामने रखी गई, जिसमे सभी ने अपने अपने विचार रखे तथा ज्ञापन को पृथ्वीराज जैन कोषाध्यक्ष ने पढ़कर सभी को सुनाया। बैठक में जयपुर मे नकारा के स्टेच्यू बाबत सहयोग प्राप्त करने अवगत कराया जिसमे कुछ पैन्शनर ने सहयोग राशी जमा कराई। इसके पश्चात उप खण्ड़ अधिकारी को सभी सदस्यों ने ज्ञापन दिया संचालन पृथ्वीराज जैन व आभार सोमेश्वर गमेती ने ज्ञापित किया।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्व विद्यालय (डी-नोवो)

**डूंगरपुर (पुकार)।** संस्थान द्वारा राजस्थान के डूंगरपुर जिले की सीमलवाड़ा तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों मे अनुसूचित जनजाति के बाहुल्य क्षेत्रों के व्यक्तियों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की दृष्टि से निम्नांकित कार्यक्रमानुसार 1 जुलाई 2025 से 5 जुलाई 2025 तक पाँच दिवसीय निःशुल्क एसटी आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# परिवार को सम्बल प्रदान करती है सुरक्षा बीमा योजनाएं- बैरवा

**● प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी को सौंपा 2 लाख का चेक**

**डूंगरपुर(पुकार)।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बीमित राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा कनबा की एक खाताधारक की मृत्युपरांत उसके नामित लाभार्थी को बीमित राशि 2 लाख रुपए का चेक प्रदान कर आर्थिक सम्बल प्रदान किया गया। राजस्थान ग्रामीण बैंक के मुख्य प्रबंधक बांसवाड़ा क्षेत्र संजय कुमार बैरवा ने सोमवार को कनबा शाखा में आयोजित एक कार्यक्रम में लाभार्थी को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया।

कार्यक्रम में संचिया सरपंच विनोद भगोराए शाखा प्रबंधक राजकुमार कसारा,राजीविका क्लस्टर मैनेजर गंगा भगोरा, समाजसेवी गोवर्धनलाल जैनए गौतमलाल पटेल भेहणा आदि मौजूद रहे।




डूंगरपुर। लाभार्थी परिवार को चेक प्रदान प्रदान करते बैंक अधिकारी। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक बैरवा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना विशेष रूप से समाज के गरीब और कम आय वर्ग के विकास के लिए बनाई गई है। जो बीमाधारक की मृत्यु के बाद उसके नामिति को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद प्रदान कर उसके परिवार को सम्बल प्रदान करती है।

शाखा प्रबंधक राजकुमार कसारा ने बताया कि संचिया निवासी बैंक खाताधारक लक्ष्मी ननोमा ने बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अपना बीमा करवाया था। उसका आकस्मिक निधन होने पर योजना के तहत बीमित राशि 2 लाख रुपए उसके नामिति कांतिलाल ननोमा को सुपुर्द की गई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की प्रीमियम दर अन्य बीमा पालिसी की तुलना में सबसे किफायती है। इसके लिए सिर्फ 436 रूपए की प्रीमियम देनी होती है। यह प्रीमियम प्रति वर्ष के लिए मान्य है जिसकी समय सीमा 1 जून से 31 मई होती है। जो सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान करती है।

# भाजपा नगर मंडल ने दी श्रद्धांजलि

**डूंगरपुर(पुकार)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस पर भाजपा नगर मण्ड़ल अध्यक्ष नयन सुथार सभापति अमृत कहां जो भाजपा का संकल्प बना और वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष नयन सुथार सभापति अमृत कलासुआ विधायक



डूंगरपुर। डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि देते भाजपा नगर मण्ड़ल। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

कलासुआ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

नगर महामंत्री अनुराग कटारा ने बताया की इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों जम्मू कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उनके बलिदान और बीजेपी की वैचारिक नीव को मजबूत करने मे उनके योगदान को याद किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता अखंडता के लिए प्राणो की बलिदान दिया। उन्होंने एक देश में दो प्रधान दो विधान नही चलेगा ऐसा प्रत्याशी बंशीलाल कटारा, जिला महामंत्री धनपाल जैन, दिनेश चौबीसा, नगर महामंत्री अनुराग कटारा,पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील चौबीसा, पुरणमल दावड़ा, मुकेश जैन, मनोहर पटेल, मुकेश श्रीमाल, पूनमचंद लबाना, पंकज जैन, नगर उपाध्यक्ष नरेन्द्र आर्य, प्रकाश लबाना, नरेश पाटीदार, भूपेंद्र पालीवाल, डायालाल पाटीदार, जीतेन्द्र भोई, बृजेश सोमपुरा,जयेश लोधावरा,नटवर पाटीदार, मनोज सिंह, हरीश कटारा, आशा श्रीमाल एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आज से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा की होगी शुरुआत

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए राज्य भर में दिनांक 24 जून से 9 जुलाई तक पण्डित दिनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। उपखण्ड क्षेत्र सीमलवाड़ा की तहसील सीमलवाडा एवं झौंथरी की प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के दौरान पखवाड़े में शामिल विभागों द्वारा संचालित ऑनलाइन सेवा प्रदायी कार्यों के सुचारू रूप से संपादन होगा। सीमलवाड़ा उपखंड अधिकारी सोनू कुमार गुर्जर ने बताया कि 24 जून मंगलवार को सीमलवाड़ा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बांसिया, थाम का तालाब, मेवड़ा ओर चाड़ोली में शिविर होगा वहीं झौंथरी पाल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत भिंडा ओर झोंथरी में शिविर लगेगा। शिविर में

राजस्व मण्डल द्वारा तलब अभिलेखों, पत्रावलियों को प्रेषित करना,लंबित नोटिस की तामिल करना, लंबित पत्थरगढी और सीमा ज्ञान प्रकरणों का निस्तारण,लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना, लंबित नामान्तरणों का निस्तारण,रास्तो के प्रकरणों का निस्तारण, आपसी सहमति से बंटवारे करना,बजट घोषणाओं के लंबित भूमि आवंटन के प्रस्ताव तैयार करना,अप्रयुक्त विभागीय भवनों ,भूमि का उपयोग एवं आवंटन करना,अटल ज्ञान केन्द्र के लिए जगह ,भवन चिन्हित करना,ग्रामीण विभाग, डीबीटी के माध्यम से 21 हजार रूपये की दर से प्रोत्साहन राशि का वितरण करने हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत लक्षित बीपीएल परिवारों को बैंक खातों का सत्यापन करना,पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोडनें हेतु आवेदन प्राप्त करना,पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना हेतु 10 हजार नए गांवो के बीपीएल परिवारों का सर्वे करना,स्वामित्व पट्टे बनाना एवं वितरण करना, पंचायतीराज विभाग में वर्षा जल संरक्षण हेतु जलग्रहण संरचनाओं की मरम्मत संबंधी कार्य करवाना, ऊर्जा विभाग में बिजली के झुलते तारों को खिंचवाना, विद्युत पोल सही करवाना,तारों के सम्पर्क में आने वाले पेड-पौधों की कटिंग करवाना, जलदाय विभाग ने लंबित नल कनेक्शन शीघ्र जारी करना सहित सभी विभागों के 64 कार्य इन शिविर में होने है।

# वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ब्लॉक अधिकारियों को दिए निर्देश

**●पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आज से**

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने वीड़ियो कांफ्रेन्स के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर सिंह ने सभी विभागों द्वारा शिविर में किए जाने वाले कार्यों की ब्लॉक वार संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा जहां शिविर होने हैं वहां का पूर्व सर्वे कर वंचितों को जोड़ने तथा मौके पर आने वाली राजस्व अपीलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों को शिविर प्रभारियों के आदेश जारी करने और शिविर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त अधिकारियों को समय पर शिविरों में पहुंचने और लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।

**शिविरों में यह होंगे कार्यः**-शिविर में कुल 16 विभागों के 63 कार्यों का संपादन किया जाएगा। इसमें राजस्व मण्डल द्वारा तलब अभिलेखों, पत्रावलियों को प्रेषित करना, लंबित नोटिस की तामिल करना, लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना, लंबित नामान्तरणों का निस्तारण, रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण, आपसी सहमति से बंटवारे करना, बजट घोषणाओं के लंबित भूमि आवंटन के प्रस्ताव तैयार करना, अप्रयुक्त विभागीय भवनों, भूमि का उपयोग एवं आवंटन करना अटल ज्ञान केन्द्र के लिए जगह, भवन चिन्हित करना, डिबीटी के माध्यम से 21000 रूपये की दर से प्रोत्साहन राशि का वितरण करने हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत लक्षित बीपएल परिवारों को बैंक खातों का सत्यापन करना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोडनें हेतु आवेदन प्राप्त करना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना हेतु 10000 नये गांवो के बीपीएल परिवारों का सर्वे करना,स्वामित्व पट्टे बनाना एवं वितरण करना, वर्षा जल संरक्षण हेतु जलग्रहण संरचनाओं की मरम्मत संबंधी कार्य करवाना, बिजली के झुलते तारों को खिंचवाना, विद्युत पोल सही करवाना, तारों के सम्पर्क में आने वाले पेड-पौधों की कटिंग करवाना, लंबित नल कनेक्शन शीघ्र जारी करना, पानी की टंकियो की साफ-सफाई करवाना, पीएचईडी स्रोतों के लंबित विद्युत कनेक्शन जारी कराना, ग्रीष्मकाल में जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु किये जा रहें आकस्मिक कार्यो का सत्यापन करना, लीकेज की मरम्मत और अंतिम छोर पर जल-दबाव उच्च करना, पाइप लाइन संबंधी कार्यों में तोडी गई सडकों की मरम्मत की स्थिति की समीक्षा एवं सत्यापन करना, नहरी क्षेत्र में बाराबंदी से संबंधित सुनवाई प्रकरणों का निस्तारण करना, खाल,आड़ के विवादों का निस्तारण करना, नहरों के पटरों की सफाई एवं मरम्मत करना, नहरों से गाद निकालना एवं झाड़ हटाना, गेटों की सफाई एवं ग्रीस लगाना, पंचायत राज से जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित जलसंग्रहण संरचनाओं की मरम्मत करना, सूक्ष्म सिंचाई योजना के अन्तर्गत ड्रिप, मिनी एवं फव्वारा स्वीकृति जारी करना, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करना, नर्सरियों से पौधा वितरण करना, हरियालों राजस्थान के तहत पौधारोपण कार्य, एनएफएस, अन्तर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण करना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल नवीन पात्र परिवार, सदस्यों की आधार सीडिंग करना, एनएफएस, परिवारों,सदस्यों की ई-केवाईसी करना, लंबित कार्ड जारी करना, एमएनडीवा, दवा वितरण काउण्टर पर दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना, आयुष्मान कार्ड वितरण करना,एनसीडी स्क्रीनिंग करना, टीबी मुक्त स्क्रीनिंग करना,सिलिकोसिस पीड़ितों का चिन्हीकरण करना, टीकाकरण करना, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण हेतु कैम्प आयोजन, मंगला पशु बीमा में रजिस्टर्ड पशुओं का हेल्थ सर्टिफिकेट जारी करना, सत्यापन करना और पॉलिसी जनरेट करना, विभागीय आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में साफ-सफाई और सुधार कार्य करना, विद्यालय परिसरों की सफाई कराना, विशेष रूप से बालक-बालिका शौचालयों की मरम्मत सुनिश्चित करना, विद्यालयों में अनुपयोगी, जर्जर सामग्री का निस्तारण करना, विद्यालयों में जल, बिजली, फर्नीचर, पंखे, बोड आदि की कार्यशीलता की समीक्षा कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराना, विद्यालयों में प्रवेशोत्सव आयोजित कर नामांकन बढ़ाना, विद्यालयों का क्रमोन्नयन सुनिश्चित करना, नये संकाय शुरू कर विद्यार्थियों का नामांकन करना, तैयार अटल टिंकरिंग लैब का शुभारंभ करना, यूनिफॉर्म के लिए राशि हस्तान्तरण करना, चिन्हित स्थानों पर श्री अन्न प्रयोग प्रारम्भ करन, नालों की सफाई एवं सत्यापन करना, वृक्षारोपण हेतु स्थान चिन्हित की तैयारी करना, नालों में जल बहाव की रूकावटें दूर हटाना, मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों में सामग्री संग्रहण एवं वितरण कराना, बंद स्ट्रीट लाइट शुरू कराना, संभावित अतिवृष्टि के संबंध में तैयारी करना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों का सत्यापन पूर्ण करना इत्यादि सम्मिलित हैं। वीसी में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र धाकड़, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाड़ियां, उपखंड अधिकारी डूंगरपुर साबरमल अबासरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# पण्ड़ित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल परववाड़ा आज से शुरू

**●24 जून से 9 जूलाई तक होंगा पखवाड़ा आयोजित**

**डूंगरपुर(पुकार)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा मंगलवार से प्रारंभ होगा। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित किए जाएंगे,जिसमें विभिन्न विभागों की 63 गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित दिवस अनुसार ग्राम पंचायत मुख्यालय पर प्रातः9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़ा की सफल क्रियान्विति के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेशचन्द्र धाकड़ को सम्पूर्ण गतिविधियों के लिए जिला नोड़ल अधिकारी तथा संयुक्त निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग डूंगरपुर) को तकनीकी नोडल अधिकारी नियुक्त किया। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित उपखण्ड़ अधिकारी को अपने कार्यक्षेत्र में सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी एवं सम्बन्धित तहसीलदार व खण्ड़ विकास अधिकारी और सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने सभी सम्बन्धित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को इस पखवाड़े के दौरान अपने विभाग की गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए प्रशासनिक आदेश जारी करने तथा अपने विभागों की गतिविधियों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए हैं। सम्बन्धित विभाग अपने स्तर पर नोडल अधिकारी का नाम,पदनाम, एवं मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**पर्यवेक्षक नियुक्तः**-पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबंल पखवाड़ा के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निरीक्षण के लिए जिला स्तर से पंचायत समिति वार पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये है।

# माधवेश्वर शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ व पाटोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** स्थानीय प्रतापनगर, डूंगरपुर में स्थित माधवेश्वर शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष भोपालसिंह खुमानपुर ने बताया कि सुंदरकांड एवं पाटोत्सव पूर्णावर्ती की पूजा प्रतापनगर वासियों के सहयोग से इन सभी की उपस्थिति में विधिवत संपन्न हुई।

सुंदरकांड भजनकर्ता गोविन्द सोनी एवं पार्टी द्वारा संपन्न कराया एवं पाटोत्सव पूर्णावती की पूजा का कार्यक्रम निमेश जोशी कनबा के निर्देशन में उनके साथ अन्य 10



डूंगरपुर। शहर के प्रतापनगर में माधवेश्वर शिव मंदिर पाटोत्सव पूर्णावर्ती में भाग लेते धर्मप्रेमी। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

पंडितों के सहयोग से विधि पूर्वक संपन्न हुआ स इस पूजा के मुख्य यजमान डी.के.खेड़ा के साथ सहयोगी के के पंड्या रहे स उक्त दोनों दिन के कार्यक्रम में सभी प्रताप नगर एवं इंदिरा नगरवासियों हनुमान एवं शिवभक्त ने उपस्थित रहकर पूजा का लाभ लेते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

## संक्षिप्त समाचार

## श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर 11 दिवसीय श्री बृज वन वैदिक संस्कार शिविर संपन्न



**उदयपुर (पुकार)।** प.पू. ब्रह्मलीन महंत श्री 1008 श्री बृज बिहारी वन महाराज की पावन तपोस्थली उदयपुर का अमरनाथ श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर 11 दिवसीय श्री बृज वन वैदिक संस्कार शिविर आज सम्पन्न हुआ।

मंदिर अधिष्ठाता महंत तन्मय वन महाराज ने बताया कि इस शिविर में बच्चों को पूजा पाठ, उपासना, हवन इत्यादि के विषय में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त पूजा-पाठ करने का सही तरीका भी सिखाया गया। शिविर का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को धर्म के प्रति जागरूक करना और संस्कारित करना था। यह 10 दिन का आवासीय शिविर रहा जिसमें बच्चें 10 दिन तक मंदिर पर ही रहें, इसमें 65 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हुआ। प्रतिदिन सभी की ब्रह्ममुहूर्त से दिनचर्या शुरू हो कर महादेव की दोनों आरती, दिन भर पांच से छः वैदिक सत्र, योग, सांयकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा रात्रि में 9 बजे पश्चात शयन रहा। शिविर में श्री श्री 1008 ब्रह्मऋषि महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती महाराज, कठावला मठ (चावंड) और पं. गजेन्द्र व्यास (उज्जैन) का सानिध्य मिला, साथ ही पं. धीरज आमेटा, पं.अजय शास्त्री, पं. रवि नागदा, खुशवंत आमेटा (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ),प्रीतम सिंह चूंडावत (योग प्रशिक्षक) का प्रतिदिन महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अनिल छाजेड़ को प्रान्त के बेस्ट प्रेसीडेन्ट सहित क्लब को 13 अवार्ड मिलें



**उदयपुर (पुकार)।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 का वर्ष 2024-25 का आभार प्रदर्शन समारोह आदित्य जयपुर में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें वर्ष पर्यन्त सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्य करने वालें क्लबों,अध्यक्षों सचिवों एवं अनेक रोटेरियन को सेवा कार्य करने पर व्यक्तिगत अवार्ड प्रदान किये गये। समारोह में रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर के अध्यक्ष अनिल छाजेड़ को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के सर्वश्रेष्ठ प्रान्तीय अध्यक्ष के पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा क्लब को बेस्ट बुलेटिन का पुरूस्कार बुलेटिन संपादक ओ.पी.सहलोत,पीडीजी निर्मल सिंघवी को आदित्य स्तम्भ पुरस्कार,पीडीजी निर्मल कुणावत को पीडीजी अशोक गुप्ता गोल्ड मेडल अवार्ड,अध्यक्ष अनिल छाजेड़ को क्लब स्तर पर भी सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुस्कार, सर्वश्रेष्ठ सचिव के लिये भरत सरूपरिया,आदित्य डायमंड क्लब उत्कृष्टता पुरस्कार से क्लब के दीपक मेहता,डॉ. अजय मुर्डिया, डॉ. प्रदीप कुमावत,अजय अग्रवाल,गजेंद्र जोधावत को,क्लब को सार्वजनिक छवि एवं मार्क मैलोनी वार्षिक निधि के लिये प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

## इज्तिमाई सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन



**उदयपुर (पुकार)।** समाज सेवी ग्रुप शबाबे अहले सुन्नत को ओर से नवम्बर माह में दूसरा इज्तिमाई सम्मेलन (सामूहिक निकाह) उदयपुर में होगा। जिसके पोस्टर का विमोचन रविवार को मल्लातलाई स्थित चिश्तिया पब्लिक स्कूल में हुआ। मीडिया प्रभारी अब्दुल अजीज ने बताया कि दूसरा इज्तिमाई सम्मेलन 2 नवम्बर 2025 को उदयपुर में होगा। जिसके पोस्टर का विमोचन रविवार को हुआ। कार्यक्रम की सदारत मस्जिद के इमाम मोहम्मद इश्हाक अकबरी ने की। इस अवसर पर मस्जिद कमेटी,शबाबे अहले सुन्नत ग्रुप के सदस्य गण, शहर की मस्जिदों से आये इमामों सहित मौहल्ला वासियों की मौजूदगी में पोस्टर का विमोचन किया।

## धन और वर्चस्व से बड़ी है मानवता : प्रशान्त अग्रवाल

**उदयपुर (पुकार)।** नारायण सेवा संस्थान के हिरण मगरी, सेक्टर-4 स्थित मानव मन्दिर परिसर में त्रिदिवसीय 'अपनों से अपनी बात' कार्यक्रम के समापन सत्र में संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने उन दिव्यांगजन से वार्ता की जिनकी निःशुल्क सर्जरी, कृत्रिम अंग हाथ-पैर अथवा रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। इनमें से कुछ ऐसे भी थे जिनकी दिव्यांगता सुधार सर्जरी भी संस्थान में हुई और मोबाईल सुधार, सिलाई अथवा कम्प्युटर प्रशिक्षण के बाद उन्हें संस्थान द्वारा रोजगार से भी जोड़ा गया। संस्थान अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि व्यक्ति को जीवन में कई बार ऐसे दौर से गुजराना पड़ता है, जब वह हताश-निराश हो जाता है। लेकिन यह उनकी परीक्षा की घड़ी होती है, जिसमें उन्हें हौसले और हिम्मत से अपना कर्म करते रहना चाहिए। ईश्वर से कुछ मांगने की जरूरत नहीं है, वह बिना मांगे ही देने वाला है। शर्त यही है कि आप धर्म और न्याय के रास्ते पर चलें। कर्म ही धर्म है। दैनंदिन जीवन में मनुष्य से अनायास ही सही धर्म विरूद्ध कार्य भी हो जाते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हम जो भी करें, उस पर हमारी सतत निगाह रहे। धन, प्रतिष्ठा, वचर्स्व से भी बड़ी चीज है मानवता। इसी मानवता को जिसने अपने भीतर खोज लिया, उसका जन्म सार्थक हो गया।

## भाजपा देबारी मंडल ने मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**उदयपुर (पुकार)।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य, महान शिक्षाविद डॉ श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी के बलिदान दिवस के मौके पर देबारी मंडल के कार्यकर्ताओं की और से अमरख जी महादेव मंदिर परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। इसके पश्चात मंडल कार्यकारणी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शहर भाजपा संगठन द्वारा सुखाड़िया रंगमंच पर होने वाले प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के कार्यक्रम को लेकर रूप रख तय की। इस दौरान मंडल के सभी शक्ति केंद्र पर आगामी 2 दिन में बैठक करने के लिए निवेदन किया गया। इसके अलावा प्रत्येक शक्ति केंद्र की बैठक में अलग अलग पदाधिकारियों को दायित्व दिया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह राठौड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष नन्द लाल वैद, दूल्हे सिंह देवड़ा,मंडल उपाध्यक्ष प्रताप सिंह देवड़ा, सुरेश प्रजापत,किशन सिंह कितावत, निर्भय सिंह देवड़ा,महामंत्री छगन लाल मेघवाल, मदन मेनारिया, मंत्री उमेश चौधरी,चन्दन सिंह देवड़ा,खुशबू शर्मा,मंजू डांगी, शक्ति केंद्र संयोजक राजेंद्र बडाला, हरि सिंह चारण,कालू लाल गायरी,दीप सिंह राजपूत मौजूद रहे।

### राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को "संस्कृति रत्न" अलंकरण से नवाजा

# जनुभाई सामान्य व्यक्ति नहीं , वे शिक्षा जगत में क्रांतिकारी विचारों के वाहक थेः कटारिया




**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में पंजाब के राज्यपाल ''महामहिम गुलाबचंद कटारिया को मनीषी पंडित जनार्दन राय नागर संस्कृति रत्न अलंकरण समर्पण से सम्मानित किया गया। कटारिया को ये अलंकरण उनके भारतीय जीवन मूल्यों, सांस्कृतिक - नैतिक दृढ़ता और सेवा कार्यों के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया।

सम्मान के तहत कटारिया को अशोक स्तम्भ, भारत माता स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं एक लाख रूपये की नकद राशि दी गई। कटारिया ने एक लाख रूपये की नकद राशि पुनः विद्यापीठ के विकास के लिए भेंट कर दी।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुलाबचंद कटारिया, अध्यक्ष कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, महावीर कोटा ओपन विवि के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजली एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। जनुभाई का व्यक्तित्व आदर्शों की वो किताब है जो हर पीढ़ी का मार्गदर्शन करने का सामर्थ्य रखती है। संस्कार युक्त व्यक्तित्व निर्माण और साक्षर पीढ़ी को स्वरूप दे कर अंतिम को मुख्य धारा से जोड़ने का काम जनुभाई जीवन पर्यंत करते रहे। राष्ट्र भाव और असहाय की सहायता करके हम उनके विचारों को जीवंत बनाए रख सकते है। ये विचार बतौर मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाबचंद कटारिया ने व्यक्त किए।

कटारिया ने कहा कि पंडित जनार्दन राय नागर कोई सामान्य व्यक्ति नहीं थे, वे शिक्षा जगत में क्रांतिकारी विचारों के वाहक थे। उन्होंने शिक्षा को सेवा का माध्यम बनाया और समाज के वंचित वर्गों तक ज्ञान की रोशनी पहुंचाई। उन्होंने कहा कि किसी असहाय की सहायता करना और किसी अशिक्षित को शिक्षा देना ही सच्ची मानव सेवा है। कटारिया ने कहा किया कि वे स्वयं इस विद्यापीठ से शिक्षक, कार्यकर्ता और विद्यार्थी के रूप में जुड़े रहे हैं और यह सम्मान उनके लिए व्यक्तिगत रूप से अत्यंत भावनात्मक है।

कुलपति कर्नल प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने प्रशस्ति पत्र का वाचन करते हुए कहा कि संस्कृति, संस्कार जीवन के शाश्वत मूल्य है। हमारी संस्कृति में भौतिक और आध्यात्मिक का समावेश है ।जो समाज के लिए उपयोगी और मार्गदर्शक के रूप में दृष्टिगोचर होती है। जनुभाई का दर्शन सामाजिकता, संस्कृति का समावेश है जो समावेशी होने के साथ नारी सशक्तिकरण ,वंचितों को आगे लाने के प्रयासों का प्रतिबिंब है।

कुलाधिपति गुर्जर ने कहा कि राजस्थान का यह सौभाग्य है कि गुलाबचंद कटारिया जैसे व्यक्तित्व को संस्कृति रत्न अलंकरण प्रदान कर उसे गौरवान्वित किया गया है। यह सम्मान विद्यापीठ के संस्थापक पं. जनार्दन राय नागर जी की परंपरा और मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास है।'''

समारोह में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, भाजपा नेता एवं समाजसेवी अतुल चण्डालिया, प्रो. रेणु राठौड़, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, डॉ. कला मुणेत, डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड, प्रो. आईजे माथुर, डॉ. हेमेन्द्र चैधरी, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. मंजु मांडोत, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. अमी राठौड़ सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर व शहर के गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इंदु बाला आचार्य ने किया।

## पेड़ लगाओ जीवन बचाओ अभियान 2 का शुभारंभ



**उदयपुर (पुकार)।** जैन युवा मित्र संस्थान उदयपुर के द्वारा शील गुरूणी संयम शताब्दी समारोह महाश्रमण पूज्य गुरुदेव जिनेंद्र मुनि जी महाराज सभी गुरु भगवंतो की प्रेरणा से जैन युवा मित्र संस्थान उदयपुर के द्वारा उदयपुर में दूसरी बार पेड़ लगाओ अभियान-2 का शुभारंभ पंजाब के राज्यपाल एवं प्रशासक चंडीगढ़ गुलाबचंद कटारिया के कर कमलों द्वारा विद्या निकेतन स्कूल हिरण मगरी सेक्टर 4 में किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक संजय भंडारी ने कहा हैं सभी मिलकर पांच पेड़ लगाने की जिम्मेदारी लेनी है,अध्यक्ष पवन कुमार मेहता ने बताया कि इस अभियान में अधिक से अधिक सदस्य जुड़े 1008 पेड़ लगाने का लक्ष्य उदयपुर के अलग-अलग क्षेत्र में रखा गया है। संयोजक राजेंद्र जी छाजेड और मनीष भादविया ने बताया 201 ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे जिससे पेड़ सुरक्षित रह सके संरक्षक श्याम झगड़ावत, जीवन सिंह सराफ, मुख्य सहलाकर हिम्मत सिंह मेहता, प्रफुल मेहता, महेंद्र पोखरना, पी.सी जैन, अनिल जारोली विजेंद्र कोठारी, चित्रेश भंसाली, कपिल खोखावत, महावीर चोपड़ा ने भी पेड़ लगाकर कार्यक्रम में भाग लिया।

## राज्यपाल कटारिया से सुरो की मण्डली ने उदयपुर में संगीत संग्रहालय की स्थापना की मांग की

**उदयपुर (पुकार)।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को उदयपुर में संगीत संग्रहालय की स्थापना और उसके लिए सरकारी भवन या भूमि के आवंटन के लिए उदयपुर की संगीत प्रमियों की संस्था सुरों की मंडली ने पत्र दिया है। सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने सोमवार को गुलाबचंद कटारिया से मुलाकात कर उन्हें प्रार्थना पत्र सौंपा। इस पर गुलाबंचद कटारिया ने सकारात्मक प्रतिकिया देते हुए सुरों की मंडली की प्रयासों की सराहना करते हुए इसे पर्यटन और सांस्कृतिक समृद्धता के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने इस संबंध में सहयोग का आश्वासन दिया है ।

## साधु-भगवंतों द्वारा दी गई जिनवाणी के पथ पर चलने का संकल्प ले श्रावक-श्राविका :कटारिया

### अतिथियों ने शील संयम स्मारिका का विमोचन किया



**उदयपुर (पुकार)।** अखिल भारतवर्षीय श्री गुरु पुष्कर संगठन समिति के तत्वावधान में जीवदया प्रेमी, जिन शासन चंद्रिका, परम विदुषी साध्वी शील कंवर महाराज का संयम शताब्दी महोत्सव विद्या निकेतन स्कूल सेक्टर 4 में बड़े धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष संजय भण्डारी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर विधायक ताराचंद जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम में महाश्रमण गुरुदेव जिनेंद्र मुनि महाराज, ज्ञानयोगी प्रज्ञा महर्षि उपाध्याय पूज्य रमेश मुनि महाराज, सेवाभावी दीपेश मुनि महाराज, ओजस्वी वक्ता रविंद्र मुनि नीरज, पंन्यास प्रवर मुनि निरागरत्न महाराज, आदि ठाणा एवं उदयपुर में विराजित सभी साधु साध्वियों का पावन सानिध्य एवं आशीर्वचन प्राप्त हुआ। साथ ही गुरुदेव एवं गुरुनी के जयकारों से पूरे सभागार को गुंजायमान कर दिया।

अध्यक्ष संजय भण्डारी ने बताया कि साध्वी शील कंवर महाराज के संयम शताब्दी महोत्सव में 8 दशक से समाज की सेवा करने वाले 30 जोड़ों का मेवाड़ी पगड़ी, माला, शॉल, उपरणा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में उदयपुर, सूरत, अहमदाबाद, मंदसौर, इंदौर, नांदेशमा, ढोल, कमोल, सायरा, सिंघाड़ा, पदराड़ा, तरपाल, बगडूंदा, बाघपुरा, झाड़ोल, मादड़ा से करीब 400 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में समय से पूर्व आने वाले 50 श्रावक-श्राविकाओं को चांदी के सिक्के कुन्दन चोरडिया भुवाणा द्वारा प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि कटारिया ने समारोह में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को जैन एकता की सीख दी तथा साध्वी शील कंवर महाराज व पुष्कर मुनि महाराज के पावन सानिध्य में संगठित जैन समाज की बात कही। साथ ही कहा कि साधु-भंगवतों द्वारा दिए गए उपदेशों की हमेशा पालना करनी चाहिए। उन्होंने शताब्दी समारोह के आयोजकों को ऐसे भव्य व व्यवस्थित आयोजन करने के लिए शुभकामना प्रेषित की। साथ ही साधु भगवंतों द्वारा दी गई जिनवाणी के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। शहर विधायक ताराचंद जैन ने समिति को सुन्दर आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर संजय भण्डारी, श्याम झगड़ावत, प्रवीण पोरवाल, नरेन्द्र सेठिया, दलपत सोलंकी, लोकेश कोठारी, राजेन्द्र हिंगड़, सीपी पोरवाल, पवन मेहता, नरेन्द्र सिंघवी, लता भण्डारी, कुसुम झगड़ावत, जीवल पोरवाल सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

### पंजाब के राज्यपाल कटारिया ने मेवाड़ हार्मनी ग्रुप द्वारा पीपीपी मोड पर बनाई सड़क का किया उद्घाटन

# शहर में एक और औद्योगिक क्षेत्र का विकास होः राज्यपाल कटारिया




**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ हार्मनी ग्रुप द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में निर्मित कराई गई सड़क का सोमवार को पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने उद्घाटन कर सड़क को जनता को समर्पित किया।

उद्घाटन के पश्चात यूसीसीआई में आयोजित यूसीसीआई में उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के पी.पी.सिंघल सभागार में दक्षिण राजस्थान के उद्यमियों के साथ एक संवादात्मक बैठक का कार्यक्रम में बोलते हुए राज्यपाल कटारिया ने कहा कि मेवाड़ हार्मनी द्वारा पीपीपी मोड पर बनाई गई यह सड़क वाकई में क्षेत्र के विकास में और प्रदूषण नियंत्रण में कारगर साबित होगी। उन्होंने उदयपुर के विकास के लिए एक और नया इंडस्ट्रियल एरिया को डेवलप करने की बात कही। साथ ही कहां थी जो भूमि अभी इंडस्ट्रियल एरिया में पड़ी है उसका भी कैसे सदुपयोग हो इसके बारे में भी विचार करना चाहिए। ऐसे कार्य अनवरत चलने चाहिए।

उन्होंने कहा कि मेवाड़ हार्मनी ग्रुप जनहित के अनेक कार्य करता रहा है। जिसमें यह सबसे बड़ा कार्य है। सरकार में रहते हुए पीपीपी मोड पर उन्होंने भी कई स्कूलों अस्पतालों में काम करवायें लेकिन पीपीपी मोड पर सड़क बनाना यह पहली बार उनकी जानकारी में आया है। इस संबंध में वह राज्य सरकार से बात कर इस तरह के प्रोजेक्ट को प्रोत्साहन देने की बात कहेंगे। उन्होंने रीको और यूसीसीआई को इस कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्य होने से निश्चित ही क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उदयपुर में मेवाड़ हार्मनी जैसे दानदाताओं और भामाशाहों की कोई कमी नहीं है। वह राज्य सरकार के साथ मिलकर इस तरह के कार्यों को बढ़ावा देने का आग्रह करेंगे। आज हमें इस बात को समझना होगा कि राज्य सरकारों को जनता को साथ में लेकर काम करना है। दानदाताओं की पीड़ाओं को भी समझना होगा। दानदाता प्रोजेक्ट लेकर सरकारी विभागों के चक्कर काटते रहते हैं लेकिन उन्हें महत्व नहीं दिया जाता। कटारिया ने कहा कि जब वह शिक्षा मंत्री थे तब उन्होंने दानदाताओं के सहयोग से विभिन्न सरकारी विद्यालय में कई काम करवाए। लगभग 200 करोड़ से अधिक रुपए प्रतिवर्ष स्कूलों में दानदाताओं द्वारा प्राप्त होते थे। दानदाताओं को प्रोत्साहन देने के लिए उन्होंने भामाशाह सम्मान योजना शुरू करवाई जो आज तक चल रही है।

कटारिया ने पीपीपी मोड पर उदयपुर के विकास की चर्चा करते हुए कहां की हमारे एमबी जनरल हॉस्पिटल में 100 करोड़ से अधिक के कार्य भामाशाहों द्वारा करवाए गए हैं आज कोई भी मशीन ऐसी नहीं है जो अन्य जगहों पर हो और हमारे हॉस्पिटल में उपलब्ध नहीं हो। इसी तरह का काम उन्होंने आयड नदी में भी किया।

यूसीसीआई अध्यक्ष मनीष गलुंडिया ने कहा कि पीपीपी मोड पर बनी यह सड़क मात्र सड़क नहीं है बल्कि यह भविष्य के विकास को दर्शाने वाला एक मॉडल है। यह सड़क आने वाले समय में इस एरिया में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। इस सड़क के माध्यम से और लोगों का जुड़ाव होगा एवं प्रदूषण नियंत्रण में भी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यूसीसीआई ने इससे पूर्व भी पीपीपी मोड पर कई कार्य किए हैं जिनमें बच्चों को स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी कार्य एवं डंपिंग यार्ड बनाना शामिल है। पीपीपी मोड पर बनी यह सड़क वाकई में क्षेत्र के विकास में और प्रदूषण नियंत्रण में कारगर साबित होगी। उन्होंने उदयपुर के विकास के लिए एक और नया इंडस्ट्रियल एरिया को डेवलप करनें की बात कही, साथ ही कहां कि जो भूमि अभी इंडस्ट्रियल एरिया में पड़ी है उसका भी कैसे सदुपयोग हो इसके बारे में भी विचार करना चाहिए।

समारोह में पूर्व विशिष्ट अतिथि रीको की प्रबन्ध निदेशक श्रीमती शिवांगी स्वर्णकार, सेलो वर्ल्ड लिमिटेड के सीएमडी प्रदीप घीसूलाल राठौड़, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव पी.एन. भंडारी, यूसीसीआई के संरक्षक बी.एच. बापना,रीको जयपुर के महाप्रबन्धक डी.के.शर्मा, रीको महाप्रबधक अजय पण्ड्या ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कई सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन साक्षी जैन ने किया। प्रारंभ में दीप प्रज्वलन के रस्म के बाद अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर यूसीसीआई महासचिव अशीष छाबड़ा सहित अनेक उद्योगपति मौजूद थे।

# दो दिवसीय पिम्स जेनेसिस 2025 कल्चरल फेस्ट का समापन

### संगीतकार अमित त्रिवेदी ने जमाया मंच, कॉमेडियन ने खुब हंसाया





**उदयपुर (पुकार)।** कलाकारों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों और डीजे की धमाल के बीच छात्र–छात्राओं को खूब थिरकाया। गानों पर सबने साथ दिया और यब साथ में झूमे। इस खास नाईट में गीतों के बीच जब कॉमेडियन मंच पर आए तो उन्होंने सबको हंसाते हुए लोट–पोट कर दिया। हर प्रस्तुतियों पर तालियों और हूटिंग ने माहौल में जोश भर दिया।

मौका था उदयपुर के पिम्स मेडिकल कॉलेज उमरड़ा के मेगा इवेंट जेनेसिस के समापन समारोह का। शिल्पग्राम रोड स्थित मेवाड़ बैंक्विट हॉल में हुई नाईट में जमकर धमाल मचाई गई।

बालीवुड के संगीतकार व गायक अमित त्रिवेदी जैसे ही मंच पर आए तो उनको सुने के लिए स्टूडेंट बेताब थे। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने खूब धमाल मचाई। अमित त्रिवेदी ने जब मंच संभाला तो तालियों की गड़गड़ाहट से स्टूडेंट ने उनका स्वागत किया। अमित ने जब नमो नमो शंकराऽसुनाया तो सब उनकी आवाज और इस गीत की भक्ति में डूबते हुए उनका साथ दे रहे थे। अमित चौधरी ने उई अम्मा उई अम्माज, चौधरी... गीत सुनाए तो सबको बहुत पसंद आया। चौधरी के राजस्थानी फोक के एलिमेंट्स को मॉडर्न म्यूजिक के साथ जोड़ते हुए चौधरी... गाना जब सुनाया तो स्टूडेंट जमकर थिरके। माहौल का मिजाज भांपते हुए अमित ने अपने सुने वालों को भी निराश नहीं किया और एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी।

इसे पहले पिम्स के एमडी नमन अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। दो दिवसीय जेनेसिस 2025 कल्चरल फेस्ट के समापन में दुबई के सुपरस्टार बॉलीवुड डीजे शैडो, स्टैंडअप कॉमेडियन इंदर साहनी, कॉमेडियन वालिया, डीजे स्विज़ल, डीजे कियारा, पोमेडी, गीतकार और कहानीकार रणमल जैन की प्रस्तुतियों को भी बहुत पसंद किया गया। डीजे की प्रस्तुतियों पर पूरा बैंक्विट हॉल में जो मौजूद था उसे थिरकते देखा।

इस मौके पर चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल, सीईओ शीतल अग्रवाल, वाईस चांसलर डॉ. प्रशांत नाहर, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र जैन, प्रिंसिपल डॉ. सुरेश गोयल, बोर्ड मेंबर डॉ. भगवान दास राय और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## उम्मीदवारों की सूची जारी, मतदान 29 को

**उदयपुर (पुकार)।** अंजुमन तालीमुल इस्लाम कमेटी के आगामी तीन वर्षों के लिए चुनाव को लेकर चुनाव कंवीनर एडवोकेट अमजद खान ने फाईनल उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है जिसके चलते चुनाव के लिए मतदान 29 जून को अलीपुरा मस्जिद स्थित रजा बाग में जनरल हाउस के 302 मतदाता अपना मतदान करते हुए अंजुमन कमेटी का चुनाव करेंगे। चुनाव कंवीनर एडवोकेट अमजद खान ने बताया कि सदर पद के लिए चार उम्मीदवार मेहमूद खान, मोहम्मद खलील, मुख्तार अहमद कुरैशी व तबरेज खान, सैक्रेट्री पद के लिए चार उम्मीदवार मोहम्मद फारूक, एडवोकेट मुस्तफा शेख, तौसीफ हुसैन, इंजीनियर उमर फारूख, नायब सदर पद पर तीन उम्मीदवार फारूक कुरैशी, मोहम्मद इलियास, डॉ. सैयद खुर्शीद अहमद, जोइन्ट सैक्रेट्री पद के लिए तीन उम्मीदवार ए.आर. इजहार हुसैन, मोहम्मद इरफान, एडवोकेट नवेदुज्जमा ने अपनी दावेदारी पेश की। साथ ही काबिना मेम्बरान के पद लिए एडवोकेट आदिल शेख, अब्दुल लतीफ शेख, फखरूद्दीन, फिरोज बशीर खान, इरशाद अहमद, मकरानी इमरान, मेहबूब हुसैन, मोहम्मद अनीस अब्बासी, मोहम्मद अनीस रजा, मोहम्मद अजहर मन्सूरी, मोहम्मद हनीफ शेख, मोहम्मद इकबाल सिपाही, मोहम्मद शहजाद, डॉ. सैयद इरशाद अली, सैयद मोहम्मद हुसैन-जुबली, शाहबाज हुसैन, सिराज खान पठान, तनवीर चिश्ती, एडवोकेट तौकीर मोहम्मद ने अपनी दावेदारी पेश की है। जिसके लिए मतदान 29 जून रविवार को होगा।

## लेक्रोज खिलाड़ियों ने मनाया ओलंपिक डे, खेले प्रदर्शनी मैच



**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप खेलगांव उदयपुर में जनजाति विकास विभाग, खेल परिषद एवं राजस्थान लेक्रोज संघ के संयुक्त तत्वावधान में जारी राज्य स्तरीय ग्रीष्मकालीन लेक्रोज प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान लेक्रोज संघ के अध्यक्ष अशोक परनामी के निर्देशानुसार प्रतिभागियों ने केक काट ओलंपिक दिवस मनाया। प्रशिक्षक नीरज बत्रा के मार्गदर्शन में विभिन्न आयु वर्गों के प्रदर्शन मैच खेले। इन मैचों में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुनीता मीणा, जुला कुमारी गुर्जर, डाली गमेती, मीरा दौजा, विशाखा मेघवाल, हेमलता डांगी, मोहन लाल गमेती, खुमाराम गमेती, राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों सहित 10वर्षीय शांता गमेती, दुर्गा गमेती, रेखा गमेती, प्रवीण गमेती, सागर गमेती, सुशीला गमेती, भरत गमेती की भागीदारी रही । मैचों के पश्चात उदयपुर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी एवं आयुक्त जनजाति विकास विभाग शक्ति सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल, प्रधानाचार्य राउमावि धार डॉक्टर सत्यनारायण सुथार, प्रधानाचार्य राउमावि ऊंकार-शिशवी, भावना बत्रा, चेतन वैष्णव, लोकेश गवारिया, कमलेश आमेटा आदि उपस्थित थे ।

## भाटों का सायरा अब रावों का सायरा नाम से जाना जाएगा

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य सरकार ने राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 16 के प्रावधानों के तहत एक अधिसूचना जारी कर जिले की सायरा तहसील अंतर्गत राजस्व ग्राम भाटों का सायरा का नाम परिवर्तित करते हुए इसे रावों का सायरा कर दिया है। शासन उप सचिव हरि सिंह मीणा द्वारा जारी अधिसूचना में भू-राजस्व अधिनियम की धारा 107 के अंतर्गत राजस्व ग्राम के नाम परिवर्तन से प्रभावित अभिलेखों के परिशोधन हेतु जिला कलेक्टर को अधिकृत किया गया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.